वर्ष 09 अंक 354
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
1 अक्टूबर 2024
मूल्य: 4 रुपये


# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर




nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHI/2015/65411
डाक पंजीयन सं.-DL(S)-17/3531/2018-20



03 'आप' ने अपराधी गिरोहों की जबरन वसूली से संबंधित हिंसा को लेकर ..
06 हिमालय के संरक्षण पर केंद्रित सोनम वांगचुक की लेह से दिल्ली पदयात्रा
11 कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने







"जिंदगी में हम कितने सही और कितने गलत है, ये सिर्फ दो ही शख्स जानते है।"



Saurabh Shivhare

# मोदी सरकार उद्योगपतियों के लिए काम कर रही, कांग्रेस बदलाव लाएगी : राहुल



**चंडीगढ़,** (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को किसानों के कल्याण, अग्निपथ योजना और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाएगी और बदलाव लाएगी।

अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई कांग्रेस और भाजपा की विचारधाराओं के बीच है। उन्होंने कहा, ''एक तरफ (कांग्रेस) न्याय और दूसरी तरफ (भाजपा) अन्याय है।''

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जैसे ''सुनामी आती है, वैसे ही गौतम अदाणी के बैंक खाते में पैसे आते रहते हैं'', जबकि आम आदमी संघर्ष करता रहता है। रैली के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा भी उपस्थित थे। विपक्षी दलों द्वारा कांग्रेस के प्रदेश संगठन में कलह को लेकर दावे किए जाने के बीच हुड्डा और सैलजा को एक मंच पर लाकर कांग्रेस ने एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया।

रैली के समापन पर राहुल गांधी ने यह सुनिश्चित किया कि मंच पर मौजूद सैलजा और हुड्डा सहित सभी नेता एकजुटता दिखाने के लिए एक साथ हाथ उठाएं। रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान ''बदलने'' की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका ''अपमान'' करते हैं।

भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह सरकार बड़े उद्योगपतियों की है। उन्होंने कहा, ''हरियाणा में हमें ऐसी सरकार नहीं चाहिए, बल्कि किसानों, मजदूरों और गरीबों की सरकार चाहिए।''

अमेरिका की अपनी हालिया यात्रा का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने वहां हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की] जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे, क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे थे।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह देखना महत्वपूर्ण है कि कितना पैसा गरीब और आम लोगों की जेब में आ रहा है और कितना बाहर जा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा, ''आपको यह पूछना होगा कि क्या आपकी जेब से अधिक पैसा जा रहा है या आपकी जेब में अधिक पैसा आ रहा है?'' उन्होंने दावा किया, ''अदाणी जी के बारे में सोचिए। वह सुबह उठते हैं, खेत में काम नहीं करते, हल नहीं चलाते, छोटा-मोटा धंधा नहीं करते, बढ़िया खाना खाते हैं, आलीशान घर में रहते हैं और 24 घंटे, उनके बैंक खाते में पैसे आते रहते हैं, बिना रुके। जैसे सुनामी आती है, वैसे ही उनके बैंक खाते में पैसे आते रहते हैं।'' उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, आम लोगों के बैंक खातों से पैसा ''तूफान की तरह'' बाहर जा रहा है।

राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस किसानों, गरीबों और मजदूरों के हितों की रक्षा करती है, जबकि भाजपा बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाती है।

# संविधान 'बदलने' की बात करने वालों को बदल देना चाहिए : प्रियंका गांधी



**अंबाला**, (भाषा) कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान ''बदलने'' की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका ''अपमान'' करते हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली चुनावी रैली में उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा की है। उन्होंने कहा, 'किसानों, जवानों और खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बरकरार रखा है।''

उन्होंने आरोप लगाया, ''भाजपा पिछले 10 वर्षों से हरियाणा में सरकार में है। उन्होंने इस सम्मान की रक्षा के बदले में आपको क्या दिया? उन्होंने (भाजपा सरकार) हर स्तर पर आपका अपमान किया।''

उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से पूछा, ''यहां बहुत बेरोजगारी है। आपमें से कितने लोगों को रोजगार मिला।''

किसानों के मुद्दों पर भाजपा सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, ''आपने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आपको आंसू गैस के गोले मिले और आपको लाठियां मिलीं। आपकी बात नहीं सुनी गई।''

प्रियंका गांधी ने 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने के भाजपा सरकार के दावे पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि उन 24 में से 10 फसलें यहां नहीं उगाई जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''आपको धोखा दिया गया।''

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि लोग महंगाई से लड़ रहे हैं और संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''सरकार आपके लिए कुछ नहीं कर रही है। जहां भी देखें, घोटाले पर घोटाले देखने को मिलते हैं। आज आपका भविष्य क्या है।''

उन्होंने कहा, ''अगर आप न्याय चाहते हैं, तो इस सरकार को उखाड़ फेंकिए। इस सरकार को हटा दीजिए। आपको इस सरकार से कुछ भी नहीं मिला।''

प्रियंका गांधी ने कहा, ''संविधान ने आपको सम्मान दिया है। संविधान ने आपको अधिकार दिया है। आप उन लोगों को बदल दीजिए, जो संविधान बदलने की बात करते हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''भाजपा (सत्ता से) जा रही है, कांग्रेस आ रही है।''

महिला पहलवानों के मुद्दे का उल्लेख करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, ''वे ओलंपिक में खेलती हैं। वे कड़ी मेहनत करती हैं। उनके साथ क्या किया गया? उन्हें सड़कों पर बैठने के लिए मजबूर किया गया। प्रधानमंत्री उनसे मिलने के लिए पांच मिनट भी नहीं निकाल पाए।''

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि लोग महंगाई से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार मदद के लिए कुछ नहीं कर रही है।

हरियाणा की 90 विधानसभा सीट के लिये मतदान पांच अक्टूबर को है और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी।






## न्यूज ब्रीफ

### महाराष्ट्र सरकार ने देसी गायों को 'राज्यमाता-गोमाता' घोषित किया

मुंबई, (भाषा) महाराष्ट्र सरकार ने वैदिक काल से देशी गायों के महत्व को देखते हुए सोमवार को उन्हें 'राज्यमाता-गोमाता' घोषित किया। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब राज्य विधानसभा चुनाव जल्द होने की संभावना है। मुंबई में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संवाददाताओं को बताया कि देसी गायों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया है। फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को इन गायों के लिए चारा भी उपलब्ध कराएगी। राज्य मंत्रिमंडल ने वैदिक काल से देसी गायों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौशाला संचालकों को प्रति गाय 50 रुपये प्रतिदिन अनुदान देने के पशुपालन विभाग के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

# बनारस क्योटो तो बना नहीं, जो था वो भी रहा नहीं : अखिलेश यादव



**लखनऊ,** (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गंदगी का मामला उठाते हुए कहा कि बनारस क्योटो तो नहीं बना, जो था वो भी रहा नहीं।

सपा प्रमुख ने सोमवार को 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा की जिसमें नगर निगम के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के बीच सोनिया तिराहा स्थित कूड़ा घर के सामने पूरी सड़क पर फैला हुआ कूड़ा दिखाई दे रहा है।

यादव ने इस तस्वीर के साथ अपने पोस्ट में लिखा, "ये है देश के प्रधान संसदीय क्षेत्र का हाल, सड़क को कूड़ा-घर समझने की भूल न की जाए। ये है 'स्वच्छ भारत'? बनारस क्योटो तो बना नहीं, जो था वो भी रहा नहीं। आशा है इस पोस्ट के प्रकाशित होने के बाद कल तक ये स्थान साफ़-सुथरा हो जाएगा।"

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए दावा किया, "भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार तो काम करती नहीं है, विपक्ष ही उससे काम करवाता है। ऐसा पहली बार हुआ है कि जनता अपना काम करवाने के लिए विपक्ष के पास आ रही है।"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी को जापान के शहर क्योटो की तर्ज पर स्मार्ट शहर में बदलने का वादा किया है। वाराणसी की तरह क्योटो, जिसे 10,000 तीर्थों का शहर कहा जाता है, एक तीर्थ स्थल है-और इसके बीच से एक नदी भी बहती है।

# भाजपा ने प्रधानमंत्री पर खरगे की टिप्पणी को 'अपमानजनक' बताया, कांग्रेस ने पलटवार किया



**नयी दिल्ली,** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को सोमवार को ''अत्यंत खराब और अपमानजनक'' करार दिया, जबकि मुख्य विपक्षी दल ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें मणिपुर, जातिगत जनगणना और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

कांग्रेस ने यह भी कहा कि खरगे ने कोई गलत बात नहीं की है और उनके कहने का तात्पर्य यह था कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाने के बाद राजनीति से संन्यास लेंगे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ''कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए'' खरगे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे। जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में रविवार को आयोजित एक रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत खराब हो गई लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने अपना भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं।

शाह ने खरगे की इस टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने भाषण में कल ''अत्यंत खराब और अपमानजनक व्यवहार'' किया।

शाह ने लिखा, ''कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए उन्होंने अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री मोदी को अनावश्यक रूप से घसीटा और कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी को हटाने से पहले नहीं मरेंगे।'' उन्होंने कहा कि खरगे की टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस के लोगों में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कितनी नफरत और डर है तथा वे लगातार उन्हीं के बारे में सोचते रहते हैं।

गृह मंत्री ने कहा, ''जहां तक खरगे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, तो मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ जीवन जिएं। वह अनेक वर्षों तक जीवित रहें। वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होता देखने के लिए जीवित रहें।'' शाह की इस टिप्पणी के बाद खरगे ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

# 40वीं वर्षगांठ पर दिव्या छाया ट्रस्ट ने दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया

## कार्यशाला में भाग लेने वाली महिलाओं और बच्चों ने बनाई आकर्षक पेंटिंग

## संस्था के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के इरादे से अंजोली की पेंटिंग की होगी नीलामी







नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**दिल्ली।** देश की जानी-मानी कलाकार अंजोली इला मेनन के निर्देशन में समाजसेवी संस्था दिव्य छाया ट्रस्ट ने अपनी 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में 25 महिलाओं और 7 बच्चों ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर सुंदर पेंटिंग बना कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन भी किया। वहीं इस कार्यशाला का निर्देशन करने वाली जानी-मानी कलाकार अंजोली जी ने माँ यशोदा और भगवान कृष्ण की एक मनमोहक पेंटिंग बना कर उसे दिव्य छाया ट्रस्ट को दान भी किया। कार्यक्रम के आयोजकों के मुताबिक अंजोली की इस पेंटिंग की नीलामी करके इससे होने वाली आय से ट्रस्ट की पहल को आगे बढ़ाया जाएगा। पेंटिंग कलाकारों की प्रतिभा को निकालने की इरादे से आयोजित की गई इस कार्यशाला के आयोजन में वंदना मेनन एवं मीरा गोयल ₹कृष्ण भक्त₹ के साथ ही संस्था की प्रमुख सहयोगियों के प्रयास सराहनीय एवं सार्थक रहे। अन्त में दिल्ली तथा अन्य शहरके प्रमुख कला पारखियों ने इस तरह के आयोजनों अपने आप में अनोखा और उल्लेखनीय बताते हुए कलाकारों को प्रोत्साहित भी किया। दिल्ली में इस तरह के आयोजन करने में यह संस्था अपना अग्नि स्थान रखती है और इसकी शाखाएं गोवर्धन तथा कोलकाता जैसे शहरों में भी बच्चों को कला कृतियां पेंटिंग बनाने की और प्रेरित और आकर्षित किया जाता है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन के कारण करीब 200 लोगों की मौत, बचाव अभियान जारी

**काठमांडू,** (भाषा) नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। इसके साथ ही राहत और बचाव अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह-जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। मायरिपब्लिका समाचार पोर्टल ने सशस्त्र पुलिस बल के हवाले से बताया कि लगातार बारिश, बाढ़, भूस्खलन और बाढ़ में कम से कम 204 लोग मारे गए हैं। इसने कहा कि इस आपदा में देश भर में 89 लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 33 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है।

# जल्द से जल्द करें जनता की समस्याओं का समाधान : मुख्यमंत्री

जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं सीएम ने सबको किया आश्वस्त, हर समस्या का अवश्य होगा निस्तारण



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी लोगों से मुलाकात और उनकी समस्या के समाधान का सिलसिला जारी रखा। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति की समस्या के समाधान में देरी नही होनी चाहिए। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे जल्द से जल्द जनता की समस्याओं का समाधान करें।

सोमवार को सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का निस्तारण अवश्य कराया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सामंजस्य के आधार पर करने का प्रयास करने को कहा।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं बच्चों के साथ पहुंची थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को खूब प्यार-दुलार किया। उन्हें चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया।

### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

सोमवार प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोसेवा करते हुए गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। सीएम योगी ने गोशाला के कार्यकताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

### बच्चों पर लुटाया प्यार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान परिजनों के साथ आए बच्चों को अपने पास बुलाकर उन्हें प्यार-दुलार दिया। बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ सीएम ने उनसे ठिठोली भी की। सबके माथे पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया और हमेशा की तरह उन्होंने बच्चों को चॉकलेट गिफ्ट किया।

# न्याय के दीप जलाएं- 100 दिनी सत्याग्रह का बीसवां दिन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**राजघाट,** वाराणसी न्याय के दीप जलाएं- 100 दिनी सत्याग्रह आज सुबह 6 बजे सर्वधर्म प्रार्थना के साथ अपने 20 वें दिन के पड़ाव पर पहुंच गया।झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के निवासी डा सुख चंद्र झा एवं विक्रम आज उपवास पर बैठे हैं। 70 वर्षीय डा सुख चंद्र 16 वर्ष की उम्र में जमशेदपुर आए और टाटा स्टील में काम करने लगे। इसी क्रम में 1977 से 2016 तक समाजवादी ट्रेड यूनियन हिंद मजदूर सभा में सक्रिय रहे। प्रख्यात समाजवादी किशन पटनायक द्वारा स्थापित समता संगठन से भी जुड़ाव बना। बाद के दिनों में समाजवादी जनता पार्टी और जनता दल यू के जिला महामंत्री के रूप में राजनीतिक भूमिका निभाई। 2009 में दलगत राजनीति से मुक्त होकर गांधी शांति प्रतिष्ठान,सर्व सेवा संघ तथा जिला सर्वोदय मंडल से जुड़कर सक्रिय हो गए। टाटा स्टील से अवकाश प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने झारखंड के इतिहास पर शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया। शोधपत्र पर आधारित हिंदी व अंग्रेजी में उनकी दो पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है।

डा सुख चंद्र ने बताया कि पिछले साल हमारे परिसर को ध्वस्त कर दिया गया। उसके खिलाफ एक साल के बाद हम लोग सत्याग्रह कर रहे हैं ।यूपी सरकार से, केंद्र सरकार से, और बनारस प्रशासन से मांग करता हूं कि सबसे पहले तो जनता से, देश से माफी मांगे। सरकार और प्रशासन ने न सिर्फ गांधी, जयप्रकाश और विनोबा, बल्कि पूरे देश की ऐतिहासिक विरासत पर हमला किया है। हमे हमारा परिसर सम्मान सहित वापस मिलना चाहिए। उपवास पर साथी सत्याग्रही विक्रम जमशेदपुर, झारखंड से हैं। । वे सामाजिक कार्यकर्ता हैं और बहुत सारे सामाजिक मुद्दों पर ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र के स्लम एरिया में कार्यरत रहे हैं।विक्रम नाट्य विधा के जरिए भी समाज को संवेदनशील बनाने में सक्रिय हैं। वे महसूस करते हैं कि समाज कार्य के लिए गांधी विचार से जुड़ा होना बहुत जरूरी है। अतः वे गांधी शांति प्रतिष्ठान और सर्वोदय से भी जुड़ गए हैं।

विक्रम यह सोचते हैं कि सरकार गांधी विचार से जुड़े सारी चीजों को मिटाने की कोशिश कर रही है । ऐसी स्थिति में यहां खड़ा होना जरूरी हो जाता है । सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि देश के लिए भी गांधी विचार जरूरी है। यही विचार देश में एकता, अखंडता कायम रखेगी। आए दिन हिंसा और नफरत की घटनाएं हम देख रहे हैं । इससे बचने के लिए जरूरी है कि हम गांधी विचार को बचाए। इसीलिए यहां पर हुए तोड़फोड़ के खिलाफ हम 100 दिन के सत्याग्रह पर बैठे हैं। उसमें एक दिन का हिस्सा बनकर मुझे बहुत ही खुशी महसूस हो रही है। उम्मीद है यह लड़ाई हम जीतेंगे।

आज के सत्याग्रह में संयुक्त किसान मोर्चा,आजमगढ़ के जिला संयोजक राजेश आजाद और दुखहरण राम शामिल होकर एकजुटता प्रकट किया। इस अवसर पर राजेश आजाद ने कहा कि सर्व सेवा संघ परिसर को गिराना एक शर्मशार करने वाली घटना है जिसे फासिस्ट सरकार ने अंजाम दिया है।यह केंद्र सिर्फ पूर्वांचल के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश का वैचारिक केंद्र था। यहां से किताबों के द्वारा ज्ञान का प्रकाश फैलाया जाता था जिसे अंधेरे में बदलने की साजिश की गई है।संयुक्त किसान मोर्चा आजमगढ़ में जमीन के लूट के खिलाफ संघर्ष कर रही है और राजघाट में भी जमीन लूट का प्रयास हुआ है। हम यहां साथ देने के लिए हैं ताकि संघर्ष मजबूत हो और सफलता मिले।

# राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में होंगे सप्ताहभर कई कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं

## युवाओं को रक्तदान की मुहीम से जोड़ने का होगा प्रयास, ग्रामीण क्षेत्र में होंगे रक्तदान शिविर आयोजित, नेगेटिव डोनर्स का होगा सम्मान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




**कोटा.** स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर लोगों में जागरुकता आए, भ्रांतियां दूर हो और नई सकारात्मक नीतियां सरकार द्वारा लाई जाए ताकि शत प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान संभव हो सके, इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 1 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। इसी के चलते कोटा शहर में भी मां भारती चैरिटेबल ट्रस्ट एवं अपना ब्लड सेंटर तलवंडी कोटा द्वारा शहर में विभिन्न कार्यक्रम सप्ताह भर आयोजित किए जाएंगे। मां भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष दिनेश विजय ने बताया कि कोटा में रक्तदान को लेकर काफी जागरुकता है लेकिन अभी भी और चेतना जाग्रत करने की आवश्यकता है। विदेश की तर्ज पर यहां भी रक्तदान करने के लिए लोग स्वतः ही ब्लड बैंक पहुंच रहे हैं और यह परिपाठी कोटा में शुरू हो गई है, जब लोग आफिस जाने से पूर्व या आफिस से छुट्टी होने के बाद रक्तदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सप्ताहभर जनजागृति के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें वाद विवाद प्रतियोगिता, पेटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम होंगे। इस दौरान नेगेटिव एसडीपी व रक्तदान करने वालों का सम्मान होगा। पोस्टर विमोचन, स्कूल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन आयोजन में टीम जीवनदाता , लॉयंस क्लब कोटा टेक्नो, जेसीआई, रोटरी, हाडौती ब्लड डोनर सोसायटी , रक्तकोष फाउंडेशन , स्वास्थ्य सेवा संस्था सहित कई संस्थाओं का सहयोग रहेगा।

### पाठ्यक्रम का हिस्सा हो ब्लड डोनेशन विषय

दिनेश विजय का मानना है कि कोटा शिक्षा नगरी है और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े होने से हमारा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से प्रयास रहेगा कि आगामी समय में हम सरकार से मांग करेंगे की 15 से 18 आयु वर्ष के युवाओं को ब्लड बैंक की विजिट कराई जाए, जो पाठ्यक्रम का हिस्सा हो साथ ही उनके पाठ्यक्रम में रक्तदान, एसडीपी एवं रक्त अवयव का विषय शामिल किया जाए ताकि युवाओं को शुरू से ही इस दिशा में जागरूकता आए और वह किसी की जान बचाने के लिए उपयोगी साबित हो सके.

### एक हजार नए नियमित डोनर्स किए तैयार

टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कोटा में 80 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान हो रहा है। जबकि इसे और भी बढ़ाया जाकर 100 प्रतिशत किए जाने की हमारी कोशिश सदा से ही रही है और आगे भी रहेगी। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि पिछले एक वर्ष में नए 1000 डोनर्स तैयार किए हैं, जिनकी संख्या आगामी समय में दो हजार किए जाने का लक्ष्य है। साथ नेगेटिव ग्रुप के डोनर्स को प्रोत्साहन देने के लिए उनका सम्मान किया जाएगा उनका संकलन को बढ़ाया जाएगा ।

### आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों में हो ब्लड ग्रुप की जानकारी

भुवनेश गुप्ता ने बताया कि आगामी समय में हमारा सरकार के माध्यम मांग रहेगी की ड्राइविंग लाइसेंस में भी ब्लड ग्रुप को इंगित किया जाना चाहिए साथ ही सरकार को वीडी कार्ड [वॉलंटरी डोनर] बनाने चाहिए, नई गाड़ी खरीदने पर कागजात में भी ब्लड ग्रुप होना चाहिए, आधार कार्ड में यदि ब्लड ग्रुप होगा तो किसी भी मरीज को दुर्घटना या बीमारी के समय ज्यादा परेशान होना नहीं पड़ेगा और जल्द ब्लड का इंतजाम हो जायेगा।

### कोटा संभाग में 17 ब्लड बैंक

दिनेश विजय ने बताया कोटा संभाग की बात करें तो यहां पर 17 ब्लड बैंक है, इन 1ब्लड बैंकों में 11 ब्लड बैंक कोटा में है जिसमें 9 ब्लड बैंक निजी क्षेत्र में है एवं दो ब्लड बैंक सरकारी है। इसके अलावा दो ब्लड बैंक झालावाड़ में है जबकि दो बूंदी और दो ब्लड बैंक बारां में संचालित किया जा रहा है।

### ससामाजिक कार्यक्रमों में रक्तदाताओ का सम्मान

दिनेश विजय बताते है कि क्यूंकि वे वैश्य समाज कोटा के जिलाध्यक्ष है सो अपने समाज से पहल करते हुई वे समाज के सभी डॉनर्स को हर सामाजिक कार्यक्रम में सम्मानित किए जाने की पहल करेंगे ताकि ये विषय जनआंदोलन का रूप ले सके ।

### युवाओं में सोशल मीडिया के माध्यम से कर रहे नई पहल

भुवनेश गुप्ता ने बताया कि हम एक नई पहल शुरू कर रहे हैं जिसमें 18 वर्ष पूर्ण होने पर पहली बार रक्तदान करने वाला युवा शपथ पत्र भरकर अपना ब्लड बैंक में आएगा तो उसे पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सभी जागरूकता संदेशों और विभिन्न माध्यमों से कोटा को 100 प्रतिशत रक्तदान हो सके यही राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हम सोशल मीडिया के माध्यम से पेज बनाकर, यू ट्यूब चैनल बनाकर काम करेंगे ताकी युवा सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़ सकें।

### पंचायत स्तर पर हो रक्तदान, ऐसा प्रयास होगा

उन्होंने कहा कि आगामी समय में हमारा प्रयास रहेगा कि हर ग्रामीण अंचल पर पंचायत स्तर पर वहां के प्रधान, सरपंच, वार्ड पंच तक रक्तदान को लेकर जागरूकता आए और हर पंचायत में काम से कम साल में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता आए और लोगों में जो भ्रांतियां हैं उससे मुक्ति मिल सके। किए जा रहे प्रयासों का ये परिणाम रहा कि अब ग्रामीण एस्टर पर कई शिविर लगाए जा रहे है और गांव के युवा शहर में आकर विशेष मौकों पर रक्तदान करके जाते है

# ममता ने दार्जिलिंग पर्वतीय क्षेत्र में चाय बागान श्रमिकों के बोनस मुद्दे में हस्तक्षेप से किया इनकार



**कोलकाता (भाषा)** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दार्जिलिंग के चाय बागान श्रमिकों के बोनस मुद्दे में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। दार्जिलिंग के चाय बागान श्रमिक 12 घंटे की आम हड़ताल पर थे।

मुख्यमंत्री ने कोलकाता के लिए रवाना होने से पहले सिलीगुड़ी में संवाददाताओं से कहा, मैं किसी हड़ताल का समर्थन नहीं कर रही। चाय बागान श्रमिकों की मांगों के सिलसिले में श्रम आयुक्त के साथ एक त्रिपक्षीय बैठक की जा रही है। वे (इस विषय पर) निर्णय लेंगे।

चाय बागान श्रमिक 20 प्रतिशत बोनस की मांग कर हैं, जबकि प्रबंधन ने केवल 13 प्रतिशत का प्रस्ताव किया, जिससे गतिरोध पैदा हो गया।

चाय बागान श्रमिकों का प्रतिनिधित्व कर रहे श्रम संघों ने बोनस के मुद्दे पर बातचीत के किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाने के बाद 10 घंटे के बंद का आह्वान किया था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस मुद्दे में हस्तक्षेप करेंगी, मुख्यमंत्री ने कहा, नहीं, मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। श्रम आयुक्त उनसे मिलकर इस मामले को सुलझा लेंगे। कुछ लोग राजनीतिक रूप से इसमें गड़बड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं। तराई और दुआर का मामला सुलझ गया है। मुझे उम्मीद है कि पर्वतीय क्षेत्र (हिल्स) का मामला भी सुलझ जाएगा।

कोलकाता में तीन दौर की बातचीत के बाद, तराई और दुआर के चाय बागान श्रमिकों के लिए 19 सितंबर को 16 प्रतिशत बोनस का निर्णय लिया गया था।

श्रम संघ के वरिष्ठ नेता समन पाठक ने कहा, प्रबंधन द्वारा पेशकश किया गया 13 प्रतिशत का बोनस स्वीकार्य नहीं है। हम 20 प्रतिशत से कम पर नहीं मानेंगे।

# कुमारस्वामी को राजनीति करने के बजाय नौकरियां सृजित करने पर ध्यान देना चाहिए : शिवकुमार



**बेंगलुरु (भाषा)** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी से अपना पूरा समय और ऊर्जा राजनीतिक क्रियाकलापों में लगाने के बजाय, राज्य में नौकरियां सृजित करने पर ध्यान देने का अनुरोध किया। आधिकारी के स्तर से सूचना लीक होने के कुमारस्वामी के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवकुमार ने कहा कि केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री को राजनीति करने के बजाय अपने विभाग का उपयोग करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, कुमारस्वामी को राज्य में 50 हजार से एक लाख नौकरियां सृजित करने पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी ने उन्हें एक अच्छा विभाग, इस्पात एवं भारी उद्योग दिया है। उन्हें अनावश्यक बयानबाजी करने के बजाय नौकरियां सृजित करने में इसका उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, राजनीति तो हमेशा रहेगी, लेकिन केंद्रीय मंत्री को काम करने पर ध्यान देना चाहिए, हालांकि वह इस अवसर को खो रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसआईटी) और लोकायुक्त एम चंद्रशेखर के खिलाफ कुमारस्वामी के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, चंद्रशेखर ही इसकी जांच कर रहे हैं और कुमारस्वामी इसकी जांच करवा रहे हैं।

# सोशल मीडिया का सबसे बड़ा बाजार है हिन्दी: डॉ. हंसराज सुमन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**दिल्ली विश्वविद्यालय** से संबद्ध अरबिंदो कॉलेज ने हिन्दी दिवस के समापन अवसर पर 'सोशल मीडिया का सबसे बड़ा बाजार है हिन्दी' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हंसराज सुमन ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया। मंच संचालन श्री सुनील कुमार राजस्थानी ने किया। इस अवसर पर हिंदी विषय का अध्ययन करने वाले खुशी यादव , प्रिया निगम , रोहित मंडल , हेमंत कुमार , शिवम शर्मा व सुनील कुमार आदि छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया ।

छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. हंसराज सुमन ने कहा कि सोशल मीडिया नव-जनसंचार माध्यम के रूप में हमारी जीवन शैली को बदल रहा है।

इंटरनेट के द्वारा समाज के हरेक व्यक्ति तक इसकी पहुँच हो गई है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन, विकिपीडिया, ब्लॉग, यूट्यूब, स्नैपचैट, हैशटैग आदि अनेक वेबसाइट हैं जिसके द्वारा जनसंचार की यात्रा आगे बढ़ रही है। हिन्दी भाषी समाज सोशल मीडिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता है।

सोशल मीडिया के नवीनतम प्रोग्राम को सबसे अधिक हिन्दी भाषा में ही प्रयोग किया जाता है। हिन्दी भाषी क्षेत्र व्यवसाय से लेकर शिक्षा के क्षेत्र तक तथा आपसी व्यवहार से लेकर प्रचार तक सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़ रहा है।

चुनाव प्रचार, राजनीतिक गतिविधि, जनता को प्रभावित करने की कोशिश और वोटिंग तक सोशल मीडिया के माध्यम से की जा रही है। इसलिए वर्तमान समय में सोशल मीडिया का सबसे बड़ा बाजार हिन्दी भाषी समाज है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर हिन्दी भाषा वैश्विक भाषा के रूप में अपना स्थान बना चुकी है।

डॉ.हंसराज सुमन ने आगे बताया कि आज हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली, पढ़ी-लिखी और समझी जाने वाली भाषा होने का गौरव प्राप्त कर ली है। हिन्दी भाषा की इस प्रगति के लिए सोशल मीडिया की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। डॉ सुमन ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया एक ऐसा नवविकसित जनसंचार माध्यम है जिसके द्वारा अपने भावों और विचारों को विश्व के किसी भी कोने में संप्रेषित करना संभव हो गया है।

डॉ. हंसराज सुमन ने छात्रों को यह जानकारी दी कि हिन्दी भाषा ने देश की विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य किया है। आज देश की 44% से अधिक आबादी हिन्दी भाषा का प्रयोग कर रही है। इसमें सोशल मीडिया का प्रयोग हरेक पढ़ा-लिखा व्यक्ति कर रहा है अर्थात हिन्दी क्षेत्र का वह व्यक्ति जिसके हाथ में मोबाइल है वह संपर्क और संदेश के लिए हिन्दी भाषा का प्रयोग कर रहा है।

डॉ.सुमन ने छात्रों को बताया कि देश में कोरोना काल में सोशल मीडिया ने जो भूमिका निभाई वह महत्वपूर्ण थी। व्हाट्सएप, फेसबुक, और अन्य माध्यमों ने इस भाषा को घर-घर पहुंचाने का काम किया था।

अब तो नेटवर्क पर कई ऐसी एप्लिकेशन भी विकसित हो चुकी हैं जो हिन्दी भाषा को सरल और सुगम बनाती हैं। अब सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से हिन्दी भाषा सीखने का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। आज हिन्दी भाषा ने न केवल भारत को एक सूत्र में पिरोया है बल्कि वह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और एकता के प्रतीक की महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रही है।

# 'आप' ने अपराधी गिरोहों की जबरन वसूली से संबंधित हिंसा को लेकर उपराज्यपाल से तत्काल बैठक की मांग की



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में गिरोहों से संबंधित जबरन वसूली के मामलों में तेज वृद्धि और कथित रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चर्चा के लिए सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सोमवार को उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से तत्काल मुलाकात की मांग की।

'आप' विधायकों ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा कि वे दिल्ली में गिरोह-संबंधी हिंसा और जबरन वसूली में हाल ही में हुई वृद्धि से चिंतित हैं। शहर के विभिन्न भागों में व्यापारियों को निशाना बनाकर गोलीबारी किए जाने की तीन घटनाएं सामने आने के बाद विधायकों ने यह मांग की है।

पुलिस के अनुसार, पिछले सप्ताह राजधानी में गोलीबारी की तीन घटनाएं हुईं। पश्चिमी दिल्ली के नारायणा में एक कार शोरूम के अलावा दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में एक होटल और मिठाई की दुकान में गोलीबारी हुई। ये सभी घटनाएं गिरोहों की जबरन वसूली की गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं।

पत्र में कहा गया है, ''हम, विधानसभा के सदस्य, दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति और गिरोह-संबंधी गतिविधियों में खतरनाक वृद्धि से बेहद चिंतित हैं, जो कि व्यापारियों/घरों पर गोलीबारी की तीन घटनाओं से स्पष्ट हो चुका है।''

पत्र में कहा गया है कि खुलेआम गोलीबारी और लोगों से जबरन वसूली के प्रयासों की ये घटनाएं न केवल दिल्ली को बदनाम कर रही हैं, बल्कि राजधानी होने के नाते देश की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

पत्र में लिखा है, ''इस मुद्दे पर दिल्ली विधानसभा के हालिया सत्र में विस्तार से चर्चा की गई। हम दशकों से दिल्ली में रह रहे हैं, लेकिन कानून-व्यवस्था इतनी खराब कभी नहीं देखी गई।' विधायकों ने सोमवार को तत्काल एक बैठक की मांग की ताकि कथित रूप से बढ़ती अराजकता को रोकने और दिल्ली में आम लोगों तथा व्यापारियों में विश्वास बहाल करने के लिए संभावित उपायों पर चर्चा की जा सके। बाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि आपराधिक गिरोहों के कारण दिल्ली के व्यापारी आतंकित हैं। उन्होंने कहा, ''दिल्ली के लोग शहर में कई सक्रिय गिरोहों की मौजूदगी से आतंकित हैं, जैसे कि नीरज बवाना गिरोह, बिश्नोई गिरोह, गोल्डी बराड़ गिरोह, भाऊ गिरोह, बॉक्सर गिरोह और कई अन्य।'' मंत्री ने कहा, ''समस्या पर चर्चा के लिए हमारे विधायकों ने उपराज्यपाल से सोमवार को बैठक का अनुरोध किया है और मुझे उम्मीद है कि उपराज्यपाल आज ही समय देंगे।''

भारद्वाज ने दावा किया कि इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि प्राथमिकी क्यों दर्ज नहीं की जा रही हैं। उन्होंने कहा, ''मैं एक पुलिस अधिकारी से बात कर रहा था और मुझे पता चला कि पिछले छह महीने में जबरन वसूली की लगभग 500 शिकायतें आई हैं। लेकिन 500 शिकायतों में से केवल 15 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।''

# आरजी कर मामला: न्यायालय ने सीसीटीवी लगाने और अन्य कार्य में 'धीमी गति' पर बंगाल सरकार की खिंचाई की

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अस्पतालों में सीसीटीवी लगाने और शौचालयों तथा अलग विश्राम कक्षों के निर्माण में 'धीमी' प्रगति पर सोमवार को अप्रसन्नता जताई और राज्य सरकार को काम को 15 अक्टूबर तक पूरा करने का निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किये गए मामले पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने पूर्व के अपने आदेश को दोहराया कि किसी भी मध्यस्थ मंच (सोशल मीडिया मंच) को पीड़िता का नाम और फोटो प्रकाशित करने की अनुमति नहीं है। सुनवाई शुरू होते ही वकील वृंदा ग्रोवर ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि मृत प्रशिक्षु चिकित्सक के माता-पिता सोशल मीडिया में बार-बार उसके नाम और तस्वीरों का खुलासा करने वाली क्लिप से व्यथित हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर पहले ही आदेश पारित कर चुकी है और आदेश को लागू करना कानून लागू करने वाली एजेंसियों का काम है। अदालत ने पूर्व के आदेश को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह सभी मध्यस्थ मंचों पर लागू होता है।

पीठ ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच में ठोस सुराग मिले हैं और उसने कथित बलात्कार और हत्या तथा वित्तीय अनियमितताओं दोनों पहलुओं पर बयान दिए हैं।



सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे कितने कर्मी कार्यरत हैं, जिनके खिलाफ जांच की जा रही है। अदालत ने उचित कार्रवाई के लिए राज्य सरकार के साथ जानकारी साझा करने को कहा।

अस्पतालों में सीसीटीवी लगाने, शौचालयों और अलग विश्राम कक्षों के निर्माण में पश्चिम बंगाल सरकार की प्रगति पर अप्रसन्नता जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यह ''धीमी'' है।

डॉक्टरों के विरोध के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल सरकार ने पीठ को बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर आंतरिक रोगी विभाग और बाह्य रोगी विभाग का काम नहीं कर रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने इस दलील का विरोध करते हुए कहा कि वे सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में हिस्सा ले रहे हैं।

शीर्ष अदालत ने मेहता को राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की प्रगति पर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया और बलात्कार-हत्या मामले में सुनवाई 14 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

शीर्ष अदालत ने 17 सितंबर को कहा था कि वह बलात्कार-हत्या मामले में सीबीआई द्वारा दाखिल वस्तु स्थिति रिपोर्ट में दिए गए निष्कर्षों से परेशान है, लेकिन विवरण देने से इनकार करते हुए कहा कि किसी भी खुलासे से जांच खतरे में पड़ सकती है।

नौ सितंबर को, शीर्ष अदालत ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के मामले में उसके समक्ष पेश रिकॉर्ड से ''चालान'' की गैरमौजूदगी पर चिंता व्यक्त की थी और पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। यह ''चालान'' प्रशिक्षु चिकित्सक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज था।

शीर्ष अदालत ने 22 अगस्त को अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार महिला डॉक्टर की अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में देरी पर कोलकाता पुलिस को फटकार लगाते हुए इसे ''बेहद परेशान'' करने वाला कहा था, और आगे के घटनाक्रम तथा प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के समय पर सवाल उठाए थे। शीर्ष अदालत ने डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार करने को लेकर 10 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने इस घटना को ''भयावह'' करार देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने में देरी और अस्पताल में हजारों लोगों द्वारा तोड़फोड़ के मुद्दे पर राज्य सरकार को फटकार लगाई थी।

# नरेला में चालक की गोली मारकर हत्या, एक गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके में एक चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सोनीपत निवासी सुनील उर्फ मोनू के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, उसे नरेला थाने में एक अस्पताल से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को हाथ में गोली लगी है और उसे मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हमें पता चला कि मृतक मोनू जॉली नामक व्यक्ति के लिए चालक के रूप में काम करता था। पूछताछ में पता चला है कि सुनील दहिया नामक व्यक्ति का जॉली की बेटी के साथ संबंध था।'' पुलिस ने बताया कि रविवार को दहिया जॉली के घर गया और उन्हें धमकाया, जिससे जॉली और उसके भाई प्रदीप को गुस्सा आ गया।

पुलिस ने बताया, ''शाम को प्रदीप, मोनू समेत कुछ अन्य लोगों के साथ



सिंघू बॉर्डर के पास दहिया के कार्यालय पर गया और वहां मौजूद कुछ कर्मचीरियों की पिटाई कर दी।

अधिकारी ने बताया, ''बाद में वे दहिया को तलाशते हुए उसके घर पर पहुंच गए, जहां कुछ लोगों ने प्रदीप, मोनू और उनके अन्य साथियों पर पीछे से हमला किया और उन पर गोलियां चला दीं।''

पुलिस के अनुसार एक गोली मोनू को लग गई जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

अधिकारी ने कहा, प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हमने सुनील दहिया को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।''

# दिल्ली की अदालत ने कोयला घोटाले में पांच आरोपियों को दोषी ठहराया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने झारखंड में दो कोयला ब्लॉक के आवंटन में कथित घोटाले से जुड़े एक मामले में सोमवार को पांच आरोपियों को दोषी ठहराया।

कोयला घोटाले से संबंधित 17वें मामले में फैसले में विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने रूंगटा प्रोजेक्ट लिमिटेड, इसके तत्कालीन प्रबंध निदेशक आर एस रूंगटा, संजय रूंगटा, टी एम अच्युतन और शंभूनाथ को दोषी ठहराया।

यह मामला केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के दौरान झारखंड में स्थित हुटार सेक्टर सी और हुरिलोंग कोयला ब्लॉक के आवंटन से संबंधित है।

सीबीआई ने आरोप लगाया था कि कोयला मंत्रालय को क्षमता व भूमि आदि के संबंध में गलत जानकारी दी गई। न्यायाधीश चार अक्टूबर को सजा की अवधि पर दलीलों को सुनेंगे।

# विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद शुरू हो जाएगी प्रधानमंत्री की विदाई की उल्टी गिनती: रमेश

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों में अपने दल को निर्णायक जनादेश मिलने की उम्मीद जताई और दावा किया कि इस साल के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता से विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी।

रमेश ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है, लेकिन जनता उसे वही सबक सिखाएगी जो इस साल लोकसभा चुनाव में सिखाया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का यह भी कहना था कि राहुल गांधी का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में आना विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के लिए 'बूस्टर डोज' साबित हुआ है तथा संसदीय व्यवस्था में विपक्ष का नेता एक तरह से 'छाया प्रधानमंत्री' होता है। उन्होंने यह भी कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को और मजबूत बनाना है तथा एक संयुक्त कार्यक्रम और एजेंडा तैयार करना है।

रमेश ने विधानसभा चुनावों के परिणाम के असर के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''आठ अक्टूबर को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के नतीजे आएंगे। चार जून, 2024 को प्रधानमंत्री को पहला धक्का लगा था। आठ अक्टूबर को दूसरा धक्का लगेगा। तीसरा धक्का महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में लगेगा।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि हरियाणा में कांग्रेस को और जम्मू-कश्मीर में उनके गठबंधन को 'निर्णायक जनादेश' मिलेगा। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि 'इंडियन' महाराष्ट्र और झारखंड में भी आगे है। इन दोनों राज्यों में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

रमेश ने कहा, ''महाराष्ट्र और झारखंड में हम आगे हैं। हमारा चुनाव प्रचार चल रहा है। मैं कोई भविष्यवाणी नहीं करता। लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि नवंबर में जब महाराष्ट्र और झारखंड में नतीजे आएंगे तो प्रधानमंत्री का 'काउंटडाउन' (उल्टी गिनती) शुरू हो जाएगा।'' यह पूछे जाने पर कि यदि विधानसभा



चुनावों के नतीजे भाजपा के खिलाफ होते हैं तो क्या वह केंद्र सरकार के लिए कोई खतरा देखते हैं, रमेश ने कहा, ''जो साफ साफ नजर आ रहा है, उसे देखने की क्षमता प्रधानमंत्री को होनी चाहिए। चार जून का जनादेश उनके पक्ष में तो नहीं था, उनके खिलाफ था।'' उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए 'डेमोक्रेसी' (लोकतंत्र) कुछ और नहीं, बल्कि 'डेमोकुर्सी' है। रमेश ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कटाक्ष किया, ''आगे देखिए कि पटना और अमरावती में ऊंट किस करवट बैठेगा?'' उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी की यात्रा और सभाओं का हरियाणा के चुनाव में सकारात्मक असर होगा।

रमेश ने कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा की पिछले दिनों की कथित नाराजगी से जुड़े सवाल पर कहा, ''सैलजा जी वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने खुद कहा है कि कांग्रेस उनके खून में हैं और उनका डीएनए नहीं बदल सकता। वह चुनाव में पूरी तरह लगी हुई हैं।''

मकांग्रेस महासचिव ने राहुल गांधी की नेता प्रतिपक्ष (एलओपी )की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''वह आक्रामक ढंग से नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने जनता के मुद्दे उठाए हैं। 'इंडिया' गठबंधन को हमें और मजबूत बनाना है, एक संयुक्त कार्यक्रम और एजेंडा तैयार करना है।'' उनका कहना था, ''राहुल गांधी के एलओपी बनने के बाद कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन में एक नया जोश आया है। यह हमारे के लिए एक बूस्टर डोज है।''

# ईडी ने सिद्धरमैया के खिलाफ एमयूडीए प्रकरण में धन शोधन का मामला दर्ज किया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मैसूरु स्थित लोकायुक्त पुलिस प्रतिष्ठान ने 27 सितंबर को दर्ज प्राथमिकी में सिद्धरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू को नामज़द किया है। स्वामी ने देवराजू से ज़मीन खरीदकर उसे पार्वती को उपहार में दिया था।

पिछले हफ्ते बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने इस मामले में सिद्धरमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस को जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सिद्धरमैया पर एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी बी.एम. पार्वती को 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितता के आरोप हैं।

उच्च न्यायालय ने राज्यपाल थावरचंद



गहलोत द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के खिलाफ एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों की जांच करने की मंजूरी दिए जाने के फैसले को बरकरार रखा था, जिसके एक दिन बाद विशेष अदालत के न्यायाधीश का प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी आदेश आया।

ईडी अपनी ईसीआईआर में सिद्धरमैया के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराएं लगाईं हैं। ईसीआईआर पुलिस की प्राथमिकी के समान होती है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी लोकायुक्त पुलिस की प्राथमिकी का अध्ययन कर रही है। प्रक्रिया के अनुसार, ईडी को पूछताछ के लिए आरोपियों को बुलाने और यहां तक कि जांच के दौरान उनकी संपत्ति कुर्क करने का अधिकार है।

सिद्धरमैया (76) ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें एमयूडीए मामले में निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष उनसे ''डरा हुआ'' है। उन्होंने यह भी कहा कि यह उनके खिलाफ पहला ऐसा ''राजनीतिक मामला'' है। उन्होंने यह भी दोहराया कि मामले में उनके खिलाफ अदालत द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद भी वह इस्तीफा नहीं देंगे, क्योंकि उन्होंने कुछ गलत काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वह कानूनी रूप से मुकदमा लड़ेंगे।

एमयूडीए ने मुख्यमंत्री की पत्नी की संपत्ति का 'अधिग्रहण' किया था और इसके कथित मुआवज़े के तौर पर मैसूरु के पॉश इलाके में भूखंड आवंटित किए थे। आरोप है कि सिद्धरमैया की पत्नी बी एम पार्वती को मैसूरु के एक पॉश इलाके में मुआवजे के तौर पर जो भूखंड आवंटित किये गये थे, उनकी कीमत एमयूडीए द्वारा अधिग्रहीत की गयी जमीन की तुलना में काफी अधिक थी।

एमयूडीए ने पार्वती की 3.16 एकड़ जमीन के बदले में उन्हें 50:50 के अनुपात से भूखंड आवंटित किये थे ,जहां उसने आवासीय लेआउट विकसित किये थे।

इस विवादास्पद योजना के तहत एमयूडीए ने उन लोगों को 50 प्रतिशत विकसित जमीन आवंटित की थी, जिनकी अविकसित जमीन आवासीय लेआउट विकसित करने के लिए ली गयी थी।

आरोप है कि मैसूरु तालुक के कसाबा होबली के कसारे गांव के सर्वे नंबर 464 में स्थित 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कोई कानूनी हक नहीं था।

लोकायुक्त ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी की है। यह प्राथमिकी धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), 166 (किसी व्यक्ति को चोट पहुंचाने के इरादे से लोक सेवक द्वारा कानून की अवहेलना), 403 (संपत्ति का बेईमानी से गबन), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी), 426 (शरारत), 465 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 340 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 351 (हमला) के तहत दर्ज की गई है।

# हरित आवरण बढ़ाने के मुद्दे पर न्यायालय ने दिल्ली सरकार की खिंचाई की

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में हरित आवरण बढ़ाने के लिए उठाए गए किसी भी व्यापक उपाय के बारे में जानकारी नहीं देने पर सोमवार को दिल्ली सरकार के वन विभाग की खिंचाई की और कहा कि उसका रवैया पूरी तरह लापरवाही भरा है। शीर्ष अदालत ने कहा, ''न्यायाधीश आते हैं और चले जाते हैं। यह न्यायाधीशों के लाभ के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए है।''न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वन विभाग के प्रधान सचिव को 18 अक्टूबर को ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित होने का निर्देश दिया और उन्हें 15 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दायर करके बताने को कहा कि दिल्ली के हरित आवरण को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों और उठाए जाने वाले कदमों के बारे में जानकारी रिकॉर्ड पर क्यों नहीं रखी गई।

# मुख्यमंत्री आतिशी ने मानहानि मामले में समन आदेश के खिलाफ अदालत का रुख किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को एक सत्र अदालत में भाजपा नेता द्वारा दायर मानहानि के मामले में उन्हें समन जारी करने के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की।

आतिशी ने कथित तौर पर दावा किया था कि आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराने के लिए भाजपा ने आप के कई विधायकों को नकदी की पेशकश की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ मानहानि का वाद दायर किया गया था। मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष एक याचिका दायर की, जिन्होंने भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर को नोटिस जारी किया। आतिशी ने मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा 28 मई को पारित उस आदेश के खिलाफ अपने वकील के माध्यम से सत्र न्यायालय का दरवाजा



खटखटाया, जिसमें भाजपा प्रवक्ता कपूर द्वारा दायर आपराधिक मामले में उन्हें तलब किया गया था।

कपूर ने आतिशी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। सत्र अदालत ने कपूर को आतिशी के आवेदन पर सात अक्टूबर तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, जब अदालत मामले में दलीलें सुनेगी।


दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia


# एमसीडी और एनडीएमसी बंदरों की समस्या से निपटने के लिए उपाय करे : दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को नगर निकाय अधिकारियों को राष्ट्रीय राजधानी में बंदरों की समस्या से निपटने के लिए एक कार्ययोजना तैयार कर उसे लागू करने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि बंदरों की आबादी 'बढ़' रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) से यह सुनिश्चित करने को कहा कि बंदरों को पकड़कर असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ा जाए।

अदालत ने वन्यजीव संरक्षण कानून में संशोधन के तहत दिल्ली में आम तौर पर पाए जाने वाले बंदरों की प्रजाति को संरक्षित प्रजाति की सूची से 'हटाए जाने' के मद्देनजर यह आदेश पारित किया।



अदालत ने कहा कि इसलिए उनके साथ आवारा कुत्तों और बिल्लियों जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा, " नगर निगम के अधिकारियों यानी एनडीएमसी और एमसीडी को बंदरों की समस्या से निपटने के लिए एक कार्ययोजना तैयार कर उसे लागू करने का निर्देश दिया जाता है।"

पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। अदालत ने आदेश दिया कि एमसीडी और एनडीएमसी यह सुनिश्चित करे कि बंदर पकड़ने वाले अपने-अपने क्षेत्रों के बंदरों को पकड़ें और उन्हें असोला भाटी में छोड़ें और साथ ही पिछले योजना के अनुसार उनका पुनर्वास करें।

अदालत ने अधिकारियों और राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जानवरों के काटने की घटनाओं पर दो सप्ताह में ताजा स्थिति रिपोर्ट मांगी है।




# चिकित्सा विभाग की कार्यवाही छह फर्जी अस्पताल किये सील

## जानसठ में वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया गया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने टीम के साथ अस्पतालों का निरीक्षण किया













नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर सिंह फौजदार के निर्देशन में आज जानसठ ब्लॉक में? वृहद स्तर पर अस्पतालों की चेकिंग का अभियान चलाया गया , जिसके अंतर्गत जानसठ के 6 अस्पतालों को नोटिस देकर सील किया गया।

आज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विपिन कुमार के द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जानसठ डॉ अजय कुमार एवं अन्य टीम के साथ जानसठ में हॉस्पिटलों का निरीक्षण किया गया तथा जहां पर कमी मिली उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई ।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विपिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कल जानसठ के भारत हॉस्पिटल में एक महिला की मृत्यु की खबर का संज्ञान लेते हुए आज भारत हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया , जहां पर पंजीकृत चिकित्सक उपस्थित नहीं मिले तथा अन्य खामियां भी मिली, जिसके लिए भारत हॉस्पिटल को सील कर दिया गया उन्होंने बताया कि जानसठ के ही अन्य अस्पतालों आशीर्वाद हॉस्पिटल, कमल हॉस्पिटल,मदर इंडिया हॉस्पिटल, ग्लोबल हॉस्पिटल एवं आदर्श हॉस्पिटल का भी निरीक्षण उनके द्वारा व टीम के द्वारा किया गया, जहां पर रजिस्टर्ड चिकित्सक नहीं मिले तथा अन्य कमियां भी मिली जिसके लिए सभी हॉस्पिटलों को नोटिस देकर सील किया गया है, तथा उनसे तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जनपद में बड़े स्तर पर फर्जी हॉस्पिटल शहरी और गांव क्षेत्र में संचालित हैं इन हॉस्पिटलों में ना करो प्रेम डॉक्टर है या नहीं स्टाफ सिर्फ राम भरोसे यह मौत की दुकान जनपद में बहुसंख्यक स्थिति में चल रही है जिसमें आए दिन लोग इलाज कराने जाते हैं। हैरान करने वाली बात ये है कि जाते तो इलाज कराने जिंदा है लेकिन परिजनों के हाथ सिर्फ मरीज का मर्त शरीर लगता है। इन फर्जी अस्पतालों मैं मरने वालों की ज्यादा संख्या गर्भवती महिलाओं की है। यहां पर इन फर्जी अस्पतालों में न तो ट्रेंड डॉक्टर है और ना ही कोई स्टाफ है। लोगो की जिंदगी नोशिखिये के हवाले है। आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानसठ कस्बे में चल रहे 6 फर्जी अस्पतालों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है।

## मेरा युवा भारत के अंतर्गत जनपद में चलाया स्वच्छता अभियान




नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना- मेरा युवा भारत के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र फिरोजाबाद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी मनीष चन्द्र चौधरी के निदेर्शानुसार विकासखंड एका के राष्ट्रीय युवा कॉर्डिनेटर कृष्ण कुमार ने ‘स्वच्छता ही सेवा’ के अंतर्गत युवा मण्डल पाढम के साथ मोहम्मद शाह के दरगाह में स्वछता कार्यक्रम किया गया , जिसमें युवाओं के सफाई अभियान चलाया और दरगाह को स्वच्छ किया। कार्यक्रम में इस दौरान चिराग शर्मा, यतेन्द्र गुप्ता, विशाल, आरव, फरान, पराग, मनीष कुशवाह, सचिन बघेल, अभिषेक, अमन एवं समस्त युवा मण्डल उपस्थित रहे।

## फिर गरजा प्रशासन का महाबली अवैध निर्माण किया ध्वस्त

### एसडीएम सदर निकिता शर्मा की अवैध कब्जा धारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





मुजफ्फरनगर। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने माफियाओ के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये है जिसके चलते सड़क छाप माफिया से लेकर भू माफिया तक कड़ी कार्यवाही कर एक नजीर बन रही है। मुजफ्फरनगर सदर तहसील की एसडीएम निकिता शर्मा भी इन दिनों भू माफियाओ पर जमकर कहर ढा रही है। माफियाओ द्वारा कब्जाई गयी सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए जमकर बुलडोजर की कार्यवाही कर रही है।

ताजा मामला सदर तहसील के गांव बिलासपुर का है जहाँ कुछ भू माफियाओ द्वारा बंजर भूमि 593 नम्बर पर अवैध तरीके से कब्जा कर दुकानो का गेट खोल लिया था। जिसपर एसडीएम द्वारा कई बार नोटिस भेजकर अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त करने के आदेश दिये थे। लेकिन भू माफियाओ द्वारा सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं किया था।

जिसके चलते सोमवार को एसडीएम सदर निकिता शर्मा नई मंडी कोतवाल बबलू वर्मा के साथ भारी फोर्स लेकर बिलासपुर गांव पहुंची और बुलडोजर चलाते हुए कब्जाई गयी जमीन को भू माफियाओ से कब्जा मुक्त कराया। साथ हीं कड़े शब्दों मे चेतावनी भी दी की अगर आगे से किसी भी व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया तो उसपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम निकिता शर्मा ने बताया की बिलासपुर गांव मे बंजर भूमि 593 नम्बर पर कुछ लोगो द्वारा कब्जा किया गया था। और अपनी दुकानो के गेट भी उसी साइड खोल लिए थे, जिस पर आज तहसील की टीम व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कब्जा मुक्त कराई है।

एसडीएम द्वारा ये अपील की गयी की कोई भी व्यक्ति जमीन पर कब्जा करके उसमे अपनी धनराशि खराब ना करें। क्योंकि सरकारी जमीन सरकार की है उसपर कब्जा किसी भी सूरत मे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## डग्गामार वाहन पर अंकुश लगाने को गंभीर हुए डीएम

### कहा-जिले में नहीं चलने दिए जायेंगे डग्गामार वाहन, अवैध टैक्सी स्टैण्ड

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुजफ्फरनगर। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, बच्चों को सुरक्षित यातायात के अवसर उपलब्ध कराने और अवैध रूप से चल रहे वाहनों तथा स्टैण्ड पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा बेहद गंभीर नजर आये। उन्होंने जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक में सम्बंधित विभागों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि वो स्कूलों में चल रहे वाहनों की फिटनेस को जांचने के साथ ही बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों के साथ सख्ती से पेश आये। इसके साथ ही जिले में डग्गामार वाहनों का संचालन और अवैध टैक्सी स्टैण्ड को बंद कराया जाये। डीएम ने सुव्यवस्थित यातायात पर जोर देते हुए कहा कि ई रिक्शा की नम्बरिंग और रूटवाइज उनके संचालन के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश एआरटीओ को दिये हैं। ताकि शहर को ई रिक्शा के कारण होने वाली जाम की समस्या से निजात मिल सके। जिला सड़क सुरक्षा समिति की माह सितम्बर 2024 की बैठक जूम एप के माध्यम से हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने की। बैठक में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित समस्त जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी सम्मिलित हुए। जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव अधिशासी अभियन्ता अनिल कुमार ने बताया कि बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा स्कूल और कालेज के यातायात वाहनों की फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, चालक का लाईसेन्स पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूल और कॉलेज में जागरूकता कैम्प लगाने हेतु निर्देशित किया गया। जिले के समस्त ब्लैक स्पॉट्स पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया। पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि शहर में चैंकिंग कराकर बिना हेलमेट और नियम विरूद्ध वाहनों पर कार्यवाही करें। ई-रिक्शा का रूट प्लान और नम्बरिंग के लिए एआरटीओ को निर्देशित किया गया, जिससे शहर जाम-मुक्त हो सके। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा डग्गामार बस स्टैण्ड, अवैध टेक्सी स्टेण्ड को तत्काल बन्द करने, ओवर लोडिंग, अवैध खनन पर अंकुश लगाने हेतु प्रशासन और परिवहन, पुलिस की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन सुशील मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एनएचएआई बागपत आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुजफ्फरनगर नगर पालिका ने शुरू किया खूंखार बंदरों को पकड़ने का अभियान

### पहले दिन मौहल्ला प्रेमपुरी में टीम के साथ लोहे के पिंजरे लेकर उतरा ठेकेदार, 30 बंदरों को दबोचा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुजफ्फरनगर। लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार नगरपालिका परिषद् की ओर से शहरी क्षेत्र से खूंखार बंदरों को पकड़ने का अभियान सोमवार से शुरू कर दिया गया है। पालिका के साथ हुए अनुबंध के आधार पर ठेकेदार अपनी लेबर और लोहे के पिंजरे लेकर बंदरों को दबोचने के लिए उतरा नजर आया। पहले दिन टीम ने करीब 30 बंदरों को पकड़ा है। उनको दूर जंगल ले जाकर छोड़ा जायेगा। बता दें कि जनवरी माह में हुई बोर्ड मीटिंग में लोगों की शिकायतों और परेशानियों को देखते हुए नगरपालिका परिषद् ने बंदरों को पकड़वाने का प्रस्ताव पारित किया था। इसमें प्रति बंदर 510 रुपये खर्च करने के पालिका के प्रस्ताव ने बोर्ड ने अपनी स्वीकृति की मुहर लगाई थी। इसमें टीम के ठहरने और आजने जाने का खर्च और बंदोबस्त पालिका को ही करना तय हुआ था। प्रस्ताव पारित होने के बाद भी इसका ठेका नहीं हो पा रहा था। पहले ठेका लेने वाली फर्म ने काम करने से इंकार कर दिया था। इसके बाद भी कई बार पालिका प्रशासन ने टैण्डर निकाले। इस बीच लोगों के द्वारा लगातार प्रदर्शन कर शहरी क्षेत्र से खूंखार बंदरों और आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। प्रेमपुरी निवासी समाजसेवी बुजुर्ग डॉ. ओमपाल सिंह वर्मा ने शिव चैक पर प्रदर्शन भी किया था। समाजसेवी मनीष चैधरी ने भी इसके लिए ज्ञापन देकर आवाज उठाई थी। अब नगरपालिका परिषद् की ओर से बंदरों को पकड़ने का अभियान छेड़ दिया गया है। इसका शुभारंभ सोमवार को मौहल्ला प्रेमपुरी से किया गया है। पालिका के अनुबंध के आधार पर ठेकेदार लेबर और लोहे के पिंजरों के साथ प्रेमपुरी पहुंचा और पहले दिन करीब 30 बंदरों को पकड़ा गया है। बताया गया कि प्रेमपुरी में अभी और भी कार्य किया जायेगा। इसके बाद गांधीन कालोनी और नई मंडी पटेलनगर आदि क्षेत्रों में टीम जाकर बंदरों को पकड़ने का काम करेगी। पकड़े गये बंदरों की पालिका अधिकारियों के समक्ष गिनती कराने के बाद ठेकेदार फर्म के कर्मचारी उनको दूर जंगल में ले जाकर छोड़ेंगे। शहरी क्षेत्र को बंदरों से मुक्त करने तक यह अभियान चलाया जायेगा।

## इण्डियन पोटाश लि. शुगर इकाई रोहाना कलां में चला सफाई अभियान

नेशनल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। सस्ता ही सेवा अभियान आंदोलन के अंतर्गत इंडियन पोटाश लिमिटेड रोहाना इकाई प्रमुख श्री कुलदीप सिंह जी के नेत्रत्व में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रव्यापी ‘स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता’ की थीम पर मनाया जा रहा है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का उददेश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना है, जिसमें वृक्षा रोपण एक प्रमुख गतिविधि है। इस अभियान में इकाई से श्री रामबीर लल्लर, विभागाध्यक्ष (यांत्रिकी), श्री पंकज कुमार बालियान, विभागाध्यक्ष (उत्पादन), श्री तरूण कुमार गौंड विभागाध्यक्ष (लेखा). श्री आर0के0तिवारी, वरिष्ठ प्रबन्धक (मा०संसा०/विधि), श्री रजत चौधरी, आई०टी० हेड, श्री सरविन्द्र कुमार, उप प्रबन्धक (गन्ना), श्री संजीव चौधरी, उप प्रबन्धक (गन्ना), श्री मोहित बालियान, (सेफ्टी आफिसर), श्री विकान्त चौधरी, श्री आदेश शर्मा, श्री अमित कुमार, आफिसर प्रचेज व इकाई के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपना योगदान देकर स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाया।

## मुजफ्फरनगर कंपनी बाग के मोटल में कार्य मिला अधूरा, ईओ हुई नाराज

- विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन करने उतरी पालिका ईओ को मिली कई खामियां
- नगर पालिका परिषद द्वारा अंसारी रोड पर कूड़ा हटाकर कराया गया सौन्दर्यकरण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




मुजफ्फरनगर। नगरीय क्षेत्र को कूड़ा बनाने के लिए कूड़ा डलावघर को बंद कराने की पहल के बाद अब बंद कराये गये डलावघरों को सुन्दर और स्वच्छ बनाने के कार्य में भी कुछ लोग रोडा अटकाने लगे हैं। लोगों की बरसों की मांग के बावजूद भी रामलीला टिल्ला का जो ओपन कूड़ा डलावघर बंद नहीं हो रहा था। कंपनी आने के बाद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने उसको बंद कराया। अब ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह वहां वॉल पेंटिंग के सहारे सौन्दर्यकरण करा रही थी तो विरोध खड़ा हो गया, हालांकि प्रभारी एनएसए ने मौके पर जाकर स्थिति को संभाल लिया।

वहीं ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने आज विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया तो कई स्थानों पर खामियां मिली, वहीं कम्पनी बाक के मोटल में भी कराये गये कार्य का अधूरापन देखकर वो नाराज नजर आई और ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्वक अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। बता दें कि रामलीला टिल्ला की दीवार के पास ही बरसों से नगरपालिका का ओपन कूड़ा डलावघर चल रहा था। ऐसे में आसपास के क्षेत्र से एकत्र होने वाला कूड़ा यहां सड़क पर ही डाला जा रहा था। लोग लगातार इसे बंद कराने की मांग कर रहे थे, लेकिन कई चेयरमैन आये और चले गये कूड़ा घर जस का तस रहा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने लोगों की समस्या को देखते हुए एमआईटूसी कंपनी के आने के बाद इस शहर के अन्य कूड़ा डलावघरों के साथ ही इसको भी बंद कराकर यहां काम्पेक्टर लगाया गया था, इसका भी विरोध हुआ था, लेकिन सख्ती के साथ यह लागू किया गया। अब ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बंद कूड़ा डलावघरों के सौन्दर्यकरण का अभियान छेड़ा है। इसी कड़ी में रामलीला टिल्ला पर भी वॉल पेटिंग का कार्य शुरू कराया गया था। सोमवार को सवेरे जब ठेकेदार कर्मचारियों को लेकर वॉल पेंटिंग कराने के लिए रामलीला टिल्ला पहुंचा तो वहां कुछ लोग एकत्र हो गये और उन्होंने इसका विरोध शुरू करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया और कर्मचारियों को भगा दिया गया।

इसके बाद ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को ठेकेदार ने जानकारी दी तो उन्होंने तत्काल ही प्रभारी एनएसए योगेश कुमार गोलियान को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये। योगेश कुमार ने बताया कि मौके पर कुछ प्राइवेट सफाई कर्मचारी वॉल पेंटिंग करने का विरोध कर रहे थे। ठेकेदार दूसरी दीवार पर पेंटिंग करा रहा था। उसको रामलीला टिल्ला वाली दीवार पर पेंटिंग करने के लिए कहा गया, जिससे विवाद शांत हुआ। वहीं दूसरी ओर सोमवार को सवेरे ही ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह अवर अभियंता निर्माण कपिल कुमार के साथ विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए स्थलीय निरीक्षण पर निकली।

उन्होंने कूकड़ा क्षेत्र में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कराये जा रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। यहां पर दो सीसी रोड और जल निकासी के लिए नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने ईओ से मांग करते हुए कहा कि बड़ा नाला खुला ही बनाया जा रहा है। जबकि यहां पर दुकाने, बाजार और मकान भी होने के कारण आवागमन के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के खुले नाले में गिरने की आशंका प्रबल हैं, ऐसे में इसको बंद कराकर बनाया जाये। मौके पर ईओ ने जेई निर्माण को नाले को ऊपर से कवर्ड करने के निर्देश दिये। बाद में वहलना क्षेत्र में शहरी सीमा पर पालिका द्वारा बनाये गये इलेक्ट्रिक स्वागत बोर्ड का भी निरीक्षण किया। कम्पनी बाग स्थित पालिका के मोटल का भी निरीक्षण कर वहां पर हुए जीणो(रि कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईओ को शौचालय में शीशा, दरवाजों और खिड़कियों पर कुंडी और साफ सफाई का अभाव मिला। इन खामियों को देखकर ईओ ने ठेकेदार के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पाई गई खामियों को ठीक करने के निर्देश दिये। साथ ही अंसारी रोड पर सभासद रितु त्यागी के वार्ड में डॉ. गंगल वाली गली के नुक्कड़ पर बने ओपन कूड़ा डलावघर को बंद कराकर कराये गये सौन्दर्यकरण कार्य का भी जायजा लिया।

यहां पर पुराने टायर और अन्य सामग्री से सुन्दरीकरण कराया गया है। उन्होंने बताया कि जहां कूड़ा डलावघर बंद हुए हैं, वहां पर सौन्दर्यकरण कराकर पेड़ पौधे लगाने का कार्य किया जायेगा। बताया कि रामलीला टिल्ला पर कुछ प्राइवेट सफाई कर्मियों ने वॉल पेंटिंग का विरोध कर काम रुकवा दिया था, लेकिन उनको समझाकर कार्य शुरू करा दिया गया है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ में मिशन शक्ति सम्मेलन का भव्यता पूर्ण हुआ आयोजन

## महिला आयोग अध्यक्ष और अधिकारियों ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा मनीष





बहजोई सम्भल। सोमवार को महिला कल्याण विभाग, सम्भल द्वारा संभल कल्कि महोत्सव/ विकसित- 2024 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मिशन शक्ति सम्मेलन का भव्यता पूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. बबिता चौहान, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश महिला आयोग, कृष्ण कुमार, पुलिस अधीक्षक, संभल, गोरखनाथ भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल, अनुकृति शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), चन्द्रभूषण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एबीसी मॉण्टेसरी स्कूल, चन्दौसी की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना/स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। तत्पश्चात कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, रजपुरा की बालिकाओं द्वारा लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुति, उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप, बबराला की बालिकाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नृत्य प्रस्तुति, एबीसी मॉण्टेसरी स्कूल, चन्दौसी की बच्चियों द्वारा जिलाधिकारी द्वारा लिखित गीत ह्यहमें माँ हूंह्य गीत प्रस्तुति, उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की बच्चियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, एबीसी मॉण्टेसरी स्कूल, चन्दौसी शिक्षिका रूपाली श्रीवास्तव द्वारा ह्यछोटी सी जान हूंह्य गीत प्रस्तुति, किड्स ताइक्वांडो एकेडमी, चन्दौसी के बच्चों द्वारा ताइक्वांडो-आत्मसुरक्षा का प्रस्तुतीकरण, उन्नति चौधरी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आधारित गीत प्रस्तुति, आराध्या वूमेन वेलफेयर सोसायटी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति, गंगा प्रसाद मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल, गुमथल के बच्चों द्वारा नाट्य प्रस्तुति, महिलाओं को साइबर अपराध एवं उनसे जुड़े अन्य अपराधों पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा द्वारा जागरूकता प्रदान की गयी, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न विभागों से आयी महिलाओं/ बालिकाओं/कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बालकों को प्रशस्ति पत्र/प्रतिक चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ बबिता चौहान को जिलाधिकारी द्वारा, पुलिस अधीक्षक को जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) को संरक्षण अधिकारी द्वारा पंच संस्कार से सम्मानित कर श्रीअन्न किट प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संयोजन चन्द्रभूषण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मंच संचालन राजीव गुप्ता, मंच व्यवस्था एकांशु वशिष्ठ एवं नासिर अली द्वारा की गयी। इस दौरान कार्यक्रम में वंदना मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर, परियोजना निदेशक, उप निदेशक कृषि, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि के साथ आगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा एवं संगिनी, छात्राएं, स्वंय सहायता समूह की महिलाएं आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पुलिस ने वांछित चल रहे अपराधी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल धनारी/पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक तिवारी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में सोमवार को थाना धनारी पुलिस टीम द्वारा थाना धनारी पर पंजीकृत बीएनएस में वांछित अभियुक्त रफैदीन पुत्र इस्माईल निवासी ग्राम गढा थाना धनारी जनपद सम्भल को उ0नि0 राज सिंह का0 राजकुमार, का0 राजवीर द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### पुलिस ने वारंटी अपराधी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल ऐंचोडा कम्बोह/पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में सोमवार को थाना ऐंचोडा कम्बोह में एनडीपीएस एक्ट में वारण्टी अभियुक्त राशिद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी कस्बा व थाना ऐंचौडा कम्बोह जनपद सम्भल को उ0नि0 सचिन भाटी द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया।

### वारंटी अपराधी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल हयात नगर/पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे सोमवार को थाना हयातनगर में वारण्टी अभियुक्त इमरान पुत्र मौ0 जमील निवासी फूलबाग सरायतरीन थाना हयातनगर जनपद सम्भल को उ0नि0 मुकेश कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस ने 03 वारंटी आरोपी को किया गया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल जुनावई। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी गुन्नौर गणेश गुप्ता के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गए अभियान मे सोमवार को थाना जुनावई में वारण्टी अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र किताब सिंह निवासी नगला डुमाइल थाना जुनावई जनपद सम्भल को उ0नि0 अजय कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्त रामरहीश पुत्र दंगल सिंह निवासी ग्राम घौसली वाहन थाना गुन्नौर जनपद सम्भल को उ0नि0 प्रमोद कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्त छोटे पुत्र लालाराम निवासी ढ़डवारा थाना जुनावई जनपद सम्भल को उ0नि0 सुनील कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### आज सुबह 9:00 से शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। उपखंड अधिकारी प्रथम चंदौसी ने बताया कि आज दिन मंगलवार को विद्युत आपूर्ति प्रात 09:00 बजे से लेकर शाम 16:00 बजे तक उपकेंद्र हनुमानगढ़ी उपकेंद्र से लाइन पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत फ्यूचर योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा जिसमें नए पोल भी लगाए जाएंगे नए तार पड़ेंगे ताकि भविष्य में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा भी दी जा सके इसके चलते विद्युत आपूर्ति "कैथल गेट फीडर से बूढ़ी माता ,पक्का कटरा ,विजय लक्ष्मी टाकिज ब्रह्मम बाजार ,बारासैनी धर्मशाला, हाथी मोहल्ला, राज मोहल्ला, गुलडेहरा रोड, मारवाड़ी मोहल्ला, खुर्जा गेट (शमशान घाट के पास करेली रोड) बिसौली गेट से घास मंडी की आपूर्ति बाधित रहेगी । सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अपना काम समय से निपटा लें । असुविधा के लिए खेद है ।

### मारपीट के 03 आरोपियों को जेल में बितायी अवधि व अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल गुन्नौर /कृष्ण कुमार, पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 30.09.2024 को मु0अ0सं0 334/1999 धारा 323/325/504 भादवि थाना गुन्नौर जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त अन्तराम पुत्र लखपत, भवानी पुत्र लखपत, खुबाराम पुत्र कृपासैल निवासीगण फरीदपुर थाना गुन्नौर जनपद सम्भल को न्यायालय जे0एम0 गुन्नौर जनपद सम्भल द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों को उपरोक्त अभियोग में दोष सिद्ध करते हुए प्रत्येक को जेल में बितायी गयी अवधि 04-04 दिवस के कारावास व 2000-2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में रामविलास एपीओ तथा कोर्ट मोहर्रिर उ0नि0 बाबू सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### सपा कर्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल में 2 अक्टूबर को गाँधी जयन्ती के मौके पर गांधी जी की प्रतिमा स्थापित किये जाने की मांग को लेकर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सम्भल को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया की समाजवादी पार्टी सम्भल कई वर्षो से सम्भल में देश को आजाद कराने वाले गांधी जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग करती चली आरही है लेकिन सम्भल का प्रशासन देश को आजाद कराने वाले गांधी जी की प्रतिमा के लिए 2 गज जमीन तक नहीं दे पा रहा है बड़े दुख की बात है समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता प्रशासन से मांग करते है की अगर 2 अक्टूबर के दिन अगर प्रशासन गांधी जी की प्रतिमा को स्थापित नही करता है तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्भल में किसी भी पार्क में प्रतिमा स्थापित करदेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ज्ञापन देने वालो में रामरहिस यादव जब्बर सिंह यादव गुलाम मुस्तुफा गालिब खाँ विशाल कुमार मोनिस राजेश विरेश यादव फैजान शाही आदि मौजूद रहे।

## लगभग 31411 महिलाओं का लखपति बनाने का रखा गया लक्ष्य

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

बहजोई संभल। प्रधानमंत्री का सपना है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को जोड़कर आजीविका के क्षेत्र में ऐसा सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है कि लगभग 3 करोड़ महिलाएं कम से कम एक लाख की आमदनी से ऊपर पहुंच जायें। इस क्षेत्र में ग्रामीण जगत में विभिन्न प्रकार की आजीविका की गतिविधियाँ संचालित की जा रही है।

हमारे जनपद की लगभग 31411 महिलाओं का लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है कि इन महिलाओं को छोटे-छोटे रोजगार से जोड़ा जाना है, जिससे इनकी आमदनी एक लाख से अधिक हो सके। ग्रामीण जगत से जुडी हुई सभी महिलाएं अत्यंत गरीबी में जीवन यापन करती हैं। जिसके कारण इनका स्वास्थ्य एवं रहन- सहन निम्न श्रेणी का होता है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ ग्रामीण जगत में चलाकर कन्वर्जेन्स के माध्यम से विभिन्न क्रिया-कलापों से जोड़ने की कोशिश करता है सर्वप्रथम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सामाजिक समावेशन कर ग्रामीण क्षेत्रों में पांच सदस्यीय आईसीआरपी की प्रशिक्षित टीम 15 दिवस का कार्यक्रम बनाकर का कार्य करती हैं इसमें इनके द्वारा स्वयं सहायता समूह का निर्माण, समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण, लेखांकन कार्य, उप- समितियों का गठन, समूह में बचत राशि जमा करवाना, समूह का खाता बैंक में खुलवाना आदि कार्य किये जाते हैं। समूह गठन के तीन माह के बाद विभाग के द्वारा समूह के खाते में रु. 30000/- की धनराशि रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में भेजी जाती है जिसका उपयोग समूह के सदस्य आपसी लेन-देन के लिए करते हैं। विभाग द्वारा 06 माह के बाद सीआईएफ की धनराशि रु. 150000/- समूह के खाते में दी जाती है, जिसका उपयोग समूहों द्वारा आजीविका कार्य किये जाने में किया जाता है 06 माह पश्चात ही बैंकों से कन्वर्जेन्स कराकर 6 लाख की धनराशि का लोन कराया जाता है जिसकी पहली किश्त के रूप में 1.50000/- रुपये समूह के खाते में दिए जाते हैं जिसका उपयोग भी महिलाओं की आजीविका संवर्धन एवं नए आजीविका कार्य शुरू करने के लिये किया जाता है। इन प्रयासों का ही यह नतीजा है कि आज जनपद में समूह की दीदियाँ अनेक प्रकार के आजीविका कार्य जैसे भैंस पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सूअर पालन, अचार बनाने का कार्य, श्रीअन्न उत्पाद जैसे बाजरे के लड्डू, बिस्किट, केक बनाना, झाडू बनाना, खाद्य मसाले का कार्य, फिनायल, टॉयलेट क्लीनर बनाना, एलईडी बल्ब बनाना एवं रिपेयर करना, प्रेरणा कैंटीन, ब्यूटीपार्लर का कार्य, मूढ़े बनाना, शहद उत्पादन, आर्टिफिसियल ज्वेलरी बनाना, दोना पत्तल बनाना, सेनेटरी पैड, चप्पल बनाना, सिलाई कार्य, वर्मी कम्पोस्ट बनाना, कीटनाशक उत्पाद, पौध नर्सरी, परचून की दुकानें आदि कार्य समूह की महिलाओं के द्वारा किये जा रहे है एवं इन कार्यों से इन्हें लाभ मिल रहा है। इसके अलावा कन्वर्जेन्स के माध्यम से भी समूह की महिलाएं सरकारी विभागों से जुड़ी हैं एवं इनके द्वारा कई प्रकार के कार्य किये जा रहे हैं वर्तमान में जनपद सम्भल में लगभग 9000 समूह गठित हैं जिनमें एक लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा जा चुका है। इन समूहों की देखरेख करने, इनको प्रशिक्षित करने के लिए प्रत्येक ग्राम स्तर पर इन्हीं समूहों से महिलाओं को चिन्हित कर प्रशिक्षित किया गया है जो कैडर के रूप में समूहों को हर प्रकार से सहयोग कर रहे हैं।

## मां सरस्वती पर दीप प्रज्जवलित कर खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। सोमवार को न्याय पंचायत कुढ़ फतेहगढ़ एवं छाबड़ा में न्याय पंचायत स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुढ़ फतेहगढ़ में ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह एवं नोडल संकुल प्रभारी विवेक सक्सेना एवं छाबड़ा न्याय पंचायत में नोडल संकुल प्रभारी रिषभ सक्सेना ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया खेल प्रतियोगिता में कुढ़ न्याय पंचायत पर ग्राम दियौरा खास का दबदबा रहा खो खो एवं कबड्डी और लंबी कूद बालक एवं बालिका वर्ग में दयौरा खास जूनियर विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया प्राथमिक बालक वर्ग 100 मीटर में नीतू दयौरा खास एवं बालिका वर्ग में ज्योति प्राथमिक विद्यालय अटवा ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो कबड्डी में बालक एवं बालिका वर्ग में ढड़ौला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दोनों न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिता में अमित कुमार, श्यामलाल मौर्य, शिवराम कृष्ण, श्रद्धा शर्मा पारुल शर्मा ,सुनीता सागर, रीना यादव, अनुज कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, अरविंद कुमार, रवि कुमार ,रितिका साहनी, अमित साहनी, खुशाल सिंह आदि सभी अध्यापकों का सहयोग रहा।

## एसपी ने पुलिस की पाठशाला में छात्र-छात्राओं से किया संवाद



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

बहजोई संभल। सोमवार को थाना बहजोई क्षेत्र अंतर्गत फाउंडेशन के तहत 'पुलिस की पाठशाला' कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा मुख्य अतिथि के रूप प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में द्वारा छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर कानून का पालन करने व उन्हें उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए सुरक्षा और सुरक्षा संबंधी मुद्दों जैसे सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबर और अन्य विभिन्न सुरक्षा सावधानियों और कानूनों के बारे में मार्गदर्शित किया गया तथा प्रत्येक युवा को बुनियादी कानूनों को समझने और खुद को बचाने के अलावा समाज में आगे के अपराधों को रोकने में पुलिस की मदद करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा जागरूक किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस दौरान पुलिस और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## वाल्मीकि समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी के बाल्मीकि समाज के लोगो ने हाथरस की बहन मनीषा वाल्मीकि के परिवार को घोषित सहायता राशि, सरकारी नौकरी व अन्य शहर में निवास के लिए आवास प्रदान कराने हेतु निवेदन महामहिम के नाम एक ज्ञापन चंदौसी चंदौसी तहसीलदार को सौंपा । जिसमे बताया कि उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस के थाना चंदपा के गांव बूलगढ़ी मे आज से चार वर्ष पूर्व 14 सितम्बर 2020 को उसी गांव की दलित वाल्मीकि बिटिया मनीषा के साथ कायरों द्वारा बर्बरता पूर्वक सामूहिक दुष्कर्म किया गया था दिनांक 29 सितंबर 2020 को दिल्ली के अस्पताल में बिटिया ने अंतिम सांस ली थी और आज ही के दिन 30 सितंबर 2020 को बिटिया को घर वालों की बिना इजाजत के रात को पेट्रोल छिड़कर प्रशासन के द्वारा अ अतिम संस्कार कर दिया गया था । बहन मनीषा वाल्मीकि के परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय है। सरकार द्वारा उनके परिवार के लिए जो सहायता राशि की घोषणा की गई थी, आज 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी उनके परिवार को प्राप्त नहीं हुई है। इस कारण उनके परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस लम्बी चार वर्षीय समयावधि मे अपने ही घर में तथाकथित पुलिस अभिरक्षा मे असुरक्षित एवं नरकीय जीवन व्यतीत करने का अभिशप्त है। इस कथित पुलिस अभिरक्षा के कारण वह पीड़ित परिवार इस महान लोकतान्त्रिक युग मे बाहर की सांस लेने और स्वंतत्र जीवन ज्ञापन करने के न्यायिक अधिकारों से पूर्णत वंचित है। फलतः उन्हे उनके लोकतान्त्रिक संविधानिक मानवीय अधिकारों के अंतर्गत कही अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर विस्थापित कराया जा सके। समाज द्वारा विनम्र निवेदन भी किया कि कृपया इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए सरकार द्वारा घोषित सहायता राशि, सरकारी नौकरी और अन्य शहर में आवास जल्द से जल्द उनके परिवार तक पहुँचाने की कृपा करें, ताकि उनके परिवार को आर्थिक ,सामाजिक एवं नैतिक सहायता प्राप्त हो सके। ज्ञापन देने दौरान वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## साक्षी सेवा समिति ने मातृ एवं बाल सम्मान का कार्यक्रम कियाआयोजित

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी



चंदौसी। सोमवार को साक्षी सेवा समिति संभल उत्तर प्रदेश की शाखा चंदौसी स्टार के तत्वाधान मे आवास विकास स्थित समिति की सचिव रेनू शर्मा के निवास स्थान पर मातृ एवं बाल सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हमारे विशेष अतिथी वार्ड 13 के हमारे सभासद शिव कुमार सैनी और समिति की कार्यकारिणी सदस्य उर्मिला शर्मा तथा प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों ने मिलकर सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्जवलित के कल्याण मन्त्र का जाप किया। इसके पश्चात बच्चों ने डांस की प्रस्तुति दी। भिन्न भिन्न स्कूलों के बच्चों के रिजल्ट को देखकर उनके अंकों के आधार पर प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा के द्वारा विशेष रूप से उनकी माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। रंजना शर्मा ने बताया की बच्चों के पालन पोषण और उनकी शिक्षा मे उनकी प्रथम गुरु उनकी माँ की मुख्य भूमिका होती है इसीलिए साक्षी समिति द्वारा विभिन्न स्कूलों मे जिन बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किये थे उनको तथा उनकी माताओं को सम्मानित किया। सभी बच्चों को हमारे अतिथि सभासद शिव सैनी , उर्मिला शर्मा , रंजना शर्मा और समिति अध्यक्ष सुधा शर्मा ने बधाई दी और भविष्य मे आगे बढ़ने और अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया। सभी बच्चें उपहार पाकर झूम उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा शर्मा ने और संचालन रेनू शर्मा ने किया।

## आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। सोमवार को एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज चंदौसी संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शीतल गहलोत के तत्वाधान में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता सेवा अभियान स्वच्छता पखवाड़ा के चौदहवे दिन एक 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस उपलक्ष में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहित किया और जिन छात्राओ ने प्रतियोगिता मे भाग लिया उन छात्रों को शुभकामनाएं दी । प्राचार्य ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत का मतलब है हम सबम आत्म निर्भर बनेंगे तो तभी हमारा देश भी आत्म निर्भर होगा। अर्थात हमे सामाजिक , राजनीतिक,और आर्थिक रूप से सक्षम होना ही आत्निर्भरता कहलाती है । भाषण प्रतियोगिता का शीर्षक आत्म निर्भर भारत था जिसमे कु. महक, मीनाक्षी यादव, रजनी , लक्ष्मी, फरीन, भावनाआर्य , शिवनी,कमलेश ,स्वाति, आदि छात्रा ने भाग लिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनम, प्रवक्ता होम साइंस का सहयोग रहा। इस दौरान कार्यक्रमें में डॉक्टर.आरती ओझा, डॉक्टर विभा सिंह उपस्थित रहीं।चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीता का विशेष सहयोग रहा।

## प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर निःशुल्क बीज होगा वितरण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल/ सुधर सिंह जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद सम्भल के समस्त कृषक भाईयो को सूचित किया जाता है कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं औद्यानिक विकास योजना राज्य सेक्टर की लाभार्थीपरक योजनाओं में संकर शाक भाजी, संकर मसाला मिर्च एवं पुष्प क्षेत्र विस्तार (गेंदा) कार्यक्रमों के अन्तर्गत नामित बीज कम्पनियों यथा सोना सीड्स, बापना सीड्स, जेके0 सीड्स, नामधारी सीड्स, एडवांटा सीड्स, ट्रोपिका सीड्स, सूरज सीड्स, इण्डो अमेरिकन सीड्स, कलश सीड्स, हेमट्रिक्स सीड्स, के द्वारा संकर शिमला मिर्च, मिर्च, टमाटर, फूलगोभी, पतागोभी, लौकी, तोरई, करेला, खीरा एवं गेंदा बीज आदि के वितरण हेतु मेले का आयोजन दिनांक 01.10.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी चीनस शुगर मिल्स के सामने चन्दौसी बहजोई रोड मझावली पर स्टाल लगाकर पंजीकृत लाभार्थी कृषकों को प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर निःशुल्क बीज वितरण किया जायेगा।उद्यान विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकृत कृषक सीधे बीज विक्रेता फर्म/कम्पनी से अपनी इच्छानुसार बीज प्राप्त करेंगें। पंजीकृत कृषकों को स्वंय बीज प्राप्त करने हेतु आना होगा। जिन कृषको का पंजीकरण नही है उनको अपने साथ आधार कार्ड बैंक पासबुक एवं खतौनी की छायाप्रति के साथ दो फोटो मोबाइल नम्बर सहित अपना पंजीकरण करा ले उनको भी उसी दिन निःशुल्क बीज उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## संपादकीय

# नसरल्लाह का खेल खत्म

अंततः इजरायली सेना ने आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के सरगना शेख हसन नसरल्लाह को मार गिराया। इसी के साथ एक खूंख्वार और खौफनाक आतंक का अध्याय समाप्त हुआ। इजरायली सेना ने सटीक खुफिया सूचना के आधार पर लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह मुख्यालय और उसके 140 से अधिक ठिकानों पर ऐसी बमवर्षा की कि नसरल्लाह किसी बंकर में भी सुरक्षित नहीं रह पाया। करीब 30 मिनट के भीतर लगभग 80 बम दागे गए। उनमें बंकर बस्टर बम भी थे, जो किसी भी बंकर को फाड़ कर अंदर घुसने और विस्फोट करने में सक्षम हैं। इस अभियान के बाद इजरायली सेना ने बयान दिया कि अब नसरल्लाह दुनिया पर अपना आतंक नहीं फैला सकेगा। जाहिर है कि यह उसके मारे जाने का ठोस दावा था। कुछ घंटों के बाद हिजबुल्लाह ने भी कबूल किया कि चीफ शहीदों में शामिल हो गए हैं। दरअसल नसरल्लाह अलकायदा के ओसामा बिन लादेन, अयमान अल जवाहिरी, हमास के सियासी ब्यूरो के सरगना इस्माइल हनियेह और हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडरों की जमात का ही आतंकवादी था, जिसने अमरीका और इजरायल में हजारों इनसानी जिंदगियों को 'लाश' बना दिया था। उसका एकमात्र मकसद था कि इजरायल और यहूदियों का वजूद ही खत्म करना है। नसरल्लाह 1992 से हिजबुल्लाह का सरगना आतंकी था। संगठन के संस्थापक मुखिया सैयद अब्बास मुसावी को दक्षिण लेबनान में इजरायली हेलीकॉप्टर हमले में मार दिया गया था। उसके दो दिन बाद फरवरी, 1992 में नसरल्लाह महासचिव चुना गया। उसके नेतृत्व में ही हिजबुल्लाह मध्य-पूर्व में सबसे ताकतवर समूहों में से एक बना। 1997 में अमरीका ने हिजबुल्लाह को आतंकी संगठन घोषित किया।

नसरल्लाह ईरान की 'प्रॉक्सी' के तौर पर इस्लामी जेहाद का 'मुजाहिद' माना जाता था। यह इसी से साफ है कि ईरान ने उसकी मौत के बाद पांच दिन का 'राष्ट्रीय शोक' घोषित किया है, क्योंकि ईरान ने उसे 'महान मुजाहिद' माना है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से ही ऐलान किया है कि जब तक हमास, हिजबुल्लाह का खात्मा नहीं होता, तब तक इजरायल की उनके खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। अब सवाल है कि नसरल्लाह के बाद हिजबुल्लाह की सैन्य और मानसिक ताकत कितनी शेष रहेगी कि वह इजरायल से जंग लड़ सके? हिजबुल्लाह के शीर्ष चार कमांडरों को इजरायली सेना ने बीते एक माह के दौरान ही ढेर कर दिया था। अब कमांडर अबु अली रीदा ही जिंदा बचा है। बेशक हिजबुल्लाह की ताकत और शस्त्रागार अब भी पर्याप्त हैं, लेकिन सरगना की मौत के बाद जो बिखराव आएगा, उसे समेटने में अभी वक्त लगेगा। हालांकि सरगना की मौत के बावजूद हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजरायल पर करीब 90 रॉकेट दागे, लेकिन उन्हें बॉर्डर पर ही नाकाम कर दिया गया। खबरें हैं कि नसरल्लाह का चचेरा भाई और हिजबुल्लाह की कार्यकारी परिषद का मुखिया हाशेम सैफीद्दीन को हिजबुल्लाह का 'नया सरगना' बनाया जा सकता है। गौरतलब यह भी है कि क्या ईरान इजरायल के खिलाफ पलटवार करेगा अथवा बयानबाजी तक ही सीमित रहेगा? ईरान ने इजरायल के हमले को 'बर्बर' करार दिया है। हमले में निहत्थे लोगों को निशाना बनाया गया है। इजरायल को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बेशक इजरायल ने हिजबुल्लाह का कचूमर निकाल दिया है। लेबनान में व्यापक तौर पर तबाही हुई है। असंख्य घर और इमारतें जमींदोज हो गई हैं, लेकिन यह इजरायल, हमास, हिजबुल्लाह, ईरान किसी की भी मानवीय चिंता नहीं है। ईरान नसरल्लाह की मौत से घबरा गया है, लिहाजा सर्वोच्च नेता खामेनेई को किसी 'सुरक्षित स्थान' पर भेजा गया है। क्या खामेनेई भी इजरायल के निशाने पर है? ईरान के सामने कई संकट हैं। यदि वह इजरायल के खिलाफ खुली जंग में उतरता है, तो अमरीका उसके परमाणु कार्यक्रम और अस्त्रों को विनष्ट कर सकता है। इजरायल भी ईरान के तेल-ढांचे को निशाना बना कर छिन्न-भिन्न कर सकता है। नसरल्लाह की मौत ऐसी घटना है, जिससे मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के देश ही प्रभावित नहीं होंगे, बल्कि वैश्विक समीकरण बदलेंगे। इजरायल के साथ अमरीका और यूरोपीय देश हैं, जबकि ईरान के पक्ष में रूस और चीन जैसे देशों का गठजोड़ है। चर्चा है कि क्या भारत, पाकिस्तान में मौजूद आतंकी आकाओं का सफाया नहीं कर सकता?

(1 अक्टूबर को विश्व शाकाहार दिवस पर विशेष)

# मनुष्य का शाकाहार करना धर्मपालन करने समान



अशोक "प्रवृद्ध"

शाकाहार करने वाले मनुष्यों में स्वतः ही सहज रूप से प्रेम, मैत्री सहृदयता, क्षमा, समृद्धता, सहिष्णुता, रचनाधर्मिता कला, विश्वास, संयम, संतुलन जैसे महान जीवनमूल्यों और सृजनशील वृत्तियों का विकास होता है। इस तथ्य कीपुष्टि आधुनिक वैज्ञानिक भी करते हैं। प्राचीन भारतीयों की भांति ही यूनानवासी भी मूलतः शाकाहारी ही थे। उनकी पुनर्जन्म में अडिग आस्था थी। यूनानी विचारकों के अनुसार शाकाहार में विकारों के विरेचन की विलक्षण शक्ति है। और जो व्यक्ति पुनर्जन्म में आस्था रखता है, वह मांसाहारी हो ही नहीं सकता। शाकाहारी जीवन व्यतीत करने वाले यूनानी गणितज्ञ पाइथागोरस ने अपने अनुभवों का वर्णन करते हुए कहा है कि शाकाहार चित के निर्मलीकरण का बहुत बड़ा आधार हैं।

शाकाहार एक ऐसा प्राकृतिक आहार है, जिसके उत्पादन में न तो कहीं कोई क्रूरता शामिल है, न बर्बरता, न शोषण और न ही हिंसा। यह किसी जीवधारी के प्राण लेकर उत्पन्न आहार नहीं हैं। इससे न तो वातावरण प्रदूषित होता है और न ही इसके उत्पादन व भोज्य पदार्थ के रूप में ग्रहण से कोई रोग फैलता है। दुग्ध उत्पाद, फल, सब्जी, अनाज, बादाम आदि बीज सहित वनस्पतिआधारित भोजन को शाकाहार कहते हैं। शाकाहार में वे सभी चीजें शामिल हैं, जो वनस्पति आधारित हैं, पेड़- पौधों से मिलती हैं एवं पशुओं से मिलने वाली ऐसी चीजें, जिनमें कोई प्राणी जन्म नहीं ले सकता। शाकाहार करने वाले व्यक्ति को शाकाहारी कहते हैं।

शाक शब्द संस्कृत की शक धातु से निष्पन्न शब्द है। जिसका अर्थ है-योग्य होना, सहन करना। शक धातु शक्नोति आदि रूपों में चलती है। इसी से शक्ति, शक्त शक्तिमान आदि शब्द बने हैं। शक्त का अर्थ है-योग्य, समर्थ, ताकतवर। इस तरह शाकाहार का शब्दार्थ हुआ, एक ऐसा आहार, जो मनुष्य की योग्यताओं का विकास करे और उसे बलशाली तथा पराक्रमी बनाए। आधुनिक इतिहास के अनुसारशाकाहार कोई क्षणिक वृत्ति नहीं है, वरन यह आदि सनातन काल में मानव सृष्टि के बाद से ही विविधअनुभवों व प्रयोगों के रूप में मानव जीवन शैली का अंग बन हुआ है। जान हापकिंस विश्वविद्यालय के नृतत्वविज्ञानी प्राध्यापक डॉ0 आलन वाकर केद्वारा मनुष्य की दंत रचना का 1 करोड़ 20 लाख वर्षों में फैले कालपटल पर किए गए गहन अध्ययन और अनुसंधान से निकले निष्कर्ष भी इस बात की पुष्टि ही करते हैं कि मनुष्य के आदि पूर्वज शाकाहारी थे। और मनुष्य ईसा पूर्व 12,00,000 वर्ष पहले भी फलाहार ही किया करता था। वेजीटेरियनिज्म - ए ह्यूमन इंपेरेटिव नामक पुस्तक के अनुसार मिश्र, सुमेरिया, भारत, चीन तथा रोम एवं ग्रीस के लोग पूरी तरह से शाकाहारी हुआ करते थे। लैटिन भाषा के वेजीटस शब्द से उत्पन्न वेजीटेरियनशब्द सर्वप्रथम 1842 ईस्वी में प्रयोग में आया, जिसका अर्थ है-स्वस्थ, समग्र, समर्थ, विश्वस्त, परिपक्व, ताजा, जीवंत। फ्रांसीसी भाषा का वेजीटेरियन शब्द परवर्ती लैटिन के वेजीटेबल शब्द का विकास है। जिसका अर्थ है, जीवन-संचारक या जीवन से भरपूर। इस शब्द की व्युत्पत्ति लैटिन भाषा के शब्द वेजीटेरे से हुई है। इसका तात्पर्य है, अनुप्राणित करना, गति देना। सन 1847 ईस्वी में शाकाहार को प्रसारित-प्रवर्तित करने वाली एक



धर्मनिरपेक्ष संस्था-द वेजीटेरियन सोसायटीका इंग्लैंड के मेनचेस्टर शहर में जन्म हुआ। सन 1908 ईस्वी में विश्व के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय संगठन इंटरनेशनल वेजीटेरियन यूनियन की स्थापना हुई। आज इस संगठन की समूचे विश्व भर में अनेकों शाखाएं है। आधुनिक विज्ञानशाकाहार की श्रेष्ठता निर्विवाद रूप से सिद्ध करते हुए इस बात को स्वीकार करता है कि मनुष्य शाकाहारी रहकर संपूर्ण जीवन निरामय होकर स्वस्थ जीवन जी सकता है। इसीलिए लोगों को शाकाहार के लाभों के बारे में जागरूक करने और एक स्वस्थ, नैतिक और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए एक वैश्विक अभियान के रूप में प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को विश्व शाकाहारी दिवस मनाया जाता है। विश्व शाकाहारी दिवस की शुरुआत 1977 में उत्तरी अमेरिकी शाकाहारी समाज द्वारा की गई थी। 1 अक्टूबर को विश्व शाकाहारी दिवस के रूप में मनाने का फैसला इसलिए लिया गया ताकि यह शाकाहारी जागरूकता माहके शुरुआती दिन के रूप में काम करे, जो पूरे अक्टूबर महीने चलता है।

वेजीटेरियन शब्द यूरोप में भले ही उन्नीसवीं शताब्दी में आविष्कृत हुआ हो, पर भारत में आदिकाल में मानव सृष्टि के बाद से ही इसका प्रचलन हो चुका था। भारतीय समाज व संस्कृति में शाकाहार की जड़े अत्यंत गहरी और सघन हैं। संसार के आदिग्रंथ ऋग्वेद के साथ ही अथर्ववेद, मनुस्मृति, महाभारत आदि में शाकाहार के महत्व का वर्णन करते हुए शाकाहार को सर्वोत्तम आहार बताया गया है। जैनधर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर एवं बौद्धधर्म के प्रवर्तक भगवान बुद्ध ने भी जीवन के प्रति सम्मान की भावना को पुनर्जीवित करते हुए सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव प्रतिपादित किया और शाकाहार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय परंपरा में सदा-सीमित आहार, संयत रहन- सहन, सरल, निश्छल अहिंसामूलक जीवन और समस्त संसार के साथ कुटुंबवत व्यवहार को शाकाहार माना गया है। प्रत्येक जीवधारी के सम्मान के प्रति गहन आस्था की द्योतकशाकाहार एक करुणामूलक जीवनशैली है। भारतीय परंपरा के अनुसार शाकाहार जीवन की गुणवत्ता को समृद्ध करने वाला आहार है। शाकाहार करने वाले मनुष्यों में स्वतः ही सहज रूप से प्रेम, मैत्री सहृदयता, क्षमा, समृद्धता, सहिष्णुता, रचनाधर्मिता कला, विश्वास, संयम, संतुलन जैसे महान जीवनमूल्यों और सृजनशील वृत्तियों का विकास होता है। इस तथ्य कीपुष्टि आधुनिक वैज्ञानिक भी करते हैं। प्राचीन भारतीयों की भांति ही यूनानवासी भी मूलतः शाकाहारी ही थे। उनकी पुनर्जन्म में अडिग आस्था थी। यूनानी विचारकों के अनुसार शाकाहार में विकारों के विरेचन की विलक्षण शक्ति है। और जो व्यक्ति पुनर्जन्म में आस्था रखता है, वह मांसाहारी हो ही नहीं सकता। शाकाहारी जीवन व्यतीत करने वाले यूनानी गणितज्ञ पाइथागोरस ने अपने अनुभवों का वर्णन करते हुए कहा है कि शाकाहार चित के निर्मलीकरण का बहुत बड़ा आधार हैं।

मानव की शारीरिक संरचना की दृष्टि से भी शाकाहार ही स्वाभाविक भोजन है। मनुष्य के दांत सपाट बने होते हैं। मनुष्य अपने भोजन को चबाकर खाता है, जिससे उसे पचाने में सुविधा रहती है और पचाने के लिए मनुष्य की आंत की लंबाई उसके शरीर की तुलना में 12 गुनी लंबी होती है। मांसाहारी जीव भोजन को चबाने के स्थान पर सीधे निगल जाते हैं। उनकी आंतों की लंबाई भी उनकी लंबाई से मात्र तीन गुणा ही अधिक होती है। प्रकृतिके नियम के अनुसार मनुष्य का शाकाहार करना ही उसकेद्वारा किया गया धर्मपालन है। ईश्वरने सृष्टि बनाते समय प्रत्येक जीव के लिए आहार भी निश्चित किया। उसके अनुसार हिंसक प्राणियों को दूसरे प्राणियों की हिंसा कर भोजन करने में सहायता हो, इस हेतु लंबे दांत एवं विशेष प्रकार की बत्तीसी तथा जबडों कीरचना की। इसके विपरीतमनुष्य के मुख में सामने के दांत मांस तोडने में असमर्थ होते हैं। मनुष्य के दांत शाकाहारसहजता से चबा सकते हैं। मनुष्य की बत्तीसी गाय के दांतों के समान होती है। प्रकृति के नियम के अनुसार गाय केवल शाकाहार करती है। इसलिए मनुष्य का शाकाहार करना धर्मपालन करने समान है।

विश्वभर के चिकित्साविज्ञानियों ने अपने शोध निष्कर्षों से यह साबित कर दिया है कि शाकाहार ही स्वास्थ्य के लिए सर्वश्रेष्ठ होता है। जीव- जंतुओं से प्राप्त होने वाली एनिमल प्रोटीन की जरूरत भी दूध के सेवन से पूरी की जा सकती है। शाकाहार में मौजूद रेशे, विटामिन सी तथा प्रोटीन पचने से प्राप्त होने वाले नाइट्रोजन यौगिक कैंसर पैदा करने वाले पदार्थों को सोखकर या तो शरीर से बाहर निकाल देते हैं। अथवा उन्हें ऐसे यौगिकों में बदल देते हैं, जो निरापद होती है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार शाकाहार आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। आज जीवन की गुणवत्ता तथा प्राकृतिक एवं पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने में शाकाहार एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है। धरती पर खाद्य स्रोतों का इतना सुनियोजित और संतुलित वितरण है कि यदि हम चाहे तो कृषि के वर्तमान उत्पादन स्तर पर अब से आठ से दस गुनी ज्यादा आबादी का पेट आसानी से भर सकते हैं। परंतु मांस के स्वादिष्ट होने की उम्मीद में ही आधी से ज्यादा अन्न फसलें पशुओं को खिला दी जाती है।

समाज मनोवैज्ञानिकों के अनुसार आज विश्व में सबसे बड़ी समस्या हिंसा और आतंकवाद की है। मनुष्य के स्वभाव को अहिंसा और शाकाहार की ओर प्रवृत्त करके ही इन्हें रोका जा सकताहै। दुर्दांत अपराधियों के व्यवहार भी शाकाहार से परिवर्तित किए जा सकते हैं। शाकाहार से विश्वशांति का प्रसार हो सकता है, साथ ही मानव को अधिक स्वस्थ और रोगमुक्त रखकर जीवन को अपेक्षाकृत अधिक आनंदमय बनाया जा सकता है। भारत तो प्रारंभिक काल से ही शाकाहार के मामले में अग्रणी रहा है। कुछ सर्वेक्षणों के अनुसार भारत में 82 प्रतिशत लोग प्रतिदिन शाकाहार करते हैं। और विश्व में शाकाहारियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

## 1 अक्टूबर : इतिहास की अहम घटनाएं

1940 पेन्सिलवेनिया टर्नपाइक का पहला खंड, संयुक्त राज्य अमेरिका का पहला इंटर-सिटी एक्सप्रेस, जो जर्मन ऑटोबान के बराबर है, यातायात के लिए खोला गया।

1949 चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता माओत्से तुंग ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की घोषणा की।

1949 चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई और माओत्से तुंग राष्ट्रपति बने।

1960 नाइजेरिया ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ और आज के दिन को वहाँ राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

1964 जापान में हाई-स्पीड रेलवे लाइनों की शिंकानसेन (बुलेट ट्रेन) लिंक टोक्यो ओलंपिक के साथ मेल खाना शुरू होती है, जिसमें 210 किमी / घंटा (130 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से चलने वाली पहली ट्रेनें हैं।

1964 जापान में हाई-स्पीड रेलवे की पहली शिंकानसेन लाइन, टोकेडो शिंकानसेन सेवा के लिए खोली गई।

1975 मुहम्मद अली ने 14 वें राउंड में जो फ्रेजर को प्रैक्टिकल नॉकआउट से हराया। इस मैच को इतिहास में सबसे महान मुक्केबाजी मैचों में से एक माना जाता था और इसे अक्सर ३थ्रिला इन मनीला३ मैच के रूप में जाना जाता है।

1976 अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है क्योंकि पूरे देश में अमेरिकी स्वाइन फ्लू बुखार की नई घातक बीमारी से निपटने के लिए खुद को शॉट्स के लिए तैयार करते हैं, जो कि बाद में सर्दियों में उभरने का अनुमान है।

1991 न्यूजीलैंड का संसाधन प्रबंधन अधिनियम प्रभावी हो गया, ताकि उनके स्थायी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक और भौतिक संसाधनों जैसे कि भूमि, एयरंड पानी तक पहुंच को विनियमित किया जा सके।

1991 क्रोएशियाई स्वतंत्रता संग्रामः यूगोस्लाव राष्ट्रीय सेना बलों ने शहर के सात महीने की घेराबंदी की शुरुआत करते हुए, क्रोएशिया के डबरोवनिक के आसपास के क्षेत्र पर हमला किया।

1994 पलाऊ ने संयुक्त राष्ट्र की विश्वस्तरीय परिषद से स्वतंत्रता प्राप्त की।

2005 इंडोनेशिया के बाली में दो स्थानों पर आतंकवादी आत्मघाती बम विस्फोट हुए, जिसमें बीस लोग मारे गए और 120 अन्य घायल हो गए।

2005 बाली में बम विस्फोट से 23 लोगों की मौत हुई।

2009 एक, अर्दीपीथेकुसरामिडस जीवाश्म कंकाल की खोज, पैलियोन्टोलॉजिस्ट द्वारा घोषित की गई थी। यह मानव पूर्वज का सबसे पुराना जीवाश्म कंकाल माना जाता है।

2010 उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया कोरियाई युद्ध में पीड़ित परिवारों के लिए एक परिवार के पुनर्मिलन कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए सहमत हैं।

2011 पाकिस्तानी अदालत ने मलिक मुमताज हुसैन कादरी को पाकिस्तानी राजनेता सलमान तासीर के आत्मघाती हत्यारे को मौत की सजा सुनाई।

2011 मार्टिन डेम्पसे को राष्ट्रपति ओबामा द्वारा अमेरिका का संयुक्त कमान नियुक्त किया गया।

2013 एक बौद्ध भीड़ 70 से अधिक मुस्लिम घरों में घुसती है और म्यांमार के राखाइन राज्य में 94 वर्षीय एक महिला की हत्या कर देती है।

2014 मैक्सिकन सरकार मुख्य रूप से ड्रग तस्करी में शामिल एक परिवार संचालित अपराध समूह के प्रमुख हेक्टर बेल्ट्रान लेवा को गिरफ्तार करती है।

2015 ग्वाटेमाला के संता काटरीना पिनुला में भारी बारिश और भूस्खलन से 280 लोगों की मौत हुई।

## समसामयिक



डॉ. आर के पालीवाल
rkpaliwal1986@gmail.com

# हिमालय के संरक्षण पर केंद्रित सोनम वांगचुक की लेह से दिल्ली पदयात्रा

**सोनम** वांगचुक पिछले साल बर्फीले मौसम में खुलेआसमान तले ठिठुराती सर्दी में लंबे समय तक भूख हड़ताल कर चुके हैं। वे सीमावर्ती लद्दाख क्षेत्र को चीन सीमा के पास होने के कारण बेहद संवेदनशील मानते हैं और चाहते हैं कि केंद्र सरकार लद्दाख के पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए समुचित उपाय करे। अभी तक उन्होंने खुद को अपने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्यरत समाजसेवी के रूप में ही लोगों के सामने प्रस्तुत किया है, हालांकि कुछ लोग उनमें भी लद्दाख में वैसी ही राजनीतिक महत्वाकांक्षा देखते हैं जैसी दो दशक पहले दिल्ली में अन्ना आंदोलन के सक्रिय सदस्य अरविन्द केजरीवाल आदि में देखी थी। बहरहाल फिलहाल उस प्रश्न पर चर्चा निरर्थक है। इस वक्त सोनम वांगचुक की यात्रा हिमालय के संरक्षण के महत्वपूर्ण रचनात्मक मुद्दे पर केंद्रित है जिसका फैलाव जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में सर्वाधिक है।

एक सितंबर को सोनम वांगचुक ने लेह से लद्दाख बचाओ, हिमालय बचाओ पद यात्रा शुरू की थी। लदाख बचाओ और हिमालय बचाओ के पर्यावरण के मुद्दे पर चल रही इस पदयात्रा की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार रास्ते में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं यात्रा में शामिल लेह लद्दाख के लोगों का स्वागत और अभिनंदन कर रही हैं। हिमालय और लद्दाख में बसने वाले लोगों के हितों की सुरक्षा एवम लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली को लेकर सोनम वांगचुक ने समय समय पर पहले भी आवाज़ उठाई है। अपनी यात्रा में भी सोनम वांगचुक यह दोहरा रहे हैं कि उनकी इस यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम कदम उठाना है और वे केंद्र सरकार को यह याद दिलाना चाहते हैं कि लद्दाख की प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के बारे में उसने जो वचन दिया था वह पांच साल बीत जाने के बावजूद अभी तक लागू नहीं हो पाया। उनका कहना है कि संविधान के दायरे में हिमालय नीति व विकास पर सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए, जिसमें स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। वे कहते हैं कि लेह लद्दाख में कोई लोकतांत्रिक मंच नहीं है, जिसके तहत लोगों की राय ली जा सके इसीलिए उन्हें यह पदयात्रा करनी पड़ी।

पदयात्राओं की हमारे देश के आध्यात्मिक और राजनीतिक जगत में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गुरु नानक देव, विवेकानंद, बुद्ध और महावीर आदि ने पुरातन काल में काफ़ी पदयात्राएं की थी। पिछली सदी में महात्मा गांधी के दांडी मार्च और विनोबा भावे की लंबी भूदान पदयात्राओं का भी ऐतिहासिक महत्व है। हाल के वर्षों में जगन मोहन रेड्डी और राहुल गांधी की पदयात्राओं ने भी मीडिया के साथ साथ आम अवाम का ध्यान खींचा था जिसका राजनीतिक लाभ उनके दलों को मिला है। नदियों के सरंक्षण के लिए भी यात्राओं का अनवरत सिलसिला रहा है। इसी परिपेक्ष्य में हमने भी पिछले साल बेतवा नदी की अध्ययन एवम जन जागरण यात्रा का कुछ हिस्सा पदयात्रा के रूप में किया था क्योंकि पदयात्राएं आम जन से गहराई से जुड़ती हैं।

हिमालय का भौतिक विस्तार भले ही उत्तर और पूर्व के कुछ राज्यों तक सीमित हो लेकिन यहां से निकली गंगा और यमुना जैसी सदानीरा नदियों का विस्तार देश के लगभग आधे भूभाग में है। इसके अलावा हिमालय की बर्फ और उसके मौसम पर प्रभाव से पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरा एशिया महाद्वीप प्रभावित होता है। हिमालय के पर्यावरण पर कोई भी प्रतिकूल प्रभाव प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पूरे देश की आबादी पर असर डालता है, इसलिए हिमालय के पर्यावरण की चिंता केवल हिमालय क्षेत्र के निवासियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इस चिंता में देश के हर नागरिक को शामिल होना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि सोनम वांगचुक की पदयात्रा जैसे जैसे दिल्ली के नज़दीक आएगी मुख्यधारा का मीडिया और मैदानी इलाकों के प्रकृति प्रेमी भी बड़ी संख्या में इस पदयात्रा से जुड़ेंगे और यह पदयात्रा हिमालय के सरंक्षण में मील का पत्थर साबित होगी।

# हरियाणा का खराब लिंगानुपात क्यों नहीं बना चुनावी मुद्दा?

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के शुरुआती साल 2014 में लिंगानुपात में कुछ सुधार के बाद हरियाणा में यह फिर से बिगड़ने लगा है। एक साल में ही हरियाणा में जन्म के समय लिंगानुपात में बड़ा सुधार हुआ। एक हज़ार लड़कों के मुकाबले 900 लड़कियों के जन्म के साथ ही यह बीते 20 साल के सबसे अच्छे स्तर पर आ गया था। लेकिन उसके बाद फिर स्थिति बिगड़ गई। क्या हरियाणा में लिंगानुपात का चुनावी मुद्दा नहीं बनने में नेताओं की कम, लोगों की गलती ज़्यादा है क्योंकि पुरुष वर्चस्व वाले लोग ऐसा नहीं चाहते हैं। पुरुष नहीं चाहते कि यह तस्वीर बदले और इसका दोषी मैं भी हूँ। जब हम बिजली, पानी और सड़क की मांग करते हैं तो यह राजनीतिक मुद्दा भी बनता है। अगर हम मांग करेंगे तो लिंगानुपात की समस्या को भी गंभीरता से लिया जाएगा। राज्य के सभी दल चुनाव के दौरान अवश्य ही इस मुद्दे को गंभीरता से आम जनता के समक्ष उठाएं। यह मुद्दा काफी गंभीर है और सीधे रूप से सामाजिक ताने-बाने पर असर डालने वाला है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को इस विषय पर एकमत होते हुए जनता के बीच पहुंचना चाहिए। साथ ही इस विषय को मेनिफेस्टो में डाले जाने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि हमारी सभी की अपनी सोच इसके प्रति गंभीर बने।



- प्रियंका सौरभ

सालों पहले एक बार चुनाव के दौरान हरियाणा के एक नेता ने एक सभा में युवाओं से कहा था कि 'वोट दे दो, शादी करा दूंगा'। हालांकि यह काफी हल्के अंदाज़ में कहा गया था लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा आज भी काफी गंभीर है। राजनीति भी एक अजीब चीज है। मुद्दे आते हैं और चर्चा का विषय बन जाते हैं। चुनाव के समय पर अलग समीकरण और अलग मुद्दे प्रचार के दौरान हावी होते हैं। मुद्दे के नाम पर जमकर वोट मांगी जाती है। हरियाणा के इस विधानसभा चुनाव में अग्निवीर योजना, किसान आंदोलन और महिला खिलाड़ियों का मुद्दा राजनीतिक दलों के बीच काफी अहम नजर आ रहा है और चुनाव प्रचार में इन पर बहुत कुछ सुनने को मिल रहा है। लेकिन हरियाणा का देश में सबसे खराब लिंगानुपात चुनाव में कोई मुद्दा नहीं बन पाया है।

भारत में साल 2011 में हुई पिछली जनगणना में 0 से 6 साल के बच्चों में एक हज़ार लड़कों की तुलना में लड़कियों की संख्या हरियाणा में सबसे कम 830 थी। राज्य में लिंगानुपात यानी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की कम तादाद पर अलग-अलग मंचों से अक्सर चर्चा होती है लेकिन यह मुद्दा इस बार भी चुनाव में नजर नहीं आया है। यहां चिंता का विषय यह है कि अभी तक के समय काल में ऐसा देखने को नहीं मिला कि असंतुलित हो रहे लिंगानुपात से जुड़े विषय को चुनावी मुद्दे के रूप में लिया गया हो।

जबकि समय की जरूरत यह दिखती है कि आधी आबादी के जन्म लेने से पूर्व जो पुख्ता इंतजाम होने चाहिए, उसे राजनीतिक दलों के मेनिफेस्टो में एक अहम मुद्दे के रूप में



स्थान प्रदान किया जाए। चूंकि संविधान ने महिलाओं को पुरुषों के समान अवसर प्रदान करने का अधिकार दिया है। लिंगानुपात हरियाणा के चुनावों में मुद्दा बनना चाहिए लेकिन यह नहीं बन पाया है। पार्टियां इस मुद्दे को इसलिए नहीं उठाती हैं क्योंकि इससे उनकी पुरानी नाकामी उजागर होगी और अगर किसी पार्टी ने इस मुद्दे पर काम किया है, उसका प्रचार नहीं कर पाना भी उनकी कमी है। हरियाणा में लोग कहते हैं कि लड़कों के लिए दूसरे राज्यों से लड़कियाँ लानी होंगी, लेकिन फिर भी 'बेटी बचाओ' मुहिम और भ्रूण हत्या पर सख्ती ने भी हालात नहीं बदले। हरियाणा की महिलाएं घर और खेतों में काम करने के अलावा खेल के क्षेत्र में काफी आगे हैं। किसान आंदोलन में भी हरियाणा की महिलाओं को काफी सक्रिय देखा गया है। भारत को ओलंपिक और अन्य खेलों में पदक दिलाने वाली कई महिला खिलाड़ियों का ताल्लुक हरियाणा से ही है।

राजनीतिक सक्रियता के मामले में पार्टी कार्यकर्ता बनने और वोटिंग में महिलाएं आगे हैं, लेकिन शीर्ष पदों पर और नीतियां बनाने में अब भी वो काफी पीछे हैं। इसके पीछे हरियाणा के पारंपरिक समाज में पुरुषों के वर्चस्व को बड़ी वजह माना जाता है। भारत के कई इलाकों में गर्भ में बच्चियों की भ्रूण हत्या भी एक बड़ी समस्या रही है। जानकार मानते हैं कि इसके खिलाफ कुछ साल पहले तक टीवी और अख़बारों में चेतावनी के ज़्यादा विज्ञापन भी आते थे। गर्भ में भ्रूण का लिंग परीक्षण क़ानूनन अपराध होने के बाद भी इस पर पूरी तरह रोक लगा पाना संभव नहीं हो पाया है। ऐसे अपराध के मामलों में हरियाणा देश के शीर्ष राज्यों में बना हुआ है।

ख़राब लिंगानुपात के कारण हरियाणा में युवाओं की शादी के लिए लड़कियों की कमी की समस्या पुरानी है। यही नहीं राज्य सरकार ने 45 से 60 साल तक के अविवाहित पुरुषों के लिए पेंशन भी शुरू की है। हरियाणा भारत का ऐसा पहला राज्य है, जिसने इस तरह की पेंशन योजना शुरू की है। हरियाणा में लड़के और लड़कियों को अनुपात के हिसाब से देखें तो राज्य में प्रति एक हज़ार युवाओं में 100 से ज़्यादा युवाओं की शादी नहीं हो सकती।

जिसके चलते राज्य में युवाओं की शादी के लिए लड़कियों की कमी भी एक बड़ी समस्या है। यहाँ कई इलाक़ों में शादी के लिए लड़कियों की तलाश झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में की जाती है। ज़ाहिर है कि लड़कों और लड़कियों की आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। युवाओं के अविवाहित रहने की वजह से आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। बगैर महिलाओं का सशक्तिकरण किए आदर्श समाज की परिकल्पना करना नामुमकिन ही प्रतीत होता है। साल 2019 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कुल 9 महिलाओं ने जीत हासिल की थी। इस लिहाज से राज्य विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व महज़ 10 फ़ीसदी था। इस बार के चुनावों में भी अब तक हरियाणा में बीजेपी ने कुल 10 और कांग्रेस ने दो लिस्ट में 6 महिलाओं को ही टिकट दिया है। ऐसे में स्पष्ट है कि राजनीतिक दल महिलाओं के प्रति कैसी सोच रखते है? महिलाओं को टिकट तो दूर कि बात राज्य के सभी दलों ने कन्या भ्रूण हत्या जैसे संगीन मुद्दे को छुआ तक नहीं। विधान सभा में महिलाओं की संख्या बढ़ाने से पहले कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर विषय को चुनावी मुद्दे के रुप में शामिल किया जाए तो वह सीधे रुप से महिला सशक्तिकरण का काम करेगा। अगर ऐसा होता है तो उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

राज्य के सभी दल चुनाव के दौरान अवश्य ही इस मुद्दे को गंभीरता से आमजनता के समक्ष उठाएं। यह मुद्दा काफी गंभीर है और सीधे रुप से सामाजिक ताने-बाने पर असर डालने वाला है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को इस विषय पर एकमत होते हुए जनता के बीच पहुंचना चाहिए। साथ ही इस विषय को मेनीफेस्टो में डाले जाने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि हमारी सभी की अपनी सोच इसके प्रति गंभीर बने।

# छत पर गई महिला के साथ अजीबो-गरीब घटना, हालत गंभीर

## महिला पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती

नेशनल एक्सप्रेस /क्राइम रिपोर्टर



फिरोजाबाद। रविवार की शाम ऊषा देवी निवासी गांव अलावलपुर उम्र करीब 35 वर्ष रविवार शाम को मकान की छत पर टहलने गई थी। कुछ देर बाद छत से आवाज आई तो पति मनोज कुमार व सास छत पर पहुंचे। मौके पर हर तरफ खून पड़ा हुआ था। परिजन महिला को उपचार हेतु एफएच मेडिकल कालेज ले गए। जहां से उसे आगरा रैफर कर दिया गया। परिजनों ने सुबह पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी टूंडला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर नमूने जुटाए हैं।

महिला के गुप्तांगों पर गहरे घाव के निशान मिले हैं। इसके साथ ही पडोसी की दीवार व चारपाई पर भी खून लगा पाया गया है। सोमवार को एसएसपी सौरभ दीक्षित भी घटना स्थल पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी टूंडला अनुज कुमार ने पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती पीड़िता से भी घटना की जानकारी ली है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने दुष्कर्म की घटना से इंकार किया है। हर चीज की बारीकी से जांच की जा रही है। परिजनों ने भी किसी पर शक जाहिर नहीं किया है ।परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को सुबह दी है। आखिर परिजनों ने 12 घंटे बाद जानकारी क्यों दी। इसकी भी गहनता से जांच की जा रही है ।साक्ष्य व जांच के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# हाईवे पर कट बंद किए जाने से नाराज भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने दिया धरना

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने हाईवे पर बने कटों को बंद किए जाने से नाराजगी जाहिर करते हुए शिकोहाबाद के रूपसपुर में धरना प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने एनएचएआई के पदाधिकारियों के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी सोमवार को शिकोहाबाद के रूपसपुर में धरने पर बैठ गए। जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में फर्श डालकर बैठे किसान संगठन के पदाधिकारियों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों पर मनमानी करने और किसानों को परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जिला अध्यक्ष का कहना था कि शिकोहाबाद में जगह-जगह कटों को बंद कर दिया गया है, जिसके चलते किसान अपने जानवरों के लिए सड़क पार करके चारा भी नहीं ला पा रहे हैं। जबकि अधिकारियों के सामने बने कटों को छोड़ दिया गया है। किसानों के साथ नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धरना प्रदर्शन की सूचना पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी समर्थ कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने एक किसान नेताओं की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने कटों को तत्काल खुलवाए जाने का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन के बाद धरने को समाप्त कर दिया गया है। इस मौके पर काफी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रामलीला पदाधिकारियों से मिले पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।



जसराना। जसराना एवं खेरिया पटीकरा में होने वाली रामलीला को लेकर कोतवाली में सीओ एवं नायब तहसीलदार की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान रामलीला एवं रामबरात को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कमेटी के पदाधिकारियों ने रामबरात एवं रामलीला के दौरान पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने का आग्रह किया। सीओ ने भी कमेटी को सुझाव दिए।

जसराना में दो अक्तूबर से रामलीला का मंचन आरंभ होगा। पांच को कस्बा जसराना में भव्यता के साथ रामबरात निकाली जाएगी। वहीं देश की सुप्रसिद्ध खेरिया पटीकरा की रामलीला भी आरंभ होनी है। सीओ अंबरीश कुमार एवं नायब तहसीलदार नितिन चौधरी की मौजूदगी में दोनों रामलीलाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने पदाधिकारियों के साथ रामबरात एवं रामलीला के दौरान उमडने वाली भीड़ को लेकर चर्चा की। वहीं व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। सनातन धर्म रामलीला महोत्सव समिति से जुडे पदाधिकारियों ने बताया किथ कस्बा में पांच अक्तूबर को भव्यता के साथ रामबरात का आयोजन किया जाना है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों की भीड़ रहती है। वहीं खेरिया पटीकरा की रामलीला को देखने के लिए दो हजार से अधिक लोगों के आने की बात कही। सीओ ने कहा पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स रहेगा। कमेटी के पदाधिकारियों ने रामबरात निकलने से पूर्व नगर का भ्रमण कर कोई असुविधा एवं विवाद की स्थिति हो तो उन्हें अवगत करा दें जिससे उसे समय रहते दूर किया जा सके। इस दौरान धीरेंद्र सिंह यादव, प्रमोद शिवहरे, नीलेश गुप्ता, अमित मोहन, रिंकू गुप्ता, अशोक गुप्ता, गिरधर मिश्रा, सलमान अली आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को दी गई विदाई, हुआ सम्मान

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर

## सीनियर बेसिक शिक्षक संघ ने किया कार्यक्रम आयोजित



शिकोहाबाद । उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ फिरोजाबाद द्वारा शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की विदाई समारोह रामप्रकाश रिसोर्ट शिकोहाबाद फिरोजाबाद में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा तथा मुख्य वक्ता जसराना विधायक इंजी. सचिन यादव रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएसए आशीष कुमार पांडे तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा रवीन्द्र कुमार सिंह रहे। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष करतार सिंह यादव एवं संचालन भगवानदास संखवार प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्रेमस्वरूप पारस ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । वहीं अतिथियों के समक्ष सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री डॉ सहदेव सिंह चौहान ने सहायता प्राप्त विद्यालयो में व्याप्त समस्याओं को रखा, जिस पर सदर विधायक मनीष असीजा एवं जसराना विधायक सचिन यादव ने शासन स्तर पर एवं जनपद स्तर पर समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया ।

वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे ने शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं को जल्द हल करने की अपनी बात कही। इस दौरान रिटायर्ड शिक्षकों को सम्मान पत्र, शॉल एवं रामचरित मानस की पुस्तक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे करतार सिंह यादव ने सभी अतिथियों एवं आगुंतको का धन्यवाद दिया ।इस अवसर पर बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री नंद प्रकाश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पाल, डा राघवेंद्र सिंह यादव, धर्मेंद्र कुमार कृषणज, प्रदेश उपाध?यक्ष अतर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री डा. सहदेव सिंह चौहान, विमल यादव, संरक्षक बालकिशन राजपूत, संजय तोमर, भगवानदास शंखवार, परवेन्द्र सिंह यादव, अमरदीप शर्मा, अनिल कुमार बघेल, राधेश्याम यादव, उपासना, विवेक अग्रवाल, योगेन्द्र सिंह धनगर, अशोक अनुरागी प्रधानाचार्य, प्रेम प्रकाश कुशवाहा, कृष्णकान्त शर्मा, श्रद्धा चौहान, अमन कुमार लिपिक आदि उपस्थित रहे ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गडौरा विकासखंड हाथवंत,जनपद - फिरोजाबाद

पत्रांकः– मीमो/निविदा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/2024–25 दिनांक:30/09/2024

**प्रेस विज्ञप्ति/निविदा**

ग्राम पंचायत गडौरा विकासखंड हाथवंत के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2024-25 राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 01.10.2024 समय 10.00 बजे से 05/10/2024 अपराह्न 2:00 बजे तक पंजीकृत फमों से मुहरबन्द निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रप्रत्र कार्यालय ग्राम पंचायत गडौरा से दिनांक 01.10.2024 को 10.00 बजे से प्राप्त किये जा सकते है। निविदायें दिनांक 05.10.2024 को समय 03.00 बजे ग्राम पंचायत गडौरा के सील बन्द बॉक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिन निविदाओं को उपस्थिति में समय 03.00 बजे टेण्डर समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा मूल्य रू 200.00 धरोहर धनराशि....

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | ईकाई प्रति | ईकाई दर | सामग्री का अनु लागत रूपये में | धरोहर राशि | अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट बैग | 1120 | वैग | 375.0 | 420000 | 2% | 1 वर्ष |
| 2. | फाइनसैन्ड धन मी | 105 | घ.मी. | 1995.0 | 209475 | | |
| 3. | कोर सैन्ड | 90 | घ.मी. | 2835.0 | 255150 | | |
| 4. | स्टोनग्रिट 10–16 MM | 55 | घ.मी. | 2300.0 | 126500 | | |
| 5. | स्टोन बैलास्ट 40–डड | 56 | घ.मी. | 1850.0 | 103600 | | |
| 6. | प्रथम श्रेणी ईट सं में | 25000 | प्रति हजार | 6.09 | 152250 | | |
| 7. | पॉलीथिन | 1000 | वर्ग मीटर | 12.0 | 12000 | | |
| 8. | फिलर | 300 | श्रनिंग मीटर | 45.0 | 13500 | | |
| 9. | ब्रिक बैलास्ट 40 एम एम गेज | 21 | घ.मी. | 1260.0 | 26460 | | |
| 10. | आयरन | 2000 | कि0ग्रा0 | 65.0 | 130000 | | |
| 11. | आयरन गेट | 300 | कि0ग्रा0 | 76.0 | 23010 | | |
| 12. | अन्य सामग्री | | | | 50000 | | |
| 13. | योग | | | | 1521945 | | |

निविदा शर्तेः– 02 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर. सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी। निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर समिति का होगा। निर्माण सामग्री आवश्यकता अनुसार घट–बढ सकती है। पी.डब्लू.डी. के दरो के अनुसार घट–बढ सकती है। यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को कार्यवाही नहीं हो पाती है तो यह कार्यवाही अग्रीम कार्य दिवस में की जायेगी। किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र फिरोजाबाद होगा।

प्रधान सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत दिनौली गौरवा विकासखंड हाथवंत,जनपद फिरोजाबाद

पत्रांकः– मीमो/निविदा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/2024–25 दिनांक:30/09/2024

**प्रेस विज्ञप्ति/निविदा**

ग्राम पंचायत दिनौली गौरवा विकासखंड हाथवंत के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2024-25 राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 01.10.2024 समय 10.00 बजे से 05/10/2024 अपराह्न 2:00 बजे तक पंजीकृत फमों से मुहरबन्द निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रप्रत्र कार्यालय ग्राम पंचायत दिनौली गौरवा से दिनांक 01.10.2024 को 10.00 बजे से प्राप्त किये जा सकते है। निविदायें दिनांक 05.10.2024 को समय 03.00 बजे ग्राम पंचायत दिनौली गौरवा के सील बन्द बॉक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिन निविदाओं को उपस्थिति में समय 03.00 बजे टेण्डर समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा मूल्य रू 200.00 धरोहर धनराशि....

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | ईकाई प्रति | ईकाई दर | सामग्री का अनु लागत रूपये में | धरोहर राशि | अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट बैग | 2550 | वैग | 375.0 | 956250 | 2% | 1 वर्ष |
| 2. | फाइनसैन्ड धन मी | 240 | घ.मी. | 1995.0 | 478800 | | |
| 3. | कोर सैन्ड | 204 | घ.मी. | 2835.0 | 578340 | | |
| 4. | स्टोनग्रिट 10–16 MM | 110 | घ.मी. | 2300.0 | 253000 | | |
| 5. | स्टोन बैलास्ट 40–डड | 125 | घ.मी. | 1850.0 | 231250 | | |
| 6. | प्रथम श्रेणी ईट सं में | 87500 | प्रति हजार | 6.09 | 532875 | | |
| 7. | पॉलीथिन | 2000 | वर्ग मीटर | 12.0 | 24000 | | |
| 8. | फिलर | 625 | श्रनिंग मीटर | 45.0 | 28125 | | |
| 9. | ब्रिक बैलास्ट 40 एम एम गेज | 42 | घ.मी. | 1260.0 | 52920 | | |
| 10. | आयरन | 4000 | कि0ग्रा0 | 65.0 | 260000 | | |
| 11. | आयरन गेट | 600 | कि0ग्रा0 | 76.0 | 46020 | | |
| 12. | अन्य सामग्री | | | | 80000 | | |
| 13. | योग | | | | 351580 | | |

निविदा शर्तेः– 02 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर. सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी। निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर समिति का होगा। निर्माण सामग्री आवश्यकता अनुसार घट–बढ सकती है। पी.डब्लू.डी. के दरो के अनुसार घट–बढ सकती है। यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को कार्यवाही नहीं हो पाती है तो यह कार्यवाही अग्रीम कार्य दिवस में की जायेगी। किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र फिरोजाबाद होगा।

प्रधान सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत इटौली विकासखंड हाथवंत,जनपद - फिरोजाबाद

पत्रांकः– मीमो/निविदा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/2024–25 दिनांक:30/09/2024

**प्रेस विज्ञप्ति/निविदा**

ग्राम पंचायत इटौली विकासखंड हाथवंत के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2024-25 राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 01.10.2024 समय 10.00 बजे से 05/10/2024 अपराह्न 2:00 बजे तक पंजीकृत फमों से मुहरबन्द निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रप्रत्र कार्यालय ग्राम पंचायत इटौली से दिनांक 01.10.2024 को 10.00 बजे से प्राप्त किये जा सकते है। निविदायें दिनांक 05.10.2024 को समय 03.00 बजे ग्राम पंचायत इटौली के सील बन्द बॉक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिन निविदाओं को उपस्थिति में समय 03.00 बजे टेण्डर समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा मूल्य रू 200.00 धरोहर धनराशि....

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | ईकाई प्रति | ईकाई दर | सामग्री का अनु लागत रूपये में | धरोहर राशि | अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट बैग | 1120 | वैग | 375.0 | 420000 | 2% | 1 वर्ष |
| 2. | फाइनसैन्ड धन मी | 105 | घ.मी. | 1995.0 | 209475 | | |
| 3. | कोर सैन्ड | 90 | घ.मी. | 2835.0 | 255150 | | |
| 4. | स्टोनग्रिट 10–16 MM | 55 | घ.मी. | 2300.0 | 126500 | | |
| 5. | स्टोन बैलास्ट 40–डड | 56 | घ.मी. | 1850.0 | 103600 | | |
| 6. | प्रथम श्रेणी ईट सं में | 25000 | प्रति हजार | 6.09 | 152250 | | |
| 7. | पॉलीथिन | 1000 | वर्ग मीटर | 12.0 | 12000 | | |
| 8. | फिलर | 300 | श्रनिंग मीटर | 45.0 | 13500 | | |
| 9. | ब्रिक बैलास्ट 40 एम एम गेज | 21 | घ.मी. | 1260.0 | 26460 | | |
| 10. | आयरन | 2000 | कि0ग्रा0 | 65.0 | 130000 | | |
| 11. | आयरन गेट | 300 | कि0ग्रा0 | 76.0 | 23010 | | |
| 12. | अन्य सामग्री | | | | 70000 | | |
| 13. | योग | | | | 1541945 | | |

निविदा शर्तेः– 02 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर. सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी। निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर समिति का होगा। निर्माण सामग्री आवश्यकता अनुसार घट–बढ सकती है। पी.डब्लू.डी. के दरो के अनुसार घट–बढ सकती है। यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को कार्यवाही नहीं हो पाती है तो यह कार्यवाही अग्रीम कार्य दिवस में की जायेगी। किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र फिरोजाबाद होगा।

प्रधान सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत थानूमई विकासखंड हाथवंत,जनपद - फिरोजाबाद

पत्रांकः– मीमो/निविदा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/2024–25 दिनांक:30/09/2024

**प्रेस विज्ञप्ति/निविदा**

ग्राम पंचायत थानूमई विकासखंड हाथवंत के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2024-25 राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 01.10.2024 समय 10.00 बजे से 05/10/2024 अपराह्न 2:00 बजे तक पंजीकृत फमों से मुहरबन्द निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रप्रत्र कार्यालय ग्राम पंचायत थानूमई से दिनांक 01.10.2024 को 10.00 बजे से प्राप्त किये जा सकते है। निविदायें दिनांक 05.10.2024 को समय 03.00 बजे ग्राम पंचायत थानूमई के सील बन्द बॉक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिन निविदाओं को उपस्थिति में समय 03.00 बजे टेण्डर समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा मूल्य रू 200.00 धरोहर धनराशि....

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | ईकाई प्रति | ईकाई दर | सामग्री का अनु लागत रूपये में | धरोहर राशि | अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट बैग | 1275 | वैग | 375.0 | 478125 | 2% | 1 वर्ष |
| 2. | फाइनसैन्ड धन मी | 150 | घ.मी. | 1995.0 | 299250 | | |
| 3. | कोर सैन्ड | 130 | घ.मी. | 2835.0 | 368550 | | |
| 4. | स्टोनग्रिट 10–16 MM | 110 | घ.मी. | 2300.0 | 253000 | | |
| 5. | स्टोन बैलास्ट 40–डड | 125 | घ.मी. | 1850.0 | 231250 | | |
| 6. | प्रथम श्रेणी ईट सं में | 50000 | प्रति हजार | 6.09 | 345000 | | |
| 7. | पॉलीथिन | 2000 | वर्ग मीटर | 12.0 | 24000 | | |
| 8. | फिलर | 625 | श्रनिंग मीटर | 45.0 | 28125 | | |
| 9. | ब्रिक बैलास्ट 40 एम एम गेज | 42 | घ.मी. | 1260.0 | 52920 | | |
| 10. | आयरन | 4000 | कि0ग्रा0 | 65.0 | 260000 | | |
| 11. | आयरन गेट | 1200 | कि0ग्रा0 | 76.0 | 92040 | | |
| 12. | अन्य सामग्री | | | | 80000 | | |
| 13. | योग | | | | 2512260 | | |

निविदा शर्तेः– 02 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर. सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी। निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर समिति का होगा। निर्माण सामग्री आवश्यकता अनुसार घट–बढ सकती है। पी.डब्लू.डी. के दरो के अनुसार घट–बढ सकती है। यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को कार्यवाही नहीं हो पाती है तो यह कार्यवाही अग्रीम कार्य दिवस में की जायेगी। किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र फिरोजाबाद होगा।

प्रधान सचिव


## न्यूज ब्रीफ

### फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। सरिता पत्नी रामू 22 वर्षीय निवासी नगला बिलैया आगरा का शव थाना मटसेना क्षेत्रांगत किशनदास पुरा स्थित ससुराल में कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला। महिला का पति रामू खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मायका पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। जब तक मायका पक्ष के लोग घटना स्थल पर पहुंचे तब तक ससुरालीजन मौके से फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची मटसेना पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी डेढ़ साल पहले ही हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन उनकी बेटी को परेशान करने लगे थे। दहेज के लिए उन्होंने उनकी बेटी की हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया। जिससे आत्महत्या प्रतीत हो। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री का स्वागत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। लखनऊ से चलकर वृंदावन जा रहे भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं स्पात निगम के प्रदेश डारेक्टर घनश्याम सिंह पटेल और बृजक्षेत्र अध्यक्ष प्रशान्त पोनियां का टुंडला टोल प्लाजा पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत के दौरान प्रदेश महामंत्री घनश्याम सिंह पटेल ने कहा कि समूचे देश में भाजपा कार्यकर्ता सदस्यता पर्व अभियान के निमित्त घर घर जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करा रहे है। सभी कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी सदस्यता अभियान को गति प्रदान करें और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराएं। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ उठा रही हैं। हमारा दल समूचे विश्व में सबसे अधिक कार्यकताओं वाला दल पुनः बनने जा रहा है। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह पोनियां, भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सह प्रभारी रामतीर्थ सिंह चक, जिला मंत्री शरद पोनियां, धार्मिक शर्मा, सौरभ पोनियां, पुष्पेंद्र सोलंकी, अवधेश पोनियां, मुनेश पोनियां आदि लोग मौजूद रहे।

### रंगदारी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लाइनपार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे हरविलास उर्फ हल्ला पुत्र रोशनलाल निवासी नगला गिरधारी थाना लाइनपार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। हरविलास उर्फ हल्ला पर एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है।

### पुलिस ने किया शराब का विनिष्टीकरण

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/जसराना। थाना जसराना ने 26 मामलों में पकडी गई अवैध शराब का विनिष्टीकरण कराया गया। जिसमें गड्डा खोदकर उसमें शराब को नष्ट किया गया। जानकारी देते हुए सीओ अंबरीश कुमार सिंह ने कहा नायब तहसीलदार नितिन चौधरी की मौजूदगी में हुई कार्यवाही में 26 मामलों में पकडी गई 470 लीटर शराब को नष्ट कराया गया है। कार्रवाई माननीय न्यायालय के निर्देश पर की गई है।

### प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक जताया

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/ शिकोहाबाद ।पाली इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चन्द्र पालीवाल ( निवासी कमला नगर पालीवाल गन हाउस आगरा ) का रविवार को निधन हो गया था । आज सोमवार को पाली इंटर कॉलेज में पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कंडोलेंस की गई । इधर कॉलेज के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियो की बैठक में सुरेश चंद्र पालीवाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रवि मिश्रा एवं अन्य शिक्षकगण मौजूद थे। वहीं नगर पालिका के पूर्व सभासद तथा पाली इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के पूर्व उपाध्यक्ष विपिन कुमार पालीवाल ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी कर्मठ, जुझारू व्यक्ति बताया ।

## ब्रीफ समाचार

### डरा-धमाकर व जेल भिजवाने की धमकी देते हुए वनाधिकारी ने किसान से वसूले एक लाख बत्तीस हजार और रसीद दी मात्र 39570 रुपए की

■ शेष रकम वापसी के लिए पीड़ित ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव

**सहारनपुर।** जनपद की तहसील नकुड़ थाना तीतरों अन्तर्गत मौहल्ला अफगानान निवासी शाहबाज पुत्र फाजिल ने गत 24 सितम्बर को एक पत्र जिलाधिकारी सहारनपुर को सौंपते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी नकुड़ रेंज से धोखे से ली गई 92,430 रुपए की शेष बची धनराशि वापस कराये जाने की मांग की है।

शाहबाज ने पत्र में बताया कि उसके द्वारा अपने ही खेत से अज्ञानतावश कुछ पेड़ काट लिये गये। कुछ स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत पर वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी नकुड़ रेंज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शाहबाज को जेल भेजने की धमकी देते हुए एक लाख 32 हजार रुपए जुमार्ना जमा करने की बात कही। जिस पर शाहबाज द्वारा गत दस अगस्त 2024 को उक्त रकम वन क्षेत्राधिकारी को दे दी गई परन्तु विभाग के उक्त कर्मचारियों द्वारा कई चक्कर काटने के बाद गत बीस सितम्बर 2024 को मात्र 39 हजार 570 रुपए की रसीद सौंपी गयी। जिस पर शाहबाज ने कहा कि उससे तो एक लाख बत्तीस हजार रुपए लिये हैं जबकि रसीद मात्र 39 हजार 570 की क्यों ? यदि रसीद इतनी कम है तो उनकी बाकी 92 हजार 430 रुपए वापिस किये जायें। यह सुनकर वन क्षेत्राधिकारी गुस्से में लाल-पीला होते हुए बोले कि ज्यादा चक-चक करेगा तो जेल भिजवा देंगे और कभी बाहर नहीं आने देंगे। गत 24 सितम्बर को भयभीत शाहबाज ने वन क्षेत्राधिकारी द्वारा धोखे से हड़प लिये गये 92 हजार 430 रुपए की वापसी को जिलाधिकारी सहारनपुर से शिकायत करते हुए रकम वापसी की गुहार लगाई। अब देखना होगा कि आखिर शाहबाज को जेल होगी या फिर शेष बची धनराशि वापस मिलेगी ?

### अपने घर की तरह अपने शहर को भी रखें साफः नगरायुक्त

नेशनल एक्सप्रेस



**सहारनपुर।** शहर के लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम के प्रति जागरुक रहने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा 17 सितम्बर से प्रारंभ हुए 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत आज शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए एक स्वच्छता रैली निकाली गयी। रैली का शुभारंभ नगरायुक्त संजय चैहान व उपसभापति मुकेश गक्खड़ ने हरी झंडी दिखाकर व रिबन काटकर किया। इस अवसर पर गांधी पार्क में एक प्रदर्शनी तथा वेस्ट टू वंडर का भी आयोजन किया गया। रैली नगर निगम से शुरू होकर अम्बाला रोड़, घण्टाघर, रेलवे रोड़ व बस स्टैण्ड होते हुए गांधी पार्क पहुंचकर समाप्त हुयी। रैली में निगम के डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के वाहन, सीवर जैटिंग मशीन, काउ कैचर वाहन, डॉग कैचर वाहन, मोबाइल टॉयलेट, नगर निगम की सफाई सम्बंधी क्विक रेसपॉन्स टीम (क्यूआरटी), उद्यान विभागों के वाहन तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान की झांकियों के अलावा एनसीसी की तीनों बटालियन के कैडेट्स, स्काउट गाइड, एसएएम इण्टर कॉलेज, गुरुनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज की छात्र-छात्राएं, जिला चिकित्सालय की एएनएम, मौहल्ला समितियों के सदस्यों और आईटीसी मिशन सुनहरा कल उमंग, फोर्स व स्पेस के वालंटियर्स शामिल रहे। गांधी पार्क पहुंचकर उपसभापति मुकेश गक्खड़ ने रैली में मौजूद लोगों को एक वर्ष में सौ घण्टे अर्थात एक सप्ताह में दो घण्टे अपने घर-प्रतिष्ठान व परिवेश की साफ-सफाई करने तथा दूसरों को भी सफाई के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलायी। नगरायुक्त संजय चैहान ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे घर की तरह शहर भी हमारी सम्पत्ति है। हमारा दायित्व है कि हम अपने घर की तरह ही अपने शहर को भी साफ-सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही हमारे स्वस्थ रहने का आधार है। उन्होंने लोगों को संचारी रोगों की रोकथाम के प्रति भी जागरुक किया। यूनिसेफ के डीएमसी अमित शर्मा ने कहा कि सफाई की जिम्मेदारी केवल नगर निगम, सफाई नायक व कर्मचारियों की ही नहीं है। हमारा भी जिम्मेदारी है कि कम से कम एक सप्ताह में दो घण्टे हम भी अपने घर प्रतिष्ठान की सफाई करें। उन्होंने पीने के लिए सौ फुट गहरे नल का पानी प्रयोग करने व पांच साल के बच्चों का टीकाकरण कराने पर जोर दिया। मुकेश गक्खड़ ने रैली में शामिल बच्चों से अपील की कि वे घर जाकर अपने माता पिता को भी सफाई के लिए प्रेरित करें।

### समाज और सत्ता का सही मार्गदर्शन करते हैं सन्तः स्वामी अभयानंद सरस्वती

नेशनल एक्सप्रेस



**सहारनपुर।** संतों के पास क्षमा, संयम, संतोष और दया भरपूर होती है, वे समदर्शी होते हैं और अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा, यश-अपयश, मान-अपमान, भला-बुरा, सभी को समान दृष्टि से देखते हैं। दया की साक्षात मूर्ति, मीठे प्यारे और रस भरे वचन कहने वाले अहंकार से रहित होते हैं। यदि सभी संत एकजुट हो जाएँ तो गौरवशाली भारतवर्ष का निर्माण हो सकता है। वे समाज और सत्ता का सही मार्गदर्शन करते हैं। उपरोक्त ओजस्वी विचार अखिल भारतीय संत समिति के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष परमपूज्य महामंडलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती जी महाराज ने अखिल भारतीय सन्त समिति की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित सन्त सम्मेलन में प्रकट किए। राष्ट्रीय महामंत्री दंडीस्वामी जितेन्द्र आनन्द सरस्वती ने संतों की एकता पर बल देते हुए कहा कि सन्तों की एकता ही गौरवशाली राष्ट्र भारतवर्ष का निर्माण कर सकती है। सभी संतों, महंतों, पीठाधीश्वरों, मंडलेश्वरों, महामंडलेश्वरों, कर्मकांड पुजारियों,महात्माओं और अन्य सभी सनातनियों को अपने आपसी मतभेद भुलाकर संगठित हो जाना चाहिए तभी हिन्दू और सनातन बचेगा।

प्रदेश महामन्त्री रामानन्द सरस्वती ने संगठन की एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एकता में शक्ति है और यदि सभी रचनात्मक ऊर्जा वाले सनातनी सन्त एक हो जाएँ और नैतिकता की शिक्षा दें तो शासन व सत्ताधारी शक्तियों को समाज हित में न्यायोचित कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। राष्ट्रीय प्रवक्ता महन्त बालक दास ने संगठन के विस्तार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की शक्ति कठिन से कठिन कार्य को भी सरल बना देती है। उत्तर प्रदेश के 80 जनपदों के सन्त अपने अपने क्षेत्र से 10-10 संतों को नही जोड़ें तो संख्या 800 तक पहुँच जाती है। समाज के लोगों को भी जोड़ना हमारा मुख्य लक्षय है। कार्यक्रम के आयोजक उपाध्यक्ष पंचतीर्थी पीठाधीश्वर महन्त स्वामी रामदेवजी ने सनातन धर्म और हिन्दू की व्याख्या करते हुए कहा कि केवल सनातन धर्म ही विश्व के कल्याण की बात करता है,जबकि दूसरे सम्प्रदाय विस्तारवाद कि बात करते हैं। हिंदुओं को अब जागना होगा, देशद्रोहियों को पहचान कर उन्हें अलग-थलग करना होगा, तभी हमारा अस्तित्व बचेगा। दिव्य शक्ति अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर ने कहा कि वक्फ बोर्ड की स्थापना और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का सीधा उल्लंघन है जो न्यायिक समीक्षा के उपचार की शक्ति को सीमित करता है। वक्फ जिसको भी नोटिफिकेशन जारी कर देगा वह जमीन उसकी हो जाएगी उसकी अपील दीवानी न्यायालय, शहर के किसी भी न्यायालय में, जिलाधिकारी के पास या उच्च न्यायालय में या सर्वोच्च न्यायालय में नहीं की जा सकती। इसलिए यह अधिनियम संविधान के बिल्कुल विपरीत है इसे समाप्त कर देना चाहिए।

# भाकियू लोक हित के नेतृत्व में किसानों व निजी डॉक्टरों का प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



**धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन लोक हित के नेतृत्व में मासिक बैठक हुई। बैठक किसान समस्याओं को लेकर हुई । बैठक में किसने की बिजली की समस्या को लेकर एसडीओ को बुलाया गया और समस्या का निस्तारण कराया गया। किसान पंचायत में जिला अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने विद्युत विभाग पर नाराजगी दिखाते हुए कहा कि जनपद में आए दिन जो किसानों के चोरी के नाम पर चेकिंग किए जाते हैं सबसे पहले मीटर विभाग अपने खराब मीटर को ठीक करने का कार्य करें यदि खराब मीटर पर विद्युत चोरी का प्रकरण कराया गया तो भारतीय किसान यूनियन लोकहित इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सलाहकार कैलाश त्यागी ने कहा कि निजी डॉक्टरों पर हो रही छापामारी को रोकने के लिए जब तक शासन की तरफ से गांव में पूर्ण व्यवस्था न की जाए तब तक प्राइवेट मेडिकल एसोसिएशन को प्रताड़ित करने से रोका जाए। गतवर्षो में कोविड के समय प्राइवेट डॉक्टर ने ही सेवा दी थी जो सराहनीय थी और भारतीय किसान यूनियन लोकहित ने अपना पूर्ण समर्थन डॉक्टर टीम को दिया और उच्च स्तरीय सीएमओ से वार्ता का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सतपाल सिंह प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट अतुल त्यागी अनिल त्रिवेदी राहुल गुर्जर राष्ट्रीय सलाहकार कैलाश त्यागी नरेश चंद्र शर्मा डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोमपाल सिंह लतीफ खान मुस्तकीम राजीव त्यागी संजय सिंह नेपाल सिंह लातूर सनी सुनील गुर्जर राकेश गहन भूपेंद्र सिंह सोमपाल सिंह राम सिंह सैनी सोनू सैनी धर्मपाल सैनी कपिल यादव जिला संरक्षक चौधरी धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### गांधी पार्क में हर्बल गार्डन व रोज गार्डन भी किये विकसित



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सहारनपुर। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम द्वारा आज गांधी पार्क में हर्बल गार्डन व रोज गार्डन भी विकसित किये गए। नगरायुक्त संजय चैहान, अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय व उपसभापति मुकेश गक्खड़, लेखा परीक्षक अजमैन सहित अनेक अधिकारियों ने गांधी पार्क में गुलाब व औषधीय पौधों का रोपण किया। औषधीय पौधों में इलायची, अजवायन, तुलसी, लौंग, तेज पत्ता, काली मिर्च, धातकी, सफेद चित्रक, गुडमार, कडू, हल्दी कुमकुम, निगुर्णी, अडूसा, काला बांसा, पीला बांसा, इसबगोल व पेनसुलिन (कोष्ठस इग्नेस) आदि औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इसके अलावा एक रोज गार्डन विकसित करने के लिए गुलाब के पौधे भी रोपे गए।

## जिला जज के साथ डीएम एवं एसएसपी ने किया जेल का निरीक्षण

बंदियों का जाना हाल-चाल, व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा



नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव

**सहारनपुर।** मा0 जिला जज श्रीमती बबीता रानी के साथ जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने जिला जेल का निरीक्षण किया।

अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को भी परखा। बंदियों से संवाद कर उनका हाल-चाल लेते हुए जेल प्रशासन द्वारा प्रदत्त कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बंदियों से कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की विधिक या कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो वह इसके लिए बिना किसी संकोच के बता सकते हैं। शासन द्वारा आपको निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उनके द्वारा चिकित्सालय, मैस और बैरक का भी निरीक्षण किया गया। जिला जेल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु अंदर नहीं आनी चाहिए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। यद्यपि जिला जेल में सदैव ही बेहतर साफ-सफाई रही है।

## 14 दिन बाद भी दिव्यांग का कोई सुराग नहीं, अनहोनी के शक में परिजन चिंतित

नेशनल एक्सप्रेस



**सहारनपुर।** चिलकाना रोड़ स्थित बालपुर रोड़ निवासी चालीस वर्षीय दिव्यांग नसीम अहमद पुत्र शौकत अली अपने घर से अपनी ट्राई साईकिल पर सब्जी लेने हेतू निकला था और जब वह दोपहर तक वापस घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हुए जिन्होंने मण्डी क्षेत्र में नसीम की तलाश की परन्तु नसीम का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद विगत 17 सितम्बर की देर शाम तक जब नसीम घर नहीं लौटा तो परिजनों ने एक तहरीर थाना देहात कोतवाली में गुमशुदगी रिपोर्ट हेतू देते हुए नसीम की तलाश को पुलिस से सहयोग मांगा। अगले दिन बड़ी नहर के किनारे दिव्यांग नसीम की ट्राईसाईकिल पुलिस को मिलने पर परिजनों को सूचित किया। लेकिन दिव्यांग नसीम का कोई सुराग थाना देहात कोतवाली पुलिस अभी तक नहीं लगा सकी। इस सम्बन्ध में मामले को देख रहे एसआई सुनील यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि वह हर सम्भव प्रयास में जुटे हैं लेकिन नसीम का कोई सुराग नहीं लग सका है। उनका कहना था गोताखोरों के द्वारा भी तलाशा गया और नहर किनारे-किनारे दूर तक तलाश किया जा रहा है और इस मामले में वह गम्भीरतापूर्वक जांच में जुटे हैं। वहीं परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस मामले में पूरी तरह ढिलाई बरत रही है, क्योंकि आज 14 दिन हो गये हैं और उनके पति का कोई भी सुराग पुलिस नहीं लगा पाई है। परिजनों का कहना था कि उनके पूछने पर बताया कि गुमशुदा नसीम तो नहीं मिला, अलबत्ता नसीम की ट्राईसाईकिल बड़ी नहर के किनारे खड़ी मिली। यह बात सुनकर परिवार वालों में कोहराम मच गया और शक जताया कि आखिर नसीम की ट्राईसाईकिल यहां कैसे जहां ट्राईसाईकिल पर कोई निशान खरोच तक नहीं। साथ ही नसीम नहर में कैसे कूदा क्योंकि वह अकेला ट्राईसाईकिल से उतर भी नहीं सकता। यदि उतरता तो ट्राईसाईकिल सामान्य हालत में खड़ी न मिलती। वहीं गारा कीचड़ होने के बावजूद ट्राईसाईकिल साफ-सुथरी अवस्था में खड़ी मिली। साफ जाहिर हो रहा है कि जैसे किसी ने ट्राईसाईकिल को लाकर खड़ा किया हो। अगर नसीम द्वारा चलाकर लाया जाता तो ट्राईसाईकिल कीचड़ में जरूर गंदा होता ?

## मेला गुघाल में स्कूली बच्चों ने विभिन्न संस्कृतियों के बिखेरे रंग

डॉ. नवाज देवबंदी व कुंवर शेखर विजेंद्र 'सहारनपुर गौरव सम्मान' से सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव





**सहारनपुर।** ऐतिहासिक मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम द्वारा मेरा सहारनपुर मेरा गौरव कार्यक्रम में अनेक स्कूलों के बच्चों एवं विभिन्न संस्थाओं के कलाकारों ने देश की विभिन्न संस्कृतियों के रंग बिखेरते हुए जनमंच सभागार को संस्कृतियों का संगम स्थाल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु पद्मश्री भारत भूषण, अंतर्राष्ट्रीय शायर नवाज देवबंदी, महापौर डॉ. अजय कुमार, ब्लॉक प्रमुख सुभाष चैधरी, योगेश दहिया व कार्यक्रम संयोजक संजय सैनी आदि ने माँ शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। राज्यमंत्री जसवंत सैनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। वैष्णवी नृत्यालय के बाल कलाकारों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। जबकि एंजल डांस एकेडमी के नन्हें मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति में भारत की विभिन्न सांस्कृतिक झलकियां देखने को मिली। जहां इप्टा सहारनपुर के कलाकारों ने ह्यदिल वाले दुल्हनिया दे जाएंगे, नाटक की शानदार प्रस्तुति दी,वहीं आशा मॉर्डन इंटरनेशनल के बैंड और विशेष प्रस्तुति ने दर्शको का मनमोह लिया। रंजीत सिंह अखाड़े के कलाकारों ने गटके के माध्यम से अपनी रोचक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दीपक अरोड़ा के निर्देशन में ह्यसहारनपुर के इतिहासह्न पर बनी एक महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट्री भी दिखायी गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहारनपुर का नाम रोशन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय शायर डॉ. नवाज देवबंदी, योगाचार्य आचार्य प्रतिष्ठा, शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, भव्य जैन, हरि इंस्टीट्यूट के चेयरमैन सुभाष चैधरी तथा सोशल मीडिया के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले राज ग्रोवर को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री जसवंत सैनी, योगगुरु पद्मश्री भारत भूषण, महापौर डॉ. अजय कुमार, विधायक राजीव गुंबर ने सहारनपुर गौरव सम्मान से सम्मानित करते हुए सम्मान चिह्न प्रदान किया। इससे पूर्व मेला चेयरमैन मनोज प्रजापति, संयोजक, पार्षद संजय सैनी और सह संयोजक दीपक अरोड़ा ने सभी अतिथियों एवं पार्षदों का स्वागत और अभिनंदन किया। महापौर व नगर विधायक सहित अन्य अतिथियों तथा पार्षदों को भी संयोजक संजय सैनी व दीपक अरोड़ा ने सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया।

## तीन अक्टूबर को भारतीय किसान यूनियन वर्मा रोकेगा रेल

नेशनल एक्सप्रेस



**सहारनपुर।** आज यहां भारतीय किसान यूनियन वर्मा के जिला कार्यालय पर एक बैठक को सम्बोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन वर्मा के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि किसानों की घोर अपेक्षा कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिसको देखते हुए भाकियू वर्मा सहारनपुर में रेल रोकेगा।

उन्होंने कहा कि महफूज गार्डन चिलकाना रोड़ स्थित भाकियू वर्मा के कार्यालय पर किसान इकट्ठा होकर रेलवे स्टेशन की तरफ को चलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और यदि इस देश में सबसे अधिक दुःखी है तो वह देश का अन्नदाता किसान है जिसको सरकार लगातार अनदेखा कर रही हैं। जिस का हजार्ना सरकार, हरियाणा चुनाव व उत्तर प्रदेश में भी भुगतेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य तो दूर की बात सरकार लागत मूल्य भी नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनाया है। किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य नहीं दिलाया जाएगा, तब तक किसान ऐसे ही सड़कों पर आकर आर-पार की लड़ाई लड़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि तीन तारीख को भाकियू वर्मा संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन को सफल बनाने के लिए सहारनपुर में रेल रोकेंगे।

## आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

धार्मिक रामलीला व शारदीय नव रात्रि आश्था का प्रतीक है आयोजक मानकों को ध्यान रखेंः जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने कलक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहार शारदीय नवरात्र, महाराजा अग्रसेन जयंती, रामलीला मंचन एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से एक-एक करके की गई तैयारी के संबंध में जानकारी ली ।

रामलीला जुलूस शोभायात्रा संयोजकों ने बिजली पानी सफाई सबंधी मांग को जिलाधिकारी के समक्ष रखा जिस पर जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाएं समय से कराए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि माता का प्रतीक है जो कि साक्षात ईश्वर का रूप है । आयोजन परिसर में आश्था का ध्यान रखा जाए । आयोजन कर्ता विद्युत सम्बन्धी बच्चों की सुरक्षा सम्बन्धी मानको का ध्यान रखा जाय । आने जाने के रास्ते कई हों पार्किंग भी बनाया जाए । शातिपूर्ण ढंग से रामलीला का मंचन करेंगे ।

उपजिला अधिकारी और क्षेत्रधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमणकर जुलूस वाले रुट का निरीक्षण कर लें । कहीं कोई कमी है तो समय रहते उसको दूर कर लें ।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और नगर पंचायत शहरी क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी राम लीला आयोजन स्थलों में अभियान चलाकर साफ-सफाई एंटी लार्वा दवा का छिड़काव प्राथमिकता के साथ करा दें। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि किसी भी दशा में नई परंपरा नहीं डालनी होगी । हूबहू उसी तरह जारी रखें ।

विसर्जन के लिए विशेष ध्यान दिया जाए कि जीवन सम्बन्धि कोई घटना घटित न हो सके । नदी में बिसर्जन नहीं होगा इसके लिए जो निर्धारित स्थल हैं वहीं पर विसर्जन किया जाय। गहरे पानी मे न जाये बच्चों को भी सावधान करें।

# सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, पटना में महानिरीक्षक के पद पर नैयर हसनैन खान ने कार्यभार संभाला






**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**

**पटना/बिहार।**सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल,पटना में महानिरीक्षक के पद पर नैयर हसनैन खान(आईपीएस)ने सोमवार को पर अपना कार्यभार संभाला लिया है।

नैयर हसनैन खान,भारतीय पुलिस सेवा में 1996 बैच के अधिकारी हैं।इन्होंने पंकज कुमार दाराद,भा.पु.से.के स्थान पर सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल,पटना के महानिरीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया है।इस अवसर पर नैयर हसनैन खान को सशस्त्र सीमा बल,सीमांत पटना द्वारा कपूर्री ठाकुर सदन के कार्यालय परिसर पटना में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

मौके पर कुमार चन्द्र विक्रम,उप-महानिरीक्षक,सीमांत पटना द्वारा पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

इसके उपरांत उन्हें सीमांत मुख्यालय पटना के कार्यक्षेत्र के बारे में जानकारी दी गयी।

# नकारात्मक राजनीति व दुष्प्रचार से बिहार की छवि खराब करना चाहते हैं लालू-तेजस्वी :मंगल पांडे,मंत्री

## कोलकाता में डॉक्टर बेटी के रेप मामले में लालू-तेजस्वी की जुबान क्यों नहीं खुलती है?

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**



**पटना/बिहार।**बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि नकारात्मक राजनीति व अपराध को लेकर दुष्प्रचार कर लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव बिहार की छवि को खराब करना चाहते है।दरअसल भ्रष्टाचार के कई मामलों के सजायाफ्ता लालू यादव की एक पहचान अफवाह मास्टर की भी है।दुष्कर्म-दुष्कर्म की रट लगाने वाले लालू यादव की जुबान कोलकाता में डॉक्टर बेटी के रेप कांड पर क्यों नहीं खुलती है?पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बिहारी छात्रों की पिटाई के विरोध में राजद ने ममता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन क्यों नहीं किया?श्री पाण्डेय ने कहा कि लालू यादव यह नहीं भूलें कि उनके ही शासनकाल को पटना हाइकोर्ट ने जंगल राज कहा था।15 साल के राजद के शासनकाल में बिहारियों को दूसरे राज्यों में अपनी पहचान छुपानी पड़ती थी।बिहार से बाहर बिहारियों को अपमान सहना और ताने सुनने पड़ते थे।राजद के शासनकाल में अपराधियों के खुलेआम तांडव से लोग सहमे और दहशत में रहते थे।घरों से निकलना दूभर था।बिहार की सीमा में ट्रेन के प्रवेश करते ही लोग बोगी के खिड़की,दरवाजे बंद करने लगते थे। फिरौती के लिए अपहरण के भय से हजारों इंजीनियरों,डाॅक्टरों और व्यवसायियों को बिहार से पलायन करना पड़ा था।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन और कानून का राज है।बालू,शराब माफियाओं समेत अन्य अपराधियों का जब नकेल कसा जा रहा है तो लालू,तेजस्वी और उनकी पार्टी राजद के लोग परेशान हो रहे हैं।राजनीतिक फायदे के लिए बिहार के विकास में अवरोध डालना और सरकार को बदनाम करना राजद व लालू-तेजस्वी का मकसद है।

# सारण पुलिस ने केटामाइन इंजेक्शन की बड़ी खेप किया बरामद,नशे के तौर पर इस्तेमाल करने की आशंका,जांच में जुटी पुलिस

**नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ**

**पटना(बिहार)।**बिहार के सारण जिला में केटामाइन इंजेक्शन की बड़ी खेप बरामद की गई है।एसपी सारण डॉ कुमार आशीष ने बताया कि सूखे नशे के तौर पर इस्तेमाल होने की आशंका है।धंधेबाज फरार है,जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

आपको बताये कि केटामाइन इंजेक्शन का इस्तेमाल सर्जरी में मरीज को बेहोश करने के लिए किया जाता है।एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि सोनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पहलेजा निवासी गणेश राय के बारे में सूचना मिली कि उसके घर से नशीली दवाओं का कारोबार किया जाता है।जिसकी खरीददार ज्यादातर युवा वर्ग है।सूचना मिलने के बाद उसके घर पर छापेमारी की गई तो सर्जरी के वक्त मरीज को बेहोश करने के लिए इस्तेमाल होने वाला केटामाइन इंजेक्शन की बड़ी खेप को बरामद किया गया है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

बरामद दवा में 10 हजार 800 भायल केटामाइन बरामद हुआ है जो बिहार में बरामद सबसे बड़ी खेप है।पुलिस को आते देख गणेश राय और उसके स्वजन घर छोड़ फरार हो गए हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।वही इस बरामदगी के बाद इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग और एनसीबी को भी दे दी गई है ताकि बरामद नशीला दवा की जांच हो सके।सारण पुलिस इस बरामदगी के बाद यह कहां से आया और कहां-कहां इसको भेजना था इस चैनल को खंगालने में जुट गई है।

# रघुवर दास की फिर से हो सकती है झारखंड में इंट्री,अभी ओडिसा के है राज्यपाल,दिल्ली में तैयार हो रही रणनीति

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**रांची(झारखंड)।**झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में इंट्री हो सकती है।ठीक चुनाव से पहले झारखंड में भाजपा एक अलग प्लान पर काम कर रही है।जिसमें एक मजबूत कड़ी ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास है।इनके प्रदेश भाजपा में वापसी से एक मजबूती संगठन को मिलेगी।यही वजह है कि अब राज्य की सक्रिय राजनीति में वापसी कराई जा सकती है।फिलहाल रघुवर दास दिल्ली में मौजूद है।सूत्रों की मानें तो जल्द ही झारखंड की राजनीति में इनकी वापसी की संभावना है।बता दें कि रघुवर दास झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके है।भाजपा केन्द्रीय कमिटी में इनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है।लेकिन बीच में ओडिसा का राज्यपाल बना दिया गया।अब फिर से चर्चा है कि रघुवर दास झारखंड में वापसी कर सकते है।लगातार सोशल मीडिया और अन्य जगह पर रघुवर दास कि चर्चा भी जोर शोर से जारी है।रघुवर दास के समर्थक उनके वापसी का दबाव बना रहे है।जब भाजपा के प्रत्याशी के चयन को लेकर राय सुमारी हुई तो इस दौरान भी रघुवर दास कि चर्चा हुई।अब इस बीच रघुवर दास दिल्ली दौरे पर है।सूत्रों कि मानें तो दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात हुई है।इससे पहले देखे तो रघुवर दास से मिलने झारखंड भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी हिमंता ने भी मुलाकात कि थी।इसके बाद चर्चा को और जोर मिला है।अब सूचना है कि आने वाले दिनों में क्या होगा यह आने वाले एक सप्ताह में साफ हो जाएगा।लेकिन तक तक राज्य में चर्चा और कयास जारी रहने वाले है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने दरभंगा एवं सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया एरियल सर्वे

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम ने बाढ़ प्रभावित दरभंगा एवं सीतामढ़ी जिले का हवाई सर्वेक्षण किया।हवाई सर्वेक्षण के पश्चात अधिकारियों की टीम ने दरभंगा के जिलाधिकारी एवं दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाये जाने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कहा कि दरभंगा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोग तटबंध पर शरण लिये हुये हैं।वहां पर्याप्त रौशनी हेतु अविलंब जेनरेटर की व्यवस्था एवं अस्थायी शौचालय बनाने का निर्देश दिया गया है।बाढ़ पीड़ित लोगों के लिये यहां 19 कम्युनिटी किचेन आज रात तक चालू हो जायेगा,जहां भोजन की समुचित व्यवस्था होगी।तटबंध पर शरण लेने वाले लोग आसपास के ही है इसलिये उनके आवागमन हेतु नाव की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

अपर मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन ने बताया कि ड्राई राशन का पैकेट बनना शुरू हो गया है और यह कल से बाढ़ पीड़ितों के बीच बंटना शुरू हो जायेगा।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डॉक्टरों की टीम प्रतिनियुक्त कर दी गयी है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशु चारा की कमी न हो इसके लिये जिला पशुपालन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जिलाधिकारी दरभंगा को एसओपी के अनुसार तत्परतापूर्वक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।दरभंगा में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक एवं संयुक्त सचिव भवन निर्माण विभाग आशुतोष को कैम्प कराया गया है। दरभंगा में एरियल सर्वे करने के पश्चात अपर मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन प्रत्यय अमृत ने सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित बेलसंड प्रखण्ड का भी एरियल सर्वे किया ।

# जीएसटी कंपनसेशन सेस पुनर्गठन के लिए गठित मंत्रियों के समूह में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री भी शामिल

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**



**रायपुर/छत्तीसगढ़।**जीएसटी के तहत कंपनसेशन सेस के पुनर्गठन के लिए मंत्रियों के समूह का गठन किया गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में गठित इस समूह में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को सदस्य नामित किया गया है।उल्लेखनीय है कि जीएसटी काउंसिल की 54 वीं बैठक में कंपनसेशन सेस को समाप्त कर एक नया कर ढांचा तैयार करने पर जोर दिया गया था।इसी तारतम्य में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का गठन किया गया है।केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अगुवाई में गठित इस कमेटी में ओपी चौधरी के अलावा असम की वित्त मंत्री स्मिता नेग,गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई,कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा,मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा,पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और तमिलनाडु के वित्त मंत्री थांगम थिन्नारसु सदस्य बनाए गए हैं।यह समूह कंपनसेशन सेस को समाप्त करने के बाद प्रभावी और समग्र कर प्रणाली विकसित करने के लिए विभिन्न कर प्रस्तावों पर विचार करेगा।परिषद ने इस बात पर जोर दिया था कि नया कर ढांचा न केवल राज्यों की वित्तीय स्थिरता को सुनिश्चित करेगा,बल्कि आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा देगा।कंपनसेशन सेस के माध्यम से राज्यों को मिलने वाले वित्तीय संसाधनों का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि इससे कई विकास परियोजनाओं को मदद मिलती है।

# बिहार में बाढ़ के खतरे के बीच सियासत

## जगदानंद सिंह ने नीतीश कुमार पर साधा निशाना,कहा-बिहार को कर रहे हैं बर्बाद

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**





**पटना(बिहार)।**बिहार में आई बाढ़ को लेकर सियासत देखने को मिल रही है।इस बीच आरजेडी ने प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने नीतीश कुमार पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा है कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार 20 साल से है,लेकिन बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए अभी तक कोई उपाय नहीं किया गया है।

### बिहार को बाढ़ से बचाना है तो नेपाल से निकलने वाली नदियों पर डैम बनाना जरूरी है-जगदानंद सिंह

जगदानंद सिंह ने कहा कि यदि बिहार को बाढ़ से बचाना है तो नेपाल से निकलने वाली नदियों पर डैम बनाना जरूरी है।उन्होंने कहा कि जब बिहार में राजद की सरकार थी।उस वक्त मैं राज्य का जल संसाधन मंत्री था।2004 में हम लोगों ने पहल किया था कि नेपाल में डैम बने।भारत सरकार से आग्रह पर नेपाल सरकार से बात भी हुई थी,लेकिन 2005 से बिहार में नीतीश कुमार की सरकार है,उसे पल को नीतीश कुमार ने इसको अनदेखा कर दिया।

### बिहार को बर्बाद कर रहे हैं नीतीश कुमार

जगदानंद सिंह ने कहा कि अभी लालू प्रसाद यादव जब केंद्र में मंत्री थे,तब बिहार की भलाई के लिए कई योजना बनाई थी।लेकिन नीतीश कुमार जब केंद्र में मंत्री थे तब बिहार को तबाह करने की योजना बनाते है।बिहार के सीएम बने तो राज्य को तबाह बर्बाद कर रहे है।

# राजा पीटर तमाड़ विधानसभा से होंगे जेडीयू के उम्मीदवार, दिल्ली में पार्टी में हुए शामिल

**नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**रांची(झारखंड)।**झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले लगातार जेडीयू का कुनबा बढ़ता जा रहा है।पहले सरयू राय और अब राजा पीटर जेडीयू में शामिल हो गए है।राजा पीटर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से जेडीयू के उम्मीदवार होंगे। इसे लेकर संगठन में सहमति बन गई है।राजा पीटर को दिल्ली स्थित केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी में शामिल कराया है।अब झारखंड विधानसभा चुनाव में जेडीयू एक अहम भूमिका में रहने वाली है।विधानसभा चुनाव में दो से तीन सीट पर उम्मीदवार दे सकती है।बता दे की राजा पीटर दो दशक से अधिक झारखंड के राजनीति में सक्रिय रहे हैं गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर 2005 में बिरसा विकास समिति के बैनर पर विधानसभा चुनाव लड़े थे। 2008 में उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन को पराजित कर खूब सुर्खियों में आए थे। 2009 के आम चुनाव में जनता दल यूनाइटेड से चुनाव जीता और झारखंड सरकार में 2010 में मंत्री रहे।राजा पीटर का पार्टी में स्वागत राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने केंद्रीय कार्यालय में किया है।देखे तो झारखंड में जेडीयू और भाजपा के बीच सीट सेयरिंग को लेकर तालमेल करीब तय हो चुका है।पहली सीट पर सरयू राय उम्मीदवार होंगे वहीं तमाड़ से राजा पीटर को मैदान में उतारा जाएगा।इसके अलावा एक अन्य सीट को लेकर भी तस्वीर जल्द साफ होने की संभावना है।

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2023 के मुख्य परीक्षा परिणाम जारी

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2023 के मुख्य परीक्षा के परिणाम जारी कर दिया गया है।मुख्य परीक्षा के परिणाम के अनुसार कुल 703 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2023 के अंतर्गत 17 विभिन्न सेवाओं के लिए कुल 242 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। प्रारंभिक परीक्षा परिणाम के आधार पर 3597अभ्यर्थियों का चयन राज्य सेवा(मुख्य)परीक्षा-2023 के लिए किया गया था,जो 24 से 27 जून 2024 तक आयोजित की गई थी।मुख्य परीक्षा के परिणाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

साक्षात्कार की तिथियां और विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।सभी चयनित अभ्यर्थियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर विज्ञापित पदों की अग्रमान्यता ऑनलाइन दर्ज करनी होगी,जिसके लिए तिथि बाद में घोषित की जाएगी।साक्षात्कार में सम्मिलित होने से पहले अभ्यर्थियों को उनके निर्धारित साक्षात्कार तिथि से एक दिन पूर्व अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में करवाना अनिवार्य होगा।बिना दस्तावेज सत्यापन के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# ईडी-सीबीआई एक्शन :बिहार के बेऊर जेल से बन गया है धनबाद का सीधा कनेक्शन

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**

**रांची(झारखंड)।**प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की कार्रवाइयों की वजह से धनबाद का सीधा कनेक्शन बिहार के बेऊर जेल से बन गया है।

कुछ तो धनबाद से मुलाकात करने जाते हैं तो कई धनबाद के 'धनपशु' बेऊर जेल में बंद है।जानकारी के अनुसार पिछले 16 महीने में धनबाद के कई बड़े कारोबारी को प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई ने बेऊर जेल पहुंच चुके है।

आगे की कार्रवाई में कौन-कौन जाएगा,इसको लेकर धनबाद के धनपशुओं की नींद हराम हो गई है।अभी भी धनबाद के कई कारोबारी की गर्दन प्रवर्तन निदेशालय अथवा सीबीआई के शिकंजे में है।







### मामला-250 करोड रुपए के बालू खनन घोटाले का

इधर,बिहार में 250 करोड रुपए के बालू खनन घोटाले में एक के बाद एक प्लेयर लगातार बेऊर पहुंच रहे है।पुंज सिंह के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने कोयला कारोबारी स्वर्गीय सुरेश सिंह के पुत्र अजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।उन्हें भी बेऊर जेल में ही रखा गया है।इससे पहले मिथिलेश सिंह और बबन सिंह को ईडी ने जेल भेजा था।सुरेंद्र जिंदल,जगनारायण सिंह उर्फ जगन सिंह, उनके बेटे सतीश कुमार तथा पूरन सिंह भी जेल भेजे जा चुके है।एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी जगन सिंह,उनके बेटे सहित अन्य आरोपियों को जमानत नहीं मिली है।

### लग्जरी जीवन जीने वाले फिलहाल जेल में

जीवन भर लग्जरी जीवन जीने वाले और कोयला,बालू तथा शराब के कारोबार से अकूत संपत्ति बनाने वाले अब जेल के चारदीवारी में बंद है।यह भी जानकारी निकलकर आ रही है कि ईडी ने अब तक इन लोगों के पास से 93 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इसी दौरान सीबीआई ने भी धमाकेदार कार्रवाई की।पटना और धनबाद के प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में धनबाद के ट्रांसपोर्टर गुरपाल सिंह,डॉक्टर प्रणय पूर्वे और अशोक चौरसिया की गिरफ्तारी के बाद उन्हें पटना के बेऊर जेल में ही रखा गया है।संभावना तो यह भी व्यक्त की जा रही है कि सीबीआई की कार्रवाई आगे और तेज हो सकती है।

### सीबीआई ने 12 को बनाया आरोपी

प्रधान आयकर आयुक्त के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सीबीआई ने 12 लोगों को आरोपी बनाया है।इस मामले में सीबीआई ने संतोष कुमार के अलावा अशोक चौरसिया,गुरपाल सिंह,डॉक्टर प्रणय पूर्वे और पटना के राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था।इन पांचो के अलावा एफआईआर में और कई नाम है।सारे नाम बड़े कारोबारी के है।कुछ अधिकारियों के भी प्राथमिक की में नाम है।अगर सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय फिर कार्रवाई शुरू की तो बेऊर जेल पहुंचने वालों की संख्या और बढ़ेगी।

# कानपुर के काकादेव में छात्रा के साथ अश्लीलता करते हुए सीसीटीवी में कैद हुए शिक्षक साहिल सिद्दीकी के पक्ष में सोमवार को सैकड़ों स्टूडेंट सड़क पर उतर आए

नेशनल एक्सप्रेस / डी के सिंह



**कानपुर** के काकादेव में छात्रा के साथ अश्लीलता करते हुए सीसीटीवी में कैद हुए शिक्षक साहिल सिद्दीकी के पक्ष में सोमवार को सैकड़ों स्टूडेंट सड़क पर उतर आए। हंगामा और जमकर नारेबाजी की।

स्टूडेंट की मांग थी कि उनके शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने गलत कार्रवाई की है। मामले की जानकारी मिलते ही स्वरूप नगर सर्किल थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और स्टूडेंट की भीड़ को नियंत्रित किया।

सड़क पर हंगामा और नारेबाजी पर भारी फोर्स तैनात

काकादेव की नीट और जेई की तैयारी कराने वाले आई एंड आई कोचिंग के शिक्षक का छात्रा के साथ अश्लीलता करते हुए एक वीडियो सामने आया था। इसके बाद कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव ने सीसीटीवी फुटेज के साथ काकादेव थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

मामले में काकादेव पुलिस ने आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी को अरेस्ट कर लिया था। साहिल का कहना था कि संचालक आशीष श्रीवास्तव की कोचिंग में 97 लाख सालाना के पैकेज पर पढ़ाते हैं। अब वह कोचिंग की फीस नहीं देना चाहते हैं, इस वजह से पुराना सीसीटीवी सामने लाकर उनके साथ साजिश की है। इसी कार्रवाई के विरोध में सोमवार को सैकड़ों स्टूडेंट सड़क पर उतर आए। स्टूडेंट्स का आरोप था कि उनके शिक्षक के खिलाफ साजिश के तहत कार्रवाई कार्रवाई गई है। पुलिस और कोचिंग संचालक के खिलाफ मुदार्बाद के नारे भी लगाए। स्टूडेंट मामले में पुलिस की कार्रवाई वापस लेने की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलते ही काकादेव थाने का फोर्स और स्वरूप नगर सर्किल फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्टूडेंट को पूरे मामले की जानकारी देते हुए समझाया और बताया कि अगर उनके पास शिकायत आई है तो कार्रवाई तो होगी। अगर उनके साथ साजिश की गई तो इस बात की जांच की जा रही है। अगर जांच में कोचिंग संचालक दोषी पाया जाता है तो कोचिंग संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि स्टूडेंट शिक्षक साहिल सिद्दीकी पर हुई कार्रवाई के विरोध में सड़क पर उतरे थे, लेकिन उन्हें मामले में जांच और निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## लोधन हार नगर वासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर

राजेश कुमार सिंह



- दलदल भरे मार्गो से आवागमन करके गुजर बसर कर रहे यहां के स्थानीय निवासी
- मोहल्ले में गंदगी का भरपूर लगा अंबार जिम्मेदार नेता जनप्रतिनिधि नहीं देते ध्यान

**उन्नाव** नगर पालिका के अंतर्गत वार्ड नंबर 25 लोधनहार मोहल्ला के स्थानीय लोगों को नहीं मिल पा रहे हैं नगर पालिका द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधाएं। स्थानीय लोगों को कल्याणी मंदिर जाने में भी दलदल मंझा कर जाना पड़ रहा है।

लोधनहार चौराहे से काशीराम रोड पूरी तरह से भयंकर दलदल में तब्दील यह रोड लोधनहार चौराहे से काशीराम रोड और उन्नाव हरदोई रोड को जोड़ता है यह रोड आजादी से लेकर अब तक कच्चे मार्ग में ही तब्दील है इस रोड से यहां के स्थानीय लोगों के अलावा कल्याणी मोहल्ला के निवासी गंगू खेड़ा और भी कई मोहल्ले इसी मार्ग से आवागमन करते हैं यह मार्ग पूरी तरह से कच्चा मार्ग है बारिश के समय यह मार्ग भयंकर दलदल में तब्दील हो जाता है जिससे यहां के आवागमन करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है यह है यह मोहल्ला तकरीबन 3000 से भी अधिक आबादी का मोहल्ला है लेकिन यहां पर सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है ना ही नालियों की सफाई होती है और ना ही इस मोहल्ले में कोई भी नेता सभासद कभी भी देखने के लिए नहीं आते हैं। इस कच्चे मार्ग को लेकर यहां के नगर वासी नगर पालिका जिला अधिकारी कार्यालय और विधायक पंकज गुप्ता को लिखित और मौखिक में शिकायत पत्र दिया लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है लेकिन अभी तक मार्ग जैसा कि तैसा है इस वक्त मार्ग घुटनों के बराबर दलदल में तब्दील है इस मार्ग से विद्यार्थियों से लेकर स्थानीय लोगों का आवागमन करना पूरी तरह ठप हो चुका है। स्थानीय नगर वासियों मे भारी आक्रोश दिखाई दिया नगर वासियों का कहना है अगर यह मार्ग जल्द पक्का मार्ग नहीं बनाया गया तो आने वाले विधानसभा चुनाव में हम लोग अपने मत का प्रयोग नहीं करेंगे और कोई भी नेता इस मोहल्ले में प्रवेश नहीं कर सकेगा और हम लोग पूरी तरह से चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

## हिंदी दिवस पर विविध कार्यक्रम

कानपुर नेशनल एक्सप्रेस



**आज जिले** में सोमवार को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कहीं पर निबंध प्रतियोगिता तो कहीं पर वाद- विवाद प्रतियोगिता और परिचर्चा का आयोजन किया गया। शहर की विभिन्न संस्थाओ ने विविध कार्यक्रम आयोजित किये। वहीं राष्ट्रीय शर्करा संस्थान,कानपुर में हिंदी पखवाड़ा दिवस 30 सितंबर, 2024 तक मनाया गया। इस अवधि में संस्थान में हिंदी में कामकाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये विविध प्रतियोगिताओं यथा-सामान्य ज्ञान, हिंदी निबंध, हिंदी टंकण, टिप्पण आलेखन एवं श्रुतलेख आदि का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### हिंदी दिवस पर वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

सभी प्रतिभागियों का हिंदी के प्रति उत्साह काबिले तारीफ था। प्रो परोहा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए शुद्ध हिंदी भाषी होने पर बल दिया। वहीं अशोक कुमार ने सभी विशिष्ट अतिथियों को उनके अमूल्य समय देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।हिन्दी दिवस के इतिहास और महत्व पर प्रकाश ड़ालते हुए लखनऊ से पधारे पंकज प्रसून, व शहर के कविता के सशक्त हस्ताक्षर अंसार कंबरी व नीरू श्रीवास्तव आदि ने अपनी कविताओं के माध्यम से सभागार में उपस्थित जन समुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लोग काफी देर तक काव्य सरिता में डुबकी लगाते रहे और कवियों की पंक्तियों को गुनगुनाते रहे। वहीं अखिलेश पांडेय ने कहा कि हिंदी अब राजभाषा की सीमाओं को लाघकर विश्वभाषा बनने की ओर अग्रसर है। इस बात को विश्व के कई मंचों से स्वीकारा भी गया है। हिंदी संयुक्त राष्ट्र संघ के कार्यालय में भी स्वीकार कर ली गई है। हमको अपने घर में बच्चों से हिंदी में बात करने में हीनता का बोध नहीं होना चाहिये।बताया कि हिन्दी जन -जन की भाषा है, देश की राजभाषा और हमारी मातृ भाषा भी। उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत लोग हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हैं और 77 प्रतिशत हिन्दी समझ सकते हैं ' डॉ सुधांशु मोहन ने अंग्रेजी की गुलामी से आजाद हो कर हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग की सलाह दी ' मल्लिका द्विवेदी ने कहा कि लगभग पांच हजार भाषाएँ लुप्त हो गई। एक भाषा का लुप्त होना सदियों की संस्कृति, लोक व्यहवार व परंपराओं को समाप्त हो जाना है। कार्यक्रम का संचालन मल्लिका द्विवेदी, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने करते हुये आमंत्रित कवियों का आभार प्रकट करते हुये कहा कि आप सबकी एक साथ उपस्थिति मणि कांचन संयोग है। वहीं मुख्य रूप से वीरेंद्र कुमार, डॉक्टर अनंत लक्ष्मी, महेंद्र, सुधांशु मोहन, आशीश शुक्ला , संतोष, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## युवक ने घर में फांसी लगा की खुदकुशी

कानपुर नेशनल एक्सप्रेस

**महाराजपुर** थाना क्षेत्र के सिकठिया गांव में 45वर्षीय सद्दीम ने आकरण परिस्थितियो में फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। इसके बाद तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पता चला कि उसके कारण उस पर ढाई से तीन लाख रुपये कर्ज भी हो गया था। यही वजह थी कि वह परेशान रहा करता था। जिसके चलते रविवार की देर रात खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वहीं पुरवा मीर चौकी प्रभारी ने बताया कि जॉच कि जा रहीं हैं शव को कब्जे में लेकर पीएम को भिजवा दिया गया है।

## श्री शनि साईं श्याम मंदिर पहुँचे पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



**कानपुर।** जवाहर नगर स्थित श्री शनि साई श्याम मंदिर समिति द्वारा खाटू श्याम की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा सांसद राज्य सभा एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे। डॉ दिनेश शर्मा का स्वागत मंदिर के संरक्षक उद्योगपति वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल एवं मंदिर प्रबंधक सप्पू पाठक एवं नीलम पाठक द्वारा माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनाकर किया गया। इसके पश्चात सेठ मुरारी लाल अग्रवाल और डॉ दिनेश शर्मा द्वारा खाटू श्याम की महाआरती में सम्मिलित हुए और मत्था टेक खाटू श्याम का आशीर्वाद लिया इस दौरान पूर्व उप-मुख्यमंत्री ने कहा वह बाबा श्याम के दरबार में पूजा-अर्चना करने आए हैं उन्होंने बाबा श्याम से देश-विदेश में अमन-चौन व खुशहाली की कामना की है पूर्व उप- मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिरों के विकास और उत्थान के लिए अत्यधिक कार्य कर रहे हैं और निरंतर करते चले आ रहे हैं उत्तर प्रदेश सरकार ने मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए अत्यधिक धनराशि प्रदान की है उप-मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने बाबा श्याम की पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर की तमाम व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

मंदिर कमेटी के संरक्षक मुरारी लाल अग्रवाल एवं मंदिर प्रबंधक सप्पू पाठक सहित अन्य पदाधिकारी से मंदिर के बारे में बातचीत की तथा मंदिर में संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की तथा हर संभव मदद का अश्वासन दिया उप-मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कानपुर के वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपना कार्य तो कर रही है लेकिन कानपुर में कहे जाने वाले सेठो के सेठ मुरारी लाल अग्रवाल द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करता हूं ।

## भाजपा शासन में अपराधी जेल भेजा जा रहा हैः दिनेश शर्मा



नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने शिरकत किया। अपने सम्बोधन में कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा रहा है, जिससे विपक्ष परेशान हो रहे,सपा नेताओं की गुंडागर्दी बंद हो गई है, अपराधी जेल भेजा जा रहे हैं, यशस्वी प्रघानमंत्री के जन्म दिवस पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लाखों कार्यकताओं सदस्यता अभियान में जुटे हुए हैं। सीसामरु विघान सभा हर हाल मे जीतना है। समाज को बांटने का जो काम कर रहे हैं, हमें बचना चाहिए।मंच संचालन शैलेन्द्र द्रिवेदी ने किया। 21 किलो की माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनन्दन किया।

अन्य वक्ताओं ने भी मोदी के कार्य की सराहना किया। इसमें पमुख रुप से , राहुल मिश्रा,दीपू पांडे ,विनोद गुप्ता,अवघेश कटियार, अनिल मिश्रा, दिलीप सरदेसाई,सीमा दिवेदी,सुशील श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सोमानी , भूपेंश अवस्थी, विनोद शुक्ला, वीरेंद्र दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## हैवान पतिः चाकू से पत्नी की गोदकर की हत्या

घटनास्थल से आपत्तिजनक समान बरामद, हत्या के दौरान संबंध भी बनाए जाने की आशंका

कानपुर नेशनल एक्सप्रेस



**कानपुर (घाटमपुर )** बिधनू थाना क्षेत्र में सोमवार कि रात एक सिरफिरे पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह बच्चे जब सोकर उठे तो खून से लथपथ शव देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में वह मामा के घर पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी दी। मामा ने फौरन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर बिधनू पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच पड़ताल करते हुए अहम साक्ष्य जुटाए हैं।

### मारने के बाद शारीरिक संबंध भी बनाए

पति संजय ने पत्नी की हत्या करने के बाद शारीरिक संबंध भी बनाए। इसकी पुष्टि घटनास्थल से हुई। बताया जाता है की रात में दोनों के बीच झगड़ा हुआ फिर पिता ने बच्चों को छत पर सोने के लिए भेज दिया इसके बाद बेरहमी से पत्नी कि हत्या कर दी। उसके बाद वह शव छोड़कर मौके से फरार हो गया।

वहीं टीम को घटनास्थल से सिगरेट की डिब्बी ,कंडोम के दो रैपर समेत दवा के कुछ पैकेट के अलावा टीम को महिला के शरीर पर कई जगह चाकू से गोदने के निशान भी मिले हैं।फॉरेंसिक टीम ने अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है।टीम को घटनास्थल पर वारदात में प्रयोग किया गया चाकू बरामद नहीं हुआ है। दरसल मामला खड़ेसर चौकी अंतर्गत कठारा के सिंहपुर गांव निवासी 35 वर्षीय संजय मजदूरी और कबाड़ का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।उसकी शादी लगभग 17 वर्ष पूर्व गांव के ही रहने वाले मजदूर छग्गन नागर की बेटी गुड्डन के साथ हुई थी।परिवार में पत्नी गुड्डन के साथ दो बेटे रामजी , किशना के साथ तीन बेटियां हैं। वहीं मृतका के भाई लवकुश ने बताया की देर शाम उनके जीजा संजय दीदी के साथ साइकिल से कबाड़ लेकर बिधनू बेचने गए थे।वहां से कबाड़ बेचकर शाम को नानवेज और शराब लेकर घर आए थे।इसी बीच पति पत्नी में आपस में किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था।इसके बाद जीजा ने बच्चों को पीट कर छत पर सुला दिया था।सुबह जब बेटी रोते हुए मेरे पास आई और घटना की जानकारी दी।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में 23 नवंबर तक कानपुर में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जाएगा

नेशनल एक्सप्रेस / डी के सिंह



**राष्ट्रीय** तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 24 सितम्बर से 23 नवंबर तक कानपुर में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जाएगा। इस क्रम में सोमवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में अभियान की बैठक हुई।

बैठक मे शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार 2 माह तक जनपद स्तरीय 800 स्कूल और 100 गांवों को तम्बाकू मुक्त घोषित किया जाना है। साथ ही जनपद में कोटपा-2003 अधिनियम की धारा 04, 05, 06, 07 एवं पेका ऐक्ट (इलेक्ट्रानिक सिगरेट) का अनुपालन क्षेत्रवार कराया जाएगा।

### अलग-अलग प्रकार के हो आयोजन

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन मानस में जागरूकता के लिए आयोजन (रैली, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली नाटर, टॉक शो, बाइट्स) कराए जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्कूल निरीक्षक द्वारा 350 स्कूल, बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 400 स्कूल और उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा 50 महाविद्यालयों को चिह्नित करें। सप्ताह में एक बार प्रार्थना समय में शपथ कार्यक्रम का आयोजन कराए।

### 10-10 गांवों का करें चयन

तम्बाकू मुक्त गांव के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से अपील की गई कि वह प्रत्येक खण्ड मे 10-10 गांव का चयन कर लें और गाइडलाइन के अनुरूप ग्रामीण स्तरीय समिति का गठन करें, उसके उपरान्त गांवों मे कोटपा की धारा 04 एवं 6बी का अनुपालन प्रभावी ढंग से किया जा सके।

जिला स्तर को तम्बाकू मुक्त गांव की घोषणा प्रदान की जा सकें। जनपद मे कोटपा एवं पेका ऐक्ट के अनुपालन हेतु प्रवर्तन दल के द्वारा सप्ताह में एक बार थाने वार छापेमारी की प्रक्रिया की जायें। क्षेत्रवार जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन, नोडल अधिकारी डॉ. एसपी यादव, डॉ. राजेश सिंह, उदय राज सिंह, मनोज पटेल आदि उपस्थित रहें।

## अपर जिलाधिकारी ने की अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा

नेशनल एक्सप्रेस / उत्कर्ष सिंह



**कानपुर** देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय, जिससे अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को यह संदेश जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत गवाही करायी जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों और शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अभियोजन के कार्य को गंभीरता से लें तथा विभागीय कार्यों के साथ साथ अभियोजन के कार्यों में गंभीरता दिखायें। बैठक में दोषसिद्ध, दोषमुक्त वादों तथा टॉप टेन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि पॉक्सो एक्ट तथा गंभीर अपराध से जुड़े मामलों में संवेदनशील होकर कार्यवाही कराएं। सभी जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजक को स्पीड ट्रायल से संबंधित मामलों के निष्पादन में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए।

# कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में रवींद्र जडेजा ने अपने 300 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं, विराट के हुए 27000 रन

### ये इतिहास बांग्लादेश के अहमद खालिद को आउट कर अपने नाम ये रिकॉर्ड दर्ज कराया है

नेशनल एक्सप्रेस / उत्कर्ष सिंह

**कानपुर** के ग्रीनपार्क स्टेडियम में रवींद्र जडेजा ने अपने 300 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने ये इतिहास बांग्लादेश के अहमद खालिद को आउट कर अपने नाम ये रिकॉर्ड दर्ज कराया है।

वहीं, पूर्व कप्तान विराट कोहली ने पहली पारी में 47 रन बनाकर सबसे तेज 27000 रन पूरे किए हैं। उन्होंने ये रिकॉर्ड बनाकर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को भी पीछे छोड़ दिया है।

भारतीय टीम का बांग्लादेश के साथ दूसरा टेस्ट मुकाबला 27 सितंबर से ग्रीनपार्क में चल रहा है। अब सब की निगाह विराट कोहली एक बार फिर है, क्योंकि विराट कोहली अब टेस्ट मैच में 9000 रन पूरे करने वाले हैं। वह अपने इस लक्ष्य से अभी 129 रन दूर है।

इसके अलावा एक हजार बाउंड्री लगाने का भी कीर्तिमान भी वह रच सकते हैं। क्योंकि वह इससे मात्र 7 बाउंड्री दूर है। उन्होंने अभी तक 993 रन बाउंड्री लगाकर बनाए हैं।

### सातवें गेंदबाज बने रवींद्र जडेजा

इस मैच में भारतीय टीम के ऑलर-ाउंडर रवींद्र जडेजा टेस्ट में 300 विकेट पूरा करने वाले सातवें गेंदबाज बने हैं। इससे पहले ये उपलब्धि कपिल देव पांडेय, अनिल कुंबले, हरभजन सिंह, जहीर खान, रविचंद्रन अश्विन और इशांत शर्मा के नाम थे।

### चेपॉक में नहीं चला था विराट का बल्ला



पहले टेस्ट मैच में चेपॉक स्टेडियम में विराट कोहली का बल्ला नहीं चला था। बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में 6 तो दूसरी पारी में 17 रन ही बना सके थे। ग्रीनपार्क में वह इस मुकाम को पाने वाले (9000 रन) वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में अभी तक 9000 रन केवल 17 बल्लेबाज ही पूरे किए। सबसे अधिक रन बनाने में हालांकि विराट अभी 19वें स्थान पर हैं। उनसे आगे 8900 रन बनाकर इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम गूच है।

वहीं, भारत की बात करे तो विराट 9000 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बनेंगे। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर इस मुकाम को हासिल कर चुके हैं।

### 6वीं बार ग्रीनपार्क में खेलेंगे विराट

कोहली 6वीं बार ग्रीनपार्क में अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने के लिए उतरे हैं। इससे पहले वह यहां एक टेस्ट, तीन वनडे और एक टी-20 मैच खेल चुके हैं। वर्ष 2016 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में बतौर कप्तान कोहली ने पहली पारी में 9रन और दूसरी पारी में 18 रन बनाए थे।

### 594वीं पारी में पूरे किए 27000 रन

कोहली ने यह कारनामा अंतरर-ाष्ट्रीय टेस्ट, वनडे और टी-20 मिलाकर 535वें मैच की 594वीं पारी में पूरा किया। अभी तक यह रिकार्ड भारत के मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के नाम था। उन्होंने 623 पारियों में सबसे तेज 27,000 रन बनाने का रिकार्ड बनाया था।

### इनके नाम भी दर्ज है ये रिकॉर्ड

27,000 तेज रन पूरे करने का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा और आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के भी नाम है। कुमार संगकारा ने 648वीं पारी में और रिकी पोंटिंग में 650वीं पारी में 27,000 रन बनाए हैं।

# जायसवाल के अर्धशतक से भारत की आक्रामक शुरूआत

**कानपुर (भाषा )** यशस्वी जायसवाल के आक्रामक अर्धशतक की मदद से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को चाय तक दो विकेट पर 138 रन बना लिये । जायसवाल ने 52 गेंद में 71 रन बनाये । भारत ने प्रति ओवर आठ से ऊपर की दर से रन बनाये । भारतीय टीम अब बांग्लादेश से 95 रन पीछे है जिसने पहली पारी में मोमिनुल हक के शतक की मदद से 233 रन बनाये । दो दिन खराब मौसम के बाद कानपुर में आज धूप खिली । दूसरे और तीसरे दिन कोई खेल नहीं हो सका था । बांग्लादेश के शीर्षक्रम के बल्लेबाज मोमिनुल ने 13वां शतक पूरा किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से मदद नहीं मिल सकी । भारत ने टी20 के तेवरों के साथ बल्लेबाजी की । जायसवाल ने पहले ही ओवर में तेज गेंदबाज हसन महमूद को तीन चौके



जड़े । रोहित ने खालिद अहमद को दो छक्के लगाये जिनमें से एक पर गेंद स्टेडियम की छत पर जा गिरी ।

भारत ने पचास रन तीसरे ओवर में ही पूरे कर लिये । तेज गेंदबाजों को नाकाम होता देख बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने स्पिनर मेहदी हसन मिराज को गेंद सौंपी जिन्होंने रोहित का कीमती विकेट लिया । जायसवाल ने बायें हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया । उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के लगाये । उन्होंने दूसरे विकेट के लिये शुभमन गिल (नाबाद 37 ) के साथ 72 रन जोड़े । गिल और ऋषभ पंत ( चार ) क्रीज पर हैं ।

इससे पहले भारत के लिये तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तीन जबकि मोहम्मद सिराज , आकाश दीप और आर अश्विन ने दो दो विकेट लिये । रविंद्र जडेजा 300 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए जब उन्होंने खालिद महमूद का विकेट लिया । वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए । पहले दिन के स्कोर तीन विकेट पर 107 रन से आगे खेलते हुए बांग्लादेश ने मुशफिकुर रहीम (11) का विकेट छठे ओवर में गंवाया जिन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया ।

नये बल्लेबाज लिटन दास (13) ने बुमराह को चौका लगाकर आत्मविश्वास के साथ आगाज किया । इस बीच मोहम्मद सिराज की गेंद पर कैच की अपील से मोमिनुल को जीवनदान भी मिला । डीआरएस में पता चला के यशस्वी जायसवाल के हाथ में जाने से पहले गेंद ने बल्ला या दस्तानों को नहीं छुआ था । अगली गेंद पर मोमिनुल ने स्क्वेयर लेग में चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया ।

दास को सिराज ने आउट किया जिनका शानदार कैच मिडआफ पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने लपका । कैच इतना जबर्दस्त था कि दास भी आश्चर्य से देखते रह गए ।

### चौथे दिन का स्कोर

**भारत पहली पारी**

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | बो महमूद 72 |
| रोहित शर्मा | बो मेहदी हसन 23 |
| शुभमन गिल | का महमूद बो शाकिब 39 |
| ऋषभ पंत | का महमूद बो शाकिब 9 |
| विराट कोहली | बो शाकिब 47 |
| केएल राहुल | स्ट लिटन बो मेहदी हसन 68 |
| रविंद्र जडेजा | का शंटो बो मेहदी हसन 8 |
| रविचंद्रन अश्विन | बो शाकिब 1 |
| आकाश दीप का | महमूद बो मेहदी हसन 12 |
| जसप्रीत बुमराह | नाबाद 1 |
| अतिरिक्त : | पांच रन |
| कुल योग : | 34 . 4 ओवर में नौ विकेट पर 285 रन ( घोषित ) |
| विकेट पतन : | 1/55 2/127 3/141 4/159 5/246 6/269 7/272 8/284 9/285 |

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| महमूद | 6 . 0 . 66 . 1 |
| अहमद | 4 . 0 . 43 . 0 |
| मेहदी हसन | 6.4 . 0 . 41 . 4 |
| इस्लाम | 7 . 0 . 54 . 0 |
| शाकिब | 11 . 0 . 78 . 4 |

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले कोहली चौथे बल्लेबाज बने

**कानपुर (भाषा)** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गये।

इस टेस्ट मैच के शुरूआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाये है।

इस सूची में दूसरे स्थान पर श्रीलंका के कुमार संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर



ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है।

कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 4,188 रन बनाये है। उन्होंने इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गये टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### ओलंपिक पदक विजेताओं का सम्मान नहीं करने के लिए उषा ने समिति के सदस्यों को लताड़ा

**नयी दिल्ली (भाषा)** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि यह ह्यबेहद चिंताजनकह्न है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे । उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों की भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए निर्धारित कोष को जारी करने से रोकने का आरोप लगाया। युवा निशानेबाज मनु भाकर के दो ऐतिहासिक कांस्य पदक सहित भारत ने पेरिस खेलों में छह पदक जीते लेकिन उषा ने कहा कि कार्यकारी समिति उनकी सफलता का जश्न नहीं मनाना चाहती और इससे वह बेहद दुखी हैं। उषा ने बयान में कहा, इन खिलाड़ियों ने देश को गौरवांवित किया है और यह आईओए की जिम्मेदारी है कि वे उस सम्मान के साथ उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाएं जिसके वे हकदार हैं। यह बेहद चिंताजनक है कि अगस्त के मध्य में स्वदेश लौटने के बावजूद कार्यकारी समिति इस बारे में चर्चा करने या औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित करने की दिशा में कदम उठाने में नाकाम रही है। उन्होंने खुलासा किया कि ओलंपिक के लिए जाने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को दो लाख रुपये और प्रत्येक कोच को एक लाख रुपये का तैयारी अनुदान देने के प्रस्ताव को वित्त समिति, विशेषकर आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने रोक दिया। उषा ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि इस अनुदान से हमारे खिलाड़ियों और उनके कोचों को ओलंपिक खेलों से पहले के महत्वपूर्ण दौर में वह सहायता मिल जाती जिसकी उन्हें आवश्यकता थी। उन्होंने कहा, इस कोष को वितरित करने से इनकार करना खिलाड़ियों की आवश्यकताओं की समझ की कमी को दर्शाता है।

## ग्रीन पार्क में तंबाकू से संबंधित ब्रांड के विज्ञापनों में काफी कमी आई

**कानपुर (भाषा)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान ग्रीन पार्क स्टेडियम के अंदर गुटखा जैसे धूम्ररहित तंबाकू उत्पादों का अप्रत्यक्ष विज्ञापन कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि कानपुर पान मसाला के उत्पादन और व्यापार के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने भारत और बांग्लादेश के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट के दौरान लोकप्रिय तंबाकू ब्रांड को दिए जाने वाले विज्ञापन स्थान में काफी कमी की है। शिखर और शुद्ध प्लस जैसे ब्रांड के बिलबोर्ड यहां आम हैं जबकि सीमा रेखा पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड पर विमल और राज निवास चमकते रहते हैं। हालांकि पिछले दिनों की तुलना में इस बार ऐसे ब्रांड को कम जगह दी गई है। यह केवल प्रेस बॉक्स के दोनों ओर दर्शकों के स्टैंड पर दिखाई देता है जबकि अन्य दीघाओं में टायर और खाद्य मसालों जैसे विभिन्न उत्पादों के विज्ञापन हैं।

ग्रीन पार्क में पहले दिख चुके कई पान मसाला ब्रांड इस बार गायब हैं लेकिन उनमें से चार के विज्ञापन अब भी यहां नजर आ रहे हैं।

हालांकि यूपीसीए अधिकारियों ने कहा कि ये ब्रांड केवल माउथ फ्रेशनर का प्रचार कर रहे हैं, पान मसाले का नहीं।

आयोजन स्थल के निदेशक संजय कपूर ने पीटीआई से कहा, वे अब पान मसाले का प्रचार नहीं कर रहे हैं, वे इलायची का प्रचार कर रहे हैं। कपूर को बताया गया कि इलाइची शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है तो क्या यह सरोगेट विज्ञापन नहीं होगा?

## चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार को करना है : बीसीसीआई

**कानपुर (भाषा)** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है।

पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टूनार्मेंट की मेजबानी करने वाला है। शुक्ला ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा, अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय



करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे।

मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूनार्मेंटों में होता है।

पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था।

बीसीसीआई आईसीसी से टूनार्मेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है।

एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूनार्मेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) हालांकि चैम्पियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है। पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी हसल अली ने भी हाल ही कहा था कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करता है, तो टूनार्मेंट को उनके बिना ही आयोजित करना चाहिए।

आईसीसी अपनी ओर साफ कर चुका है कि वह किसी सदस्य बोर्ड को सरकार की नीति के खिलाफ जाने के लिए मजबूर नहीं करेगा।

## रक्षा कंदासामी ने क्रोएशिया और बेल्जियम में खिताब जीते



**मुंबई (भाषा)** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूनार्मेंट खिताब जीते।

सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूनार्मेंटों में अपराजेय रही । उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21 . 9, 21 . 5 से हराया । इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोव को 21 . 14, 10 . 21, 22 . 20 से मात दी ।

## न्यूज ब्रीफ

### सोनी इंडिया को प्रीमियम टीवी खंड में उच्च वृद्धि जारी रहने की उम्मीद

**हैदराबाद (भाषा)** दिग्गज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सोनी इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और उसे उम्मीद है कि प्रीमियम टीवी एवं उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की तरफ झुकाव बढ़ने से यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। सोनी इंडिया के प्रबंध निदेशक सुनील नय्यर ने सोमवार को पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह संभावना जताई। हालांकि उन्होंने कहा कि उच्च आधार प्रभाव की वजह से चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर में नरमी देखी जा सकती है।

सोनी इंडिया दक्षिणी भारत में ओणम के दौरान बिक्री में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि से काफी उत्साहित है और उसे दुर्गा पूजा से शुरू होने वाले त्योहारों में देश के बाकी हिस्सों में भी इसी तरह की वृद्धि की उम्मीद है। नैयर ने कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि दिवाली पर काफी अच्छी बिक्री होगी। उम्मीद है कि इस बार हमें दहाई अंकों की वृद्धि मिलेगी।

उन्होंने कहा कि 55 इंच और उससे अधिक स्क्रीन आकार वाले प्रीमियम टेलीविजन खंड में कंपनी की लगभग 35 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है और वह आगे भी अपना प्रभुत्व बनाए रखेगी। सोनी इंडिया का दावा है कि 85 इंच, 75 इंच और 65 इंच टीवी स्क्रीन श्रेणियों में उसके पास क्रमश: 49 प्रतिशत, 45 प्रतिशत और 36 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है।

कंपनी ने प्रीमियम टीवी सेट खंड में सोमवार को ब्राविया 9, 8,7 और 3 सीरीज के उत्पाद पेश किए। उसे उम्मीद है कि प्रीमियम टेलीविजन खंड के साथ ऑडियो और इमेजिंग उत्पाद भारत में उसकी वृद्धि को रफ्तार देने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में हम अच्छी वृद्धि की राह पर रहे। पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर करीब 21 प्रतिशत थी और यह आगे भी जारी है। यह वृद्धि हमारे लिए बहुत उत्साहजनक है क्योंकि यह उद्योग की वृद्धि से अधिक है।

## 'निवेशक सम्मेलन के लिए 12.5 लाख करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर'




**नयी दिल्ली (भाषा)** जयपुर में दिसंबर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' निवेशक शिखर सम्मेलन से पहले मुंबई और दिल्ली में उद्योग के साथ बैठकों के दौरान 12.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने यहां दिल्ली में बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "मुंबई में (अगस्त में) बैठकों के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, वाहन कलपुर्जे और बैटरी भंडारण सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए 4.5 लाख करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।" शर्मा ने कहा कि इससे राजस्थान में सात लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में निवेश के काफी अवसर हैं और नीतियां निवेश के लिए अनुकूल हैं। शर्मा ने कहा कि कुल मिलाकर 12.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव (दिल्ली और मुंबई) मिल चुके हैं।

## एयरटेल ने 2016 में मिले स्पेक्ट्रम के लिए 8,465 करोड़ रुपये का भुगतान किया

**नयी दिल्ली (भाषा)** दूरसंचार परिचालक भारती एयरटेल ने सोमवार को कहा कि उसने 2016 में हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के बदले सरकार को 8,465 करोड़ रुपये का पूर्व भुगतान किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन देनदारियों पर 9.3 प्रतिशत की ब्याज दर है।

बयान में कहा गया है कि भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने 2016 में हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के बदले दूरसंचार विभाग (भारत सरकार) को 8,465 करोड़ रुपये का पूर्व भुगतान किया है।

# सोलेक्स एनर्जी 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, 24,000 से अधिक लोगों को देगी नौकरी

**नयी दिल्ली (भाषा)** सौर मॉड्यूल बनाने वाली घरेलू कंपनी सोलेक्स एनर्जी ने विनिर्माण क्षमता बढ़ाने और सौर सेल विनिर्माण के क्षेत्र में कदम रखने के लिए वर्ष 2030 तक 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की सोमवार को घोषणा की। साथ ही कंपनी 24,000 से अधिक लोगों को रोजगार भी देगी।

गुजरात की कंपनी सोलेक्स एनर्जी ने अपनी विस्तार योजना के तहत 2030 तक मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता मौजूदा 1.5 गीगावाट से बढ़ाकर 15 गीगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ कंपनी ने दो गीगावाट की शुरूआती क्षमता के साथ सौर सेल बनाने का कारखाना लगाने की भी योजना बनायी है।

सोलेक्स एनर्जी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक चेतन शाह ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम विजन 2030 के तहत मॉड्यूल




विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर 15 गीगावाट करने और सौर सेल बनाने के क्षेत्र में कदम रखने के लिए 2030 तक 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। इस विस्तार योजना के तहत 24,000 से अधिक लोगों को रोजगार दिये जाएंगे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अभी कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 600 से अधिक है। हम इसे बढ़ाकर 2025 मार्च तक 1,000 और 2030 तक 25,000 करेंगे। शाह ने कहा कि सौर क्षेत्र में प्रशिक्षित कार्यबल की जरूरत को देखते हुए कंपनी स्थानीय लोगों को हुनरमंद बनाने पर जोर देगी।

निवेश राशि के स्रोत के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा, यह राशि कर्ज और इक्विटी के जरिये जुटायी जाएगी। इसमें इक्विटी हिस्सेदारी ज्यादा होगी। हम संयुक्त उद्यम के जरिये भी पूंजी जुटा सकते हैं। कोष जुटाने को लेकर हमारी बातचीत जारी है और इस बारे में जल्द ही घोषणा की जाएगी।

गुजरात की कंपनी ने इस मौके पर आयताकार सेल-आधारित सौर मॉड्यूल (पैनल) भी पेश किया। कंपनी का दावा है कि यह ह्यएन टाइप टॉपकॉन प्रौद्योगिकी पर आधारित देश का पहला आयताकार सेल आधारित सौर मॉड्यूल है। कंपनी इसे तापी-आर ब्रांड के तहत बेचेगी।

कंपनी के अनुसार एन टाइप टॉपकॉन प्रौद्योगिकी पर आधारित आयताकार सौर पैनल काफी दक्ष होते हैं और यह लंबे समय तक चलता है। परंपरागत पैनल के मुकाबले सात प्रतिशत अधिक बिजली सृजित करता है।

कंपनी का गुजरात के सूरत में सौर मॉड्यूल बनाने का बड़ा कारखाना है।

## भारत का सतत उपभोक्ता सामान बाजार 2027 तक दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा : सीआईआई

**नयी दिल्ली (भाषा)** उद्योग मंडल सीआईआई ने सोमवार को कहा कि भारत का सतत उपभोक्ता सामान बाजार वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और 2027 तक यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा।

उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सतत वस्तुओं पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन बी. त्यागराजन ने कहा कि हालांकि देश के उत्पाद वैश्विक विश्वसनीयता की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन एक मजबूत परिवेश का निर्माण करना और क्षेत्र में मानकीकरण को अपनाना तथा वैश्विक स्तर पर भारतीय मानकों को पहुंचाना भी जरूरी है।

सीआईआई कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स एंड ड्यूरेबल्स समिट 2024 में त्यागराजन ने कहा कि अगले दशक में इस क्षेत्र में मूल्य श्रृंखला में कई अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है। त्यागराजन ब्लू स्टार लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक भी हैं।

उन्होंने कहा, तैयार माल के साथ-साथ स्वदेशी घटक परिवेश के विकास से लेकर घरेलू स्तर पर सही तरीके से ध्यान देने तक, भारत के वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनने की संभावनाएं काफी प्रबल हैं।

त्यागराजन ने कहा, भारत पहले से ही दुनिया में उपभोक्ता सतत वस्तुओं के लिए सबसे तेजी से बढ़ता प्रमुख बाजार है और 2027 तक इसके चौथा सबसे बड़ा बाजार बनने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2029-30 तक बाजार का अनुमानित आकार पांच लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भारत को आत्मनिर्भर तथा प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत वैश्विक खिलाड़ी बनाने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सहित विभिन्न पहलों के जरिये इस क्षेत्र को सरकार से मिल रहे समर्थन की सराहना भी की।

त्यागराजन ने कहा, हम जो गति देख रहे हैं, वह स्पष्ट संकेत है कि भारत वैश्विक विनिर्माण मंच के एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। हम देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 25 प्रतिशत योगदान करने के विनिर्माण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और 8.5 लाख से अधिक नौकरियों के सृजन के साथ प्रगति निर्विवाद है। मिसाल के तौर पर एयर कंडीशनिंग क्षेत्र के 2040 तक दुनिया में सबसे बड़ा बनने की उम्मीद है। गुणवत्ता के मोर्चे पर उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पाद वैश्विक विश्वसनीयता की ओर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा, गुणवत्ता परिवेश को मजबूत करने से उत्पादों में उपभोक्ता का विश्वास बढ़ता है, इसलिए एक मजबूत गुणवत्ता परिवेश का निर्माण करना और क्षेत्र में मानकीकरण को अपनाना तथा प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार की परिकल्पना के तहत वैश्विक स्तर पर भारतीय मानकों का पहुंचाना भी अनिवार्य है। त्यागराजन ने कहा, वैश्विक स्तर पर भारतीय मानकों को अपनाकर और बढ़ावा देकर हम अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे उत्पाद दुनिया भर के उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं पर खरे उतरें।

उन्होंने कहा, हालांकि हमने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है। साथ ही नवाचार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

## सरकार ने आयकर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख सात अक्टूबर तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली (भाषा)** आयकर विभाग ने 2023-24 के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख सात दिन बढ़ाकर सात अक्टूबर




कर दी है। आयकर विभाग ने एक परिपत्र में कहा, आयकर अधिनियम के तहत विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक दाखिल करने में करदाताओं के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर की जा रही है। लेखा एवं परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि कर ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल करने में आ रही तकनीकी समस्याओं के कारण सरकार को समयसीमा को सात दिन और बढ़ाने का फैसला लेना पड़ा।

## एजीसीओ ने भारत के टैफे के साथ मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड समझौता खत्म किया

**नयी दिल्ली (भाषा)** अमेरिकी कृषि उपकरण विनिमार्ता एजीसीओ कॉरपोरेशन ने सोमवार को कहा कि उसने भारतीय ट्रैक्टर विनिमार्ता ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे) के साथ किए गए समझौतों को तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिया है। इन समझौतों में मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड लाइसेंस समझौता, भारत, नेपाल और भूटान के लिए वितरक समझौता और भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और भूटान के लिए बौद्धिक संपदा लाइसेंस समझौता शामिल हैं। एजीसीओ ने एक बयान में कहा कि टैफे की 'अनुचित और अनधिकृत कार्रवाइयों' ने विभिन्न समझौतों का उल्लंघन किया है, जो कथित तौर पर इन समझौतों को खत्म करने की वजह बनीं।

अमेरिका स्थित कंपनी ने मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड के उपयोग के संबंध में भारत में टैफे के खिलाफ कानूनी



कार्यवाही भी शुरू की है।

ऐसे में टैफे अब उक्त बाजारों में एजीसीओ के मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड या उत्पादों का इस्तेमाल, वितरण या बिक्री करने के लिए अधिकृत नहीं है। इन कार्रवाइयों के बावजूद एजीसीओ ने भारतीय बाजार के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि भारत कृषि के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है।



कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को राहत कार्यों के संचालन में पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.

नई दिल्ली, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर





दयाशंकर सिंह का लाडवा विधानसभा के लाडवा मंडल कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता बंधुओं के साथ रहना हुआ।




# गांधी जयंती से होगा विजय महोत्सव 2024 का आगाज



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** श्री रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा द्वारा साइट-4 पर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित प्रेस वार्ता में विजय महोत्सव 2024 कार्यक्रम की तैयारी व कार्यक्रम से अवगत कराया कमेटी के अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष 2 अक्टूबर गांधी जयंती से विजय महोत्सव 2024 कार्यक्रम की शुरुआत होगी जो की 13 अक्टूबर तक चलेगा उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को क्षेत्र के 18 स्कूलों में 10 अकादमी के 700 से अधिक बच्चे भक्ति व देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**साइट -4 सेंट्रल पार्क में रामलीला मंचन की तैयारियां जोरों पर**

कार्यक्रम को तीन श्रेणी में बांटा गया है भक्ति देश भक्ति व अकादमी और तीनों ही श्रेणी में प्रथम, द्वितीय, व तृतीय पुरस्कार वितरित किए जाएंगे महासचिव विजेंद्र सिंह आर्य ने बताया इस वर्ष रामलीला मंचन के साथ-साथ क्षेत्र के इतिहास पर आधारित कार्यक्रम 'हिंडन की रफ्तार' 3 अक्टूबर को किया जाएगा जिसमें दर्शकों को हमारे क्षेत्र के इतिहास से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग ने बताया कि 4 अक्टूबर से रामलीला मंचन का शुभारंभ होगा मैं 12 अक्टूबर को रामायण कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का अध्ययन वह रंगीन आतिशबाजी से दशहरा पर मनाया जाएगा 13 अक्टूबर को भारत मिलाप श्री राम राज्याभिषेक की सुंदर लीलाओं का मंचन होगा संयुक्त सचिव सौरभ बंसल ने बताया कि रामलीला मंचन के साथ-साथ दर्शकों के मनोरंजन के लिए विशाल झूले आकर्षक मिला वह फूड काउंटर की व्यवस्था भी की गई है कार्यक्रम में आने वाले दर्शकों रामलीला के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मशक्ति करने के साथ-साथ परिजनों सहित स्वादिष्ट भोजन व मनोरंजन के लिए लगाए जा रहे झूठों का आनंद व स्टालों से खरीदारी का भी आनंद ले सकेंगे मीडिया प्रभारी विनोद कसने ने बताया कि कार्यक्रम में दर्शकों को सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे सिक्योरिटी गाड्र्स का प्रबंध कमेटी द्वारा किया जा रहा है दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था की जा रही है तथा विश्व विख्यात मूर्तिकार राम सुथार जी के द्वारा बनाई गई मूर्तियों से सुसज्जित आर्ट गैलरी का निर्माण भी किया जा रहा है जिन्हें देखकर दर्शकों को आनंद की अनुभूति होगी।

इस अवसर पर सरदार मंजीत सिंह विजेंद्र सिंह आर्य मनोज गर्ग सौरभ बंसल विनोद कसाना हरेंद्र भाटी, के. के. शर्मा, मनोज यादव ,अमित गोयल ,कुलदीप शर्मा, विकास भाटी ,सुनील प्रधान, चाचा हिंदुस्तानी विशाल जैन, सुरेंद्र तायल, सुरेश गर्ग आदि मौजूद रहे

# फाउंडेशन "इंडिया" शब्द को हटाने के लिए मुंबई से शुरुआत करें मेरा पूरा सहयोग रहेगा : घेवर चन्द्र बोहरा

## जनता की आवाज फाउंडेशन के दिल्ली एनसीआर के अध्यक्ष नवरत्न अग्रवाल ने शपथ ग्रहण की








नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गुरुग्राम हरियाणा,दिनांक 29 सितंबर 2024 को जनता की आवाज फाउंडेशन की दिल्ली शाखा का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुंदर बोथरा जी के द्वारा मनोनीत करने के साथ एवं मार्गदर्शन में हुआ।

श्री नवरत्न अग्रवाल बीकानेर वालों की अध्यक्षता में उनकी टीम ने शपथ ली कि वह भारत को भारत कहने की तथा जनजागरण अभियान चलाने के लिए औरों को भी प्रेरित करने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई के जाने-माने उद्योगपति घेवर चंद बोहरा( स्टील कींग के नाम से प्रसिद्ध )समाज सेवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

श्री घेवर चन्द्र बोहरा ने कहा , आज देश में अंग्रेजी शब्द इंडिया को हटाने के लिए एक सही और दूरगामी परिणामों की इच्छा शक्ति के साथ आंदोलन को चलाने की जरूरत है सभी देश के कोने-कोने में इसकी आवाज जानी चाहिए तथा सेमिनार और बैठकों तथा जन जागरण के द्वारा इंडिया की जगह भारत लिखा जाए ऐसा एक आंदोलन शिक्षा संस्थान ऑन से लेकर कारपोरेट जगत तथा सरकार को जागृत करने के लिए राजनेताओं एवं संविधान के जानकारो के साथ संस्था का संपर्क होना चाहिए श्री घेवरचंद ने कहा कि आप लोग मुंबई में आकर कार्यक्रम करिए हम पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन करेंगे।इंदर चंद जी बैद ने संस्था की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दी तथा विपिन गुप्ता संस्थापक नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह राष्ट्रीय मार्ग दर्शक जनता की आवाज फाउंडेशन ने अपने विचारों में खोजपूर्ण शब्दों में कहा कि यह संवैधानिक मसाला है और हमें इसके लिए राजनीतिक शिक्षा शक्ति के साथ अगले वर्ष 9 अगस्त 1942 के आंदोलन को याद करते हुए 9 अगस्त 2025 को मुंबई से इसकी शुरुआत करनी चाहिए जहां गांधी जी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की थी वही हमको इंडिया हटाओ आंदोलन की शुरुआत करनी होगी, गौरव गुप्ता, जय सिंह कटारिया, वेद प्रकाश आर्या, गोपेन्द्र नाथ भट्ट जैस कई गणमान्य व्यक्तित्व संस्था के अध्यक्ष श्री सुंदर बोथरा जी के अनुरोध पर उपस्थित हुए।

बोथरा जी ने सबको शपथ दिलवाई। राष्ट्रीय महामन्त्री कृष्ण नरेड़ा ने कार्यक्रम का संचालन किया। नवरत्न जी, बोथरा जी बोहरा जी,इंदर चंद जी,विपिन गुप्ता जी, मिश्रा जी, ने संबोधित किया। कृष्ण नरेड़ा ने उद्धेश्य समझाया। गौरव गुप्ता जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ।

# हिंदी को दिल से अपना मानो: कर्नल विनोद कुमार पीएमजी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कर्नल विनोद कुमार पोस्टमास्टर जनरल वाराणसी ने हिंदी पखवाड़े केअंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी में हिंदी कार्यशाला का आयोजन और अध्यक्षता की। एमएम हुसैन सहायकनिदेशक ने सभी स्टाफ सदस्यों की ओर से अतिथि वक्ता प्रोफेसर विनय कुमार सिंह, हिंदी विभाग, काशी हिन्दूविश्वविद्यालय और पीठासीन अधिकारी कर्नल विनोद कुमार का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि प्रो. विनय कुमार सिंह ने हिंदी की महत्ता को बताते हुए कहा कि हम हिंदी भाषा केमहत्त्व को तभी समझ पायेंगे जब हम इसे अपने से जोड़ पायेंगे ह्न हिंदी धर्म की भाषा है, हिंदी मर्म की भाषा है,हिंदी कर्म की भाषा है, हिंदी अपनेपन की भाषा हैह्न हिंदी हमारी मातृभाषा है और मातृभाषा का बढ़ना, समाजका बढ़ना हैह्न आगे उन्होंने कहा कि हमें अन्य का भाषाओं का ज्ञान होना अच्छी बात है लेकिन हिंदी पर हमेंअभिमान होना चाहिए ह्नप्रोफेसर विनय ने हमारे देश में हिंदी की आवश्यकता को समझाते हुए कहा कि पूरी चीनी आबादीमंदारिन बोलती है और इसमें गर्व महसूस करती है, इसका मतलब है कि जब सीखने की बात हो तो मातृभाषापहली पसंद होनी चाहिए।

कर्नल विनोद ने यह भी कहा कि रूसी अपनी भाषा बोलते हैं और जर्मन अपनीभाषा विकसित करते हैं और अपनी प्रगति के लिए पूरी तरह से काम करते हैं. प्रोफेसर विनय ने आगे कहा किअपनी मातृभाषा में शिक्षा के महत्व को विधिवत मान्यता दी गई है और नई शिक्षा नीति में भी शामिल कियागया है. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान गांधी जी, जो स्वयं एक गुजराती थे, ने हिंदी की वकालतकी और उसी समय बाल ग्नगाधर तिलक, जो एक मराठी थे, ने भी राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी पर जोर दिया।कर्नल विनोद कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी है, हम हिंदी के हैह्न हिंदी भाषा को समझने के लिए,इसके प्रचार-प्रसार और समृद्धि के लिए, बोलचाल के लिए, कार्यालयी कामकाज के लिए हिंदी को दिल सेअपना मानो । हिंदी का राजदूत बनें और हिंदी पर गर्व करें ह्न उन्होंने अपना




अनुभव साझा करते हुए बताया किवह भारत के पूर्वी छोर अरुणाचल प्रदेश से पश्चिमी छोर गुजरात, उत्तरी जम्मू कश्मीर से दक्षिणी छोर केरलतक के कार्यकाल के दौरान यह पाया कि सभी भाषाओँ में हिंदी सबसे अधिक समन्वय की भाषा रहीह्नकर्नल विनोद कुमार ने समस्त लोगों से अपील करते हुए कहा कि भारत की सामाजिक, राजनीतिकऔर आर्थिक हकीकत को समझने के लिए महान लेखक प्रेमचंद की किताबें जरूर पढ़नी चाहिए, भले ही आपकिसी परीक्षा में शामिल नहीं होने जा रहे हों। हिंदी की अधिक से अधिक किताबें पढ़े और इसके प्रचार-प्रसार मेंअपना बहुमूल्य योगदान देंह्नसुश्री पल्लवी मिश्रा सहायक डाक अधीक्षक ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है किहम हिंदी भाषी क्षेत्र से हैं और हमारा कर्मक्षेत्र भी हिंदी हैह्न ऐसे में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम हिंदी कोसमृद्ध करने के लिए आगे बढ़कर कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन अजिता ने कियाह्न इस अवसर पर सहायकनिदेशक एम.एम. हुसैन, लेखाधिकारी प्लाबन नस्कर, सहायक लेखाधिकारी दीपक कुमार, डाक निरीक्षकअनिकेत रंजन, राकेश कुमार, श्रीप्रकाश गुप्ता, मनीष कुमार सहित क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त डाककर्मी उपस्थित रहे।

# वरुण ब्यूरेजेज के शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र के लोकार्पण




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा), गोरखपुर में उत्तर प्रदेश के माननीय यशस्वी एवं कर्मयोगी मुख्यमंत्री परम आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामामयी उपस्थिति में वरुण ब्यूरेजेज के शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र के लोकार्पण समारोह में सम्मिलित हुए।

जिसके उद्घाटन के साथ ही गोरखपुर के विकास की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण माइल स्टोन जुड़ गया है। मंत्री नन्दी जी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पिछले 7 वर्षों के दौरान न केवल प्रदेश बदला है बल्कि परिवेश भी बदला है। आज उत्तर प्रदेश देश-दुनिया में नई पहचान के साथ खड़ा है। एक सशक्त, समृद्ध और गतिशील उत्तर प्रदेश।

# मेरी दो दिव्यांग बेटियां हैं... हैंडबुक लॉन्च करते हुए CJI चंद्रचूड़ बोले- उनकी चुनौतियां हमसे ज्यादा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली:** बाल संरक्षण पर 9वें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि दिव्यांग लोगों की चुनौतियां शारीरिक से कहीं ज्यादा हैं। सीजेआई डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को एक नई हैंडबुक लॉन्च की। इस बुक में ऐसे शब्दों की लिस्ट है जो विकलांगता के बारे में रूढ़िवादी धारणाओं को बढ़ावा देते हैं। इन शब्दों का इस्तेमाल कानूनी दस्तावेजों, आदेशों और फैसलों में नहीं किया जाना चाहिए। इसके बजाय, सम्मानजनक भाषा का उपयोग करने के लिए वैकल्पिक शब्द सुझाए गए हैं।

चीफ जस्टिस द्वारा शनिवार को लॉन्च की गई विकलांग व्यक्तियों से संबंधित हैंडबुक में अपंग, बेवकूफ, पागल, नशेड़ी और मंदबुद्धि जैसे आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल के



खिलाफ सलाह दी गई है। कुछ अन्य विवरण जिनका उपयोग PwD का जिक्र करते समय करने से बचना चाहिए उनमें कमजोर, अविकसित, अयोग्य, असहाय, अपंग, दोषपूर्ण, विकृत,लंगड़ा, अपंग शामिल हैं।

CJI ने कहा कि हैंडबुक का उद्देश्य न केवल कानूनी समुदाय बल्कि समाज को भी विकलांगता का जिक्र करते समय समावेशी शब्दावली का उपयोग करने में सहायता और संवेदनशील बनाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि पुलिस स्टेशनों से लेकर अदालतों तक, न्याय प्रणाली विकलांग बच्चों की भेद्यता को समझे और उस पर उचित प्रतिक्रिया दे।

मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले व्यक्तियों का जिक्र करते समय, जिन शब्दों से बचना चाहिए उनमें पागल, सनकी, मूर्ख, पागल, सनकी, पागल, सनकी केस, बेवकूफ शामिल हैं।CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को समझना चाहिए। मेरी दो दिव्यांग बेटियां है, जिन्होंने मेरा दुनिया देखने का नजरिया ही बदल दिया है।

इसके अलावा 'विकलांग व्यक्ति' का उपयोग करने के बजाय हैंडबुक 'विकलांगता वाले व्यक्ति' वाक्यांश का उपयोग करने की सिफारिश करता है क्योंकि यह लोगों को पहले दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसमें यह भी बताया गया है कि कुछ शब्द जैसे दृढ़ संकल्प वाले लोग, विशेष और अलग तरह से सक्षम को भी कृपालु और आपत्तिजनक माना जाता है। इसके साथ ही ये भी सिफारिश की गई है कि जब भी संभव हो और संदेह हो, तो संबंधित व्यक्ति से पूछें कि वे खुद को कहलवाना पसंद करेंगे।

# अपराधियों का संरक्षण व उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही का विरोध बंद नहीं किया तो देश, प्रदेश का उद्यमी आन्दोलन को बाध्य होगा : रविकांत गर्ग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

देश प्रदेश के राजनेताओं ने वोटों के लिए अपराधियों का संरक्षणऔर उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही का विरोध किया जाना बंद नहीं किया तो देश, प्रदेश का करोड़ों उद्यमी, व्यापार तीव्र आन्दोलन को बाध्य होगा, तथा ऐसे राजनेताओं और पार्टियों को जनता के बीच बेनकाब करेगा।

उक्त तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविकांत गर्ग ने बताया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी सरकार द्वारा प्रदेश की प्रगति और विकास के हित एवम प्रदेश की शांति व्यवस्था तथा व्यापारियों एवं आम जनमानस की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाने तथा विगत में घटित गंभीर घटनाओं के दोषी कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न जनपदों की पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई किए जाने पर



अपराधियों द्वारा दुस्साहसिक रूप से पुलिस बल पर भी हमले किए जाने के पश्चात मुठभेड़ में मारे जाने अथवा घायल हो जाने की घटनाओं को (पूर्व से ही अपराधियों को संरक्षण प्रदान करने वाले इतिहास के साक्षी) कथित राजनेतायों तथा राजनीतिक दलों के मुखियाओं द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की गई दंडात्मक पुलिस कार्रवाई को भी फर्जी तथा जातिगत विद्वेष का रूप दिए जाने के कारण अपराधियों के हौंसले बुलंद होने की आशंका से देश प्रदेश की शांति व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।

देश के वरिष्ठ व्यापारी नेता श्री रविकांत गर्ग ने राजनीतिक नेताओं और पार्टियों को कड़ी चेतावनी दी है कि उनके द्वारा अपराधी तत्वों को संरक्षण प्रदान किया जाना तथा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने को साजिश अथवा फर्जी मुठभेड़ बताया जाना जारी रहा तो व्यापारी समाज और संगठन ऐसे तत्वों के विरुद्ध आंदोलनत्मक कड़े कदम उठाने ऐसे सभी राजनेताओं के घिनौने चेहरों को बेनकाब करने को बाध्य होगा।

उपरोक्त संदर्भ में श्री गर्ग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट कर गुंडा ,अपराधी और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अभियान को प्रदेश के 3 करोड़ छोटे बड़े उद्यमी, व्यवसाई ,कारोबारी, व्यापारियों की ओर से पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हुए अपराधी विरोधी अभियान को और तेज करने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री जगदीश बेरीवाल , लघु उद्योग निगम के उपाध्यक्ष एवं मंडल के प्रदेश चेयरमैन श्री नटवर गोयल ,राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव और उत्तर प्रदेश महिला चेयरपर्सन डॉ. मिथलेश अग्रवाल भी मौजूद थी।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।